


राष्ट्रीय दैनिक हिन्दी/अंग्रेजी

# समाचार निर्देश

नई दिल्ली से प्रकाशित



www.samacharnirdesh.in | 9654140328 | Google app | Email: smacharnirdesh@gmail.com RNI.NO.DELBIL/2011/43227

वर्ष 11 | अंक 402 | नई दिल्ली | रविवार, 13 फरवरी, 2022 | मुल्य :-3/- | वार्षिक शुल्क 1100/- | पृष्ठ :-16


## जहरीली शराबकांड की मास्टर माईंड सुनीता मैडम सहित 19 शराब माफियाओं के घर चले बुल्डोजर

**समाचार निर्देश / बिहार संपादक मुकेश कुमार सिंह**

**पटना (बिहार) :** बिहार में किसी भी तरीके से शराबबन्दी को सफल बनाने की भगीरथ जिद पालने वाले सीएम नीतीश कुमार की सख्ती का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। बहुत कम समय में ही, शराब के अवैध कारोबार करने वालों कारोबारियों के घरों पर बुल्डोजर चला कर, उसे जमीनदोज किया जा चुका है। बिहार के नालंदा जिले में 19 शराब माफियाओं के घरों पर बुल्डोजर चलाया गया है। यहाँ यह बताना लाजिमी है कि नालंदा जिले के सोहसराय थाना क्षेत्र के पहड़तल्ली में शराब माफिया के घरों को शनिवार को जेसबी लगा कर बुल्डोज किया गया। गौरतलब है कि कि इस इलाके में बीते 16 जनवरी को जहरीली शराब से 13 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद जिला प्रशासन ने अवैध शराब के 19 कारोबारियों को चिन्हित किया था। जिला प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में इन 19 घरों को तोड़ा गया। जिला प्रशासन ने शराबकांड मामले में कार्रवाई की शुरूआत मुख्य शराब धंधेबाज सुनीता मैडम के घर से की। बेहद खास बात है कि पुलिस की गिरफ्त में आ चुकी सुनीता मैडम के नाम का ना केवल नालंदा जिले में बल्कि उससे लगे सारे इलाके में उसके नाम का बड़ा खूफ था। कोई भी शख्स उसके खिलाफ, कुछ भी बोलने से कतराता है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती के बीच इन



शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दौरान डीसीएलआर प्रभात कुमार, सदर एसडीओ कुमार अनुराग, सदर डीएसपी डॉ शिब्ली नोमानी, बीडीओ अंजना दत्ता, सीओ धर्मेंद्र पंडित, सोहसराय थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार, सैप और बिहार पुलिस के जवान भारी संख्या में मौके पर मौजूद थे। जहरीली शराब से इलाके में 13 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने 19 धंधेबाजों के घर पर नोटिस चिपकाया था। इस नोटिस में अतिक्रमित मकान को हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। लेकिन समय सीमा की मियाद खत्म होने पर भी, ये सारे घर नहीं हटाये गए। नियम के दायरे में, शनिवार को इन घरों पर बुल्डोजर चला कर धरासाई के दिया गया। शराबकांड के बाद प्रशासन ने इलाके का सर्वे कर करीब 1200 से अधिक लोगों को नोटिस देकर जमीन संबंधित कागजात दिखाने की माँग की थी। साथ ही, जहरीली शराब कांड के आरोपियों के घर तोड़ने की बात कही गई थी। सदर एसडीओ कुमार अनुराग और डीएसपी सदर डॉ शिब्ली नोमानी ने बताया पुलिस बल की मौजूदगी में सभी चिन्हित घरों को तोड़ा गया है। इनसे भी जमीन संबंधित कागजात की माँग की गई थी। ये लोग अवैध रूप से पहाड़ी इलाके में घर बना कर रह रहे थे। मुख्य धंधेबाज सुनीता देवी उर्फ सुनीता मैडम, सूरज कुमार, नगीना चौधरी, संतोष चौधरी, अंडा चौधरी, देवानंद पासवान, आकाश पासवान, विकास पासवान, जितेंद्र कुमार उर्फ बोकरा, कारू पासवान, जितेंद्र चौधरी, रंजीत पासवान, पुकार विंद, चिंटू कुमार, पंकज पंडित, संजय पासवान उर्फ भोमा, मीना देवी उर्फ बुढ़िया, मितु चौधरी और चंदन पासवान के घर को शनिवार को ध्वस्त किया गया। कयास लगाया जा रहा है कि इस बड़ी कार्रवाई से शराब माफियाओं के बीच दहशत और खौफ का माहौल तैयार होगा और जिसका फायदा शराबबन्दी कानून को मिलेगा। अब यह आगे ही पता चल सकेगा कि इस बुल्डोजरी कार्रवाई का कितना असर शराब माफियाओं पर हुआ है और शराब का अवैद्य कारोबार कितना अधिक प्रभावित हुआ है।

## जनहित अभियान फॉउंडेशन के द्वारा गांव सेहरी में लगाया रक्तदान शिविर



**जनहित** अभियान फॉउंडेशन के द्वारा गांव सेहरी में लगाया रक्तदान शिविर इस अवसर पर गांव के सरपंच बिजेंद्र चोटी वाले ने किया शिविर का उदघाटनऔर कहा कि हर युवा को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए रक्तदान करने से हमारे शरीर मे कोई कमी नही आती बल्कि इस का रक्तदाताओं को लाभ ही मिलता है फॉउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हूडा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में 37 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके पुण्य का कार्य किया इस अवसर पर स्टेट अवार्डी मास्टर दिलबाग सिंह,संदीप लांबा, सुनील दहिया,अपना जंक्सन अरुण मलिक,पारश ,रक्तयोधा आशीष दहिया,धमाल फौजी, मनदीप मास्टर,मोनू मास्टर,मोनू,सतपाल प्रधान,मांजी,विजय,कालू,प्रमोद हवलदार,भूमित कबड्डी, राहुल दहिया,गयन्दिर, उपस्थित रहे

## सन्त उमाकान्त जी ने समझाया-कर्मो का विधान

**विधि** के विधान की रचना को, मुख्य बिंदुओं को सरल शब्दों में बताने, समझाने वाले, इसकी शर्तों में फंसकर तकलीफ पाने वाले जीवों की करुण पुकार को सुनकर परम पिता परमात्मा द्वारा पूरी पावर देकर सन्तों को बचाने के लिए भेजने की बात बताने वाले पूज्य सन्त बाबा उमाकान्त जी ने 31 दिसंबर 2021 को उज्जैन आश्रम में नव वर्ष कार्यक्रम में दिए व यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित सतसंग में बताया कि जब ब्रह्मा के मुंह से आवाज निकली और वह बोलते चले गए जिसको आयतें उतरना कहते हैं।

## खत्म हुए कोरोना काल के सारे प्रतिबंध, बिहार पूरी तरह से हुआ अनलॉक

**समाचार निर्देश / बिहार संपादक मुकेश कुमार सिंह**




**पटना (बिहार) :** कोरोना के दूसरे फेज से कराहते बिहार सहित देश के सारे प्रांतों ने तीसरे फेज में कोई बड़ा नुकसान नहीं झेला। कोरोना के तीसरे फेज को लेकर जितनी अफवाहें फैली थीं, उस पर अब ओरी तरह से विराम लग गया है। कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को लेकर शनिवार को पटना में क्राईसिस मैनेजमेंट के साथ सीएम नीतीश कुमार ने समीक्षा की। कोरोना संक्रमण में लगातार आ रही कमी को देखते हुए, 14 फरवरी से अगले आदेश तक सभी प्रकार के प्रतिबंधों को हटा लिया गया है। अब कोविड अनुकुल व्यवहार एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन के साथ सभी गतिविधियाँ सामान्य रूप से संचालित होंगी। जिला पदाधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यकतानुसार प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकृत किया गया है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे सावधानी बरतें और सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग जरूर करें। गौरतलब है कि पटना में शनिवार को आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में यह फैसला लिया गया है। अब सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। वही सभी दुकानें भी सामान्य रूप से खुली रहेंगी। स्कूल, कॉलेज और कोचिंग 100 फीसदी क्षमता के साथ खुलेंगे। कोरोना गाईडलाईन्स का पालन करते हुए अब सभी तरह की परीक्षाएं भी ली जा सकेंगी। धार्मिक स्थल, सिनेमा हॉल, स्वीमिंग पुल, पार्क-उद्यान पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। सभी प्रकार के राजनीतिक, सांस्कृतिक, खेल-कुद प्रतियोगिता के लिए डीएम से अनुमति लेनी होगी। डीएम से अनुमति लेकर, किसी भी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। गाईडलाईन्स का पालन करते हुए शादी-विवाह और श्राद्धकर्म सामान्य रूप से आयोजित हो सकेंगे। डीएम को अपने क्षेत्र में अतिरिक्त प्रतिबंध या अतिरिक्त छूट देने का अधिकार दिया गया है। निश्चित रूप से बिहार के लोगों के लिए यह राहत का पिटारा है। अब सारे उलझे और छितराये काम पटरी पर आएंगे और आम जनजीवन भी सामान्य हो पायेगा।

## भारत के नेता पारस जैन ने पश्चिम क्षेत्र के अंदर भारतीय जनता पार्टी को दिन प्रतिदिन कर रहे हैं सोशल मीडिया के माध्यम से मजबूत, कहा जो राम को लाये है हम उनको लायेंगे: जैन

बिजनौर। पारस जैन राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी टीम मोदी सपोर्टर संघ भारत एवं सह संयोजक छेत्रिय सोशल मीडिया सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिमी (उ.प्र.) व पूर्व सोशल मीडिया जिला मीडिया प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सिद्धांतों पर भाजपा का मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास पीएम मोदी की प्रेरणा से आज संसार में युवाओं को एक नई ताकत के साथ विश्व में पहचान बनाये रखने की हिम्मत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सबको दी इस दौरान पारस जैन ने आगे और बताया की।

## DSGMC body demands change the name of Aurangzeb Lane to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Lane

**New Delhi - 12.02.2022:** Harmeet Singh Kalka, President, Delhi Sikh Gurdwara Management Committee (DSGMC) has informed that he had requested New Delhi Municipal Council (NDMC) for changing the name of Aurangzeb Lane to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Lane, New Delhi. NDMC has accepted DSGMC proposal and forwarded the matter to the concerned committee for further appropriate action in this matter.



Kalka further informed that Aurangzeb Road has already been renamed to Dr. APJ Abdul Kamal Road but Aurangzeb Lane has yet to be renamed. All the roads and adjoining lanes in the New Delhi have the same name then why an exceptional case and special treatment with Aurangzeb. DSGMC demands change the name of Aurangzeb Lane to the noble soul Dr. A.P.J. Abdul Kalam who was the former President of India and a great scientist as well considering the sentiments of masses.Jagdip Singh Kahlon, General Secretary, DSGMC stated that Aurangzeb was a dictator and who was responsible for killing of millions of innocent Indians and imposed forceful religion conversion. There should be no lane/building in his name anywhere in India. What kind of message, we want to convey to our future generation that we have been honouring such a cruel ruler by dedicating a Lane in his name and that too in the heart of national capital of India. It is very shameful and unbearable for every Indian. S. Jaswinder Singh Jolly, Honorary Chairman, Estate Cell, DSGMC has been pursuing this matter with NDMC on behalf of Delhi Gurdwara Committee.

## सोहना तावडू घाटी में ब्रेक फेल होने से पलटा ट्रक बड़ा हादसा टला

**समाचार निर्देश सोहना /राजेन्द्र कुमार होटला**



शनिवार को प्रातः सुबह सोहना तावडू घाटी मे तावडू की ओर से प्लास्टिक दाने से भरा हुआ ट्रक ब्रेक फेल होने के कारण पलट गया! जहां ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे पुलिस ने सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। चालक को मरहम पट्टी कर भेज दिया। ट्रक ड्राइवर धर्मपाल ने बताया प्लास्टिक दाने से भरा ट्रक गाड़ी नंबर फ ख 14 ऋं 8191 मे प्लस्टिक दाना था। जिसे जयपुर राजस्थान से फरीदावाद ले जा रहा था! ट्रक ड्राईवर धर्मपाल ने बताया ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे !घाटी में ढलान के कारण गाड़ी की स्पीड बढ़ गई गाड़ी पहाड़ी से नीचे उतरते वक्त झोल खा गई! देवीलाल रोड़ के समीप खाई मे जा गिरी! घटना शनिवार सुबह 4 बजे की है! गनीमत यह रही के बड़ा हादसा होने से टल गया! ट्रक मे ड्राइवर धर्मपाल अकेला मोजूद था! उसके पैर,सर मे चोट लगी है! वही ट्रक ड्राइवर ने बताया कि मालिक को माल का काफी नुकसान हुआ है गाड़ी भी खत्म सी है।अन्य किसी कोई चोट नही लगी है!

घाटी के नीचे शहर में आवासीय में भी थे। वहीं जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल अनिल का कहना हैं कि घटना में ज्यादा किसी को चोट नहीं है नुकसान काफी है।

## जागरूकता शिविर में महिलाओ को पैड वितरित किये

**नई दिल्ली। समाचार निर्देश ब्यूरो**

कामाख्या फाउंडेशन दिल्ली के सेवादारों ने शाहदरा में मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया एवं झुगी-झोपड़ी में रहने वाली महिलाओ को निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया।

फाउंडेशन की सरिता आनंद जी ने जीटी रोड शाहदरा के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली महिलाओ व युवतियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। फाउंडेशन टीम ने सभी महिलाओ व युवतियों को एक स्थान पर इकट्ठा किया और उन्हें मासिक धर्म के बारे में समझाया।ज्योतिषाचार्या श्रीमती मानवी भाटिया जी ने युवतियों को मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने का महत्व और क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए और महिलाओं को अपने शरीर और परिवेश के बारे में क्या पता होना चाहिए इस विषय पर शिविर में अपने विचार रखे। श्री माँ कामाख्या फाउंडेशन टीम ने मासिक धर्म से



जुड़े कई मिथकों के बारे में बात की और महिलाओं को बताया कि मासिक धर्म के विषय में अपने परिवार की बड़ी महिलाओं से बात करने में शर्म की कोई बात नहीं है क्योंकि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है।

संवाद सत्र के माध्यम से महिलाओं ने पूछताछ शुरू की और उनमें जागरूकता की भावना देखी गई। शिविर में फाउंडेशन की कार्यकर्ता अंजना गुप्ता,माधवी पांचाल, सारिका गर्ग, अनुराधा त्यागी, ममता चंदेल, रीना सिसौदिया नीलम राघव ने मासिक धर्म संबंधी प्रश्नों को सुना और उनके उत्तर दिए और उन्हें मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को रोकने के लिए सर्वोत्तम संभव समाधान दिया और महिलाओं को प्रभावी तरीके से उनकी देखभाल करने के लिए सशक्त बनाया।

## प्रवीन कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवंतनगर के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान

**समाचार निर्देर्श:पवन सिंह**

आप को बताते चलें कि कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड जसवंतनगर में प्रवीन कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवंतनगर के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर पर विजेता बच्चों की पोस्टर स्लोगन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र पर हुआ जिसमें समस्त न्याय पंचायतों के होनहार बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक रंगोली पोस्टर व स्लोगन तैयार किये गये। ब्लाक व्यायाम



शिक्षक राजेश जादौन ने प्रतियोगिता का सफल संचालन करवाया। रंगोली में मुस्कान कक्षा 5 ने प्रथम सपना कक्षा 8 यूपीएस जसवंतनगर कम्पोजिट द्वितीय भावना प्राथमिक विद्यालय भारद्वाजपुर तृतीय रही।पोस्टर प्रतियोगिता में शिखा यूपीएस नगला छत्ते प्रथम काजल यूपीएस जसवंतनगर द्वितीय अमन यूपीएस कुरसेना तृतीय रही।स्लोगन प्रतियोगिता में अंजली यूपीएस धरवार प्रथम रजनी कुमारी यूपीएस नगला छत्ते द्वितीय नेहा कन्या यूपीएस जसवंतनगर तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में 45 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में हरी कुमार शुभा चौहान आलोक चौहान प्रेमकिशोर पाठक अरशद हुसैन राबिया बेगम उषा कुमार संगीता जाटव ज्योति यादव उषा पाल ललिता अनुपम विमल कुमार सहायक लेखाकार शिवानी रोहित आशीष यादव विवेक गुप्ता अरबिंद कुमार सत्यनारायण प्रसाद सन्तोष शर्मा चंद्रभूषण आदि उपस्थित रहे।

# थम गया प्रचार का शोर

## उत्तराखंड, गोवा विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए राज्य में शाम प्रचार का शोर थम गया, चुनाव आयोग ने मतदान से संबंधित सभी तैयारियां कर ली

**देहरादून/लखनऊः** उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए राज्य में शाम प्रचार का शोर थम गया है। प्रदेश के सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान 14 फरवरी को होंगे। चुनाव आयोग ने मतदान से संबंधित सभी तैयारियां कर ली हैं। कई दूर-दराज के क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए शनिवार को मतदान कर्मी रवाना भी हो गए हैं। कुल 70 विधानसभा सीटों पर इस बार 632 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें से 152 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। शेष राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय एवं पंजीकृत पार्टियों के मतदाता हैं। आयोग के दिये आंकड़ों के अनुसार इस बार के चुनाव में 106 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सोमवार को होने वाले मतदान में इस बार कुल 81 लाख 72 हजार 173 मतदाता14 फरवरी को अपने मताधिकार कर प्रयोग करेंगे। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 39,32,995 और पुरुष मतदाता 42,38,890 हैं। इनके अलावा अन्य



मतदाताओं की संख्या 298 है। आयोग ने बताया है कि पिछले बार की तुलना में इस बार बूथों और मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाएं हैं। इस बार कुल 8,624 मतदान केंद्रों में 11,697 बूथ बनाये गये हैं। आयोग ने बताया है कि इस बार 156 बूथ मॉडल बनाया जायेगा। मॉडल बूथों पर हर प्रकार की सुविधा की व्यवस्था रहेगी। सबसे ज्यादा मॉडल बूथ हरिद्वार में बनाये जायेंगे। इस महिलाओं के लिए सखी और दिव्यांगों के लिए सखी और पीडब्ल्यूडी बूथ भी बनाएं जा रहे हैं।101 सखी बूथ महिलाओं के लिए तो 6 पीडब्ल्यूडी बूथ दिव्यांगजनों के लिए होगा। सखी बूथ पर अधिकारी से लेकर मतदान कर्मी तक महिलाएं ही होंगी। इसी प्रकार पीडब्लूडी बूथ पर भी सभी मतदान कर्मी दिव्यांग ही होंगे। आयोग के मुताबिक प्रदेश में कुल 35 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां पहुंचने में 3 दिन का समय लगता है। ऐसे केंद्र के लिए कल ही मतदान कर्मी रवाना हो गए हैं। मतदान केंद्र पर पहुंचने में दो दिन का समय लगने वाला 1442 मतदान केंद्र हैं। यहां के लिए आज मतदान कर्मी जिला मुख्यालय से आज निकल चुके हैं। सुरक्षा का भी मुकम्मल इंतजाम कर लिया गया है। प्रचार थमते ही दूसरे राज्यों से जुड़ी सीमाएं सील कर दी गईं हैं। सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। इसी के साथ शराब, बीयर आदि की लाइसेंसी दुकानें 48 घंटों के लिए बंद करवा दी गईं। अब यह दुकानें 14 फरवरी को मतदान होने के बाद ही खुलेंगी।

**यूपी में भी 55 सीटों पर थमा प्रचारः** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में द्वितीय चरण का मतदान सोमवार यानि 14 फरवरी को होना है। दूसरे चरण में पश्चिमी उप्र के नौ जिलों की 55 विधानसभा सीटों के लिये वोट पड़ेंगे। शनिवार शाम को दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थम गया। दूसरे चरण में कुल 586 उम्मीदवार चुनाव मैंदान में है। दो करोड़ से अधिक मतदाता सोमवार को उनके भाग्य का फैसला करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 ब्रह्मदेव राम तिवारी ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रदेश के नौ जनपदों की 55 विधानसभा सीटों के लिए 14 फरवरी को प्रातः 07:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक मतदान करने का समय निर्धारित है।

### यूपी में आचार संहिता उल्लंघनः अब तक 1262 एफआईआर दर्ज

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में अब तक विभिन्न धाराओं में 1262 एफआईआर दर्ज हुये हैं। प्रदेश में अब तक 77 करोड़ रुपये से अधिक का कैश भी बरामद हुआ है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने शनिवार को बताया कि प्रदेशभर में लागू आदर्श आचार संहिता को सुनिश्चित कराने के लिए सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से अब तक कुल 96,97,551 प्रचार सामग्री हटायी गयी है।

### सपा, बसपा, कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**लखनऊः** कांग्रेस के लड़की हूं लड़ सकती हूं नारे को बुलंद करने वाली महिलाएं एक-एक कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ आ रही हैं। कांग्रेस की सोशल मीडिया की प्रदेश महासचिव एवं पोस्टर कैम्पेनिंग का हिस्सा रहीं पल्लवी सिंह भी भाजपा में आ गयी हैं। भाजपा के राज्य मुख्यालय पर शनिवार को समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने इन्हें सदस्यता दिलायी और भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित एवं सह प्रभारी हिमांशु दुबे भी उपस्थित रहे।


## संक्षिप्त खबरें

### मशहूर उद्योगपति राहुल बजाज नहीं रहे

**नई दिल्लीः** मशहूर उद्योगपति राहुल बजाज का शनिवार को निधन हो गया। बजाज समूह के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज ने 83 साल की आयु में पुणे स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। राहुल बजाज लंबे वक्त से कैंसर से पीड़ित थे। उनके योगदान के लिए उन्हें साल 2001 में पद्म भूषण सम्मान से भी नवाजा गया था। राजस्थान के मारवाड़ी परिवार में पैदा हुए राहुल बजाज का जन्म 10 जून, 1938 को बंगाल प्रेसीडेंसी में हुआ था। उनका संबंध राजस्थान में सीकर जिले के काशीकाबास से था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल से पूरा करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) डिग्री और बंबई विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री ली थी। इसके बाद राहुल बजाज ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से अपना एमबीए पूरा किया था।

उल्लेखनीय है कि दिग्गज उद्योगपति राहुल बजाज ने पिछले साल 29 अप्रैल, 2021 को बजाज ऑटो के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए यह पद छोड़ा था। बजाज साल 1972 से समूह के चेयरमैन पद पर पर कार्यरत थे।

### स्कूली बच्चों के माध्यम से बच्चो के माता पिता से मतदान करने का संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है :- आकांक्षा राना



**समाचार निर्देश ब्यूरो रितेश मिश्र**

हरदोई मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना ने बताया है कि स्वीप कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्कूली बच्चों के माध्यम से बच्चो के माता पिता से मतदान करने का संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है जिसमें बच्चों के माता पिता लिखित रूप से आगामी विधान सभा चुनाव में मतदान करने का संकल्प ले रहे है इस कार्यक्रम को लेकर स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रमों का लक्ष्य आगामी विधान सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इसको लेकर जो कार्य योजना बनायी गयी है उसमें उन क्षेत्रों का विशेष जोर दिया जा रहा है जहॉ पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है।

## दो से-तीन महीने में 100 शैक्षणिक चैनल शुरू होंगें

समाचार निर्देश ब्यूरो ।एस डी सेठी । कोरोना महामारी के संकटकाल में विधाथीयों की शिक्षा के नुकसान की भरपाई के चलते केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने दो से तीन महीने के भीतर करीब 100 शैक्षणिक टेलीविजन चैनलों को शुरू करने की तैयारियों पर अमल करने जा रही है। कोरोना काल के लाकडाउन में आनलाईन व डिजिटल का प्रयोग भले ही मजबूरी में पढाई का तरीका खोजा या अपनाया गया हो। लेकिन यह ही तरीका सरकार को भा गया है। घर बैठे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण पढाई के इस जरिये को विस्तार देते हुए केंद्र सरकार इस दिशा में तेजी से कदम बडा रही है। संसद के बजट सेशन में सरकार ने 200 नये टी वी चैनलों को शुरू करने की जो घोषणा की है, उस पर पहले से काम शुरू हो चुका है। सबसे पहले 100 टी वी

**मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक इस पहल का सबसे ज्यादा लाभ सूदूर गांव देहात एंव गरीब तबके के विधार्थी को मिलेगा। अब वह घर बैठे टीवी चैनलों के माध्यम से पढाई को जारी रख सकेंगें**

चैनल अकेले स्कूली शिक्षा के लिए होंगें। इसी तरह 50 चैनल उच्च शिक्षा के लिए भी शुरू होंगे। जबकि व्यवसायिक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए भी कुछ समर्पित चैनल शुरू करने की योजना है। मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक इस पहल का सबसे ज्यादा लाभ सूदूर गांव देहात एंव गरीब तबके के विधार्थी को मिलेगा। अब वह घर बैठे टीवी चैनलों के माध्यम से पढाई को जारी रख सकेंगें। इसके लिए इंटरनेट की भी जरूरत नहीं हैं।

## सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार

**समाचार निर्देश ब्यूरो रितेश मिश्रा**



**हरदोई कोथावांग्राम** पंचायत नेवादा लोचन में बने सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार लगा है,वहीं पर जिम्मेदार सुस्त दिख रहे हैं।भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' के सपने पर सीधे पानी फेरते नजर आ रहे हैं।ग्रामीणों से बातचीत की गई तो बताया कि उक्त सामुदायिक शौचालय की रेख-देख राम कुमारी पत्नी रामसेवक मौर्य के द्वारा की जाती है,परंतु वह कभी भी वहां नहीं पहुंचती है।ग्राम प्रधान पार्वती ने कहा कि सरकार काम के लिए पैसा देती है, परंतु रामकुमारी अपनी जिम्मेदारी से मुकर रही हैं।वहीं पर कुछ ग्रामीण महिला सामुदायिक शौचालय की गंदगी के अंबार को देखते हुए मुंह चिढ़ाती नजर आईं। इस संबंध में जब संबंधित

## बाबा विश्व नाथ मंदिर व पुर्व प्रधान निलाशू मिश्रा शीलू के आवास पर समपन्न हुआ संत सम्मेलन

**समाचार निर्देश ब्यूरो रितेश मिश्रा**



**हरदोई बावन** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान मे आज बाबा विश्व नाथ मंदिर बावन में संत सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसमे अयोध्या मथुरा नैमिषारण्य काशी आदि से पधारे हुये संतो ने अपने उद्बोधन मे हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र भारत को घोशित करने के लिऐ जनता से योगी जी के हाथो को मजबूत करने के लिए एक बार पुनः योगी जी को लाने के लिऐ सभी से अपना सहयोग देने के लिए कहा और अयोध्या से आये हुये संत महापुरुष ने अपने प्रथम शब्दों मे बावन का नाम लेकर कहा कि ये बहुत ही पवित्र जगह है यहां पर भगवान बावन का अवतार हुआ था और उन्होंने भी भिक्षा मांगी थी वैसे ही आज हम भी आप सभी से भिक्षा के रुप मे योगी जी के हाथो को मजबूत करे और भारत के साथ अपने उत्तर प्रदेश का नाम भी इतिहास मे दर्ज करवाने मे अपना सहयोग दे और आगामी 23तारीख को मतदान के दिन प्रथम सभी कार्यों को छोडकर पहले मतदान करे और फिर जलपान आदि करे और उन्होंने कहा कि ये सरकार किसी भी जाति विरादरी का विरोध नहीं करती है सबका साथ सबका विकास करती है किसी के साथ कोई अन्याय नहीं करती है सभी को एक समान सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है और कोई भी दंगा आदि नही होने दिया।

## मुगल गार्डन आम जनता के लिए शनिवार से खोला

**समाचार निर्देश ब्यूरो ।एस डी सेठी ।**

प्रत्येक वर्ष 7 फरवरी को राष्ट्रपति भवन दिवस मनाया जाता है। इसके बाद से मुगल गार्डन को खोलने का फैसला होता है। इस शनिवार से राष्ट्रपति भवन में आम जनता के लिए मुगल गार्डन को खोल दिया गया है। बसंत ऋतु की छटा से सराबोर सुगंधित फूलों और हरियाली से लदे प्रकृति के सौंदर्य को देखने का लुत्फ यहां पर साक्षात कुछ और ही है। प्राकृतिक के इस बेहद



खुबसूरत नजारे को देखने के लिए दिल्ली से ही नहीं बल्कि यूपी, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, समेत दक्षिण राज्यों तक से लोग मुगल गार्डन की मस्त छटा को देखने आते हैं।. वहीं इसी तरह का दूसरा खूबसूरत खास बाग है। यह दक्षिण दिल्ली के सैदुल्लाजाब गांव के नजदीक आबाद है। बेहद खूबसूरती प्राकृतिक सौंदर्य को यहां भी अंगीकार करने का मौका मिले तो जरूर जाएं। यह खास बाग लैंड स्कैप एक्सपर्ट प्रदीप सचदेवा की इजाद है।

## फैक्ट्री का बॉयलर फटा, दो मजदूरों की मौत

**बुलंदशहरः** सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शनिवार को अचानक बॉयलर फटने से हादसा हो गया। बॉयलर फटने की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे में सचिन और गजेंद्र नाम के दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना में अन्य कोई हताहत नहीं हुआ।

हादसे के समय फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। फैक्ट्री में जीन्स की पैंट पर कलर डाई का काम किया जाता है। हादसे की सूचना मिलने पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अधिकारियों ने फैक्ट्री के मानकों की भी बारीकी से जांच की।

## सुरेश भड़ाना के डीएसपी पदोन्नति पर क्षेत्र के लोगों ने दी बधाई

**तावडू।** सदर थाना प्रभारी सुरेश भड़ाना के डीएसपी पदोन्नत होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों का बधाई व शुभकामनाएं देने का तांता लग गया।

क्षेत्र सहित शहर के गणमान्य लोगों ने डीएसपी सुरेश भड़ाना को पगड़ी बांध पदोन्नत होने पर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डीएसपी सुरेश भड़ाना ने भी क्षेत्र के लोगों का उनके सहयोग के लिए



आभार व्यक्त किया और कहा कि विभाग ने उनको जो जिम्मेदारी दी है वह उसे पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व नपा वाइस चेयरमैन सवाई सिंह सहरावत, पूर्व उपनिदेशक शिक्षा विभाग हरियाणा कर्ण सिंह सहरावत, गोयला सरपंच नरेंद्र टोकस,रज्जू चेयरमैन, केएल गुप्ता, सीआईए इंचार्ज सुरेंद्र सिद्धू,सदर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## द्ध पीने के पानी एवं सीवर जैसी मौलिक अधिकार से वंचित ओखला विधानसभा के वार्ड 103 एस की आम जनता :- अशोक कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष,जदयू दिल्ली

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली रमेशचंद्र व्दिवेदी**

देश की राजधानी के पूर्वी दिल्ली के ओखला विधानसभा के वार्ड 103 एस जे जे कॉलोनी मदनपुर खादर को डीडीए द्वारा 2001-2002 में बसाया गया था। इतने लम्बे समय अंतराल के वावजूद यहाँ की आम जनता शुद्ध पेजल पीने योग्य पानी एवं सीवर जैसी मौलिक अधिकार से वंचित है जमीनी हकीकत यह है जब भी चुनाव आता है उपरोक्त दोनों ही महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए नेताओं के द्वारा राजनीतिक मंचों से काफी लम्बी चौड़ी बातें की जाती है सभी राजनीतिक दलों के द्वारा क्षेत्रवासियों से यह झूठा वादा किया जाता है कि हम चुनाव जीतते ही क्षेत्र की आम जनता के लिए पीने के पानी एवं सीवर की व्यवस्था जरूर करेंगे परंतु क्षेत्रवासियों के लिए अजीब विडम्बना है चुनाव जीतने के बाद सभी जनप्रतिनिधियों ने इस समस्याओं को सदैव नजरअंदाज कर इन्हें ठंढे बस्ते में डालने का ही निराशाजनक कार्य किया है। दिल्ली की वर्तमान सरकार के मुखिया श्री अरविंद केजरीवाल साहब दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने से पूर्व अपने राजनीतिक जनसभाओं के माध्यम से अनेक जगह दिल्ली की जनता से यह स्पष्ट संदेश व वादा किए कि अगर हमारी सरकार आयी तो दिल्ली को शुद्ध जल संकट से निजात दिलवाने का काम करेंगे परंतु उन्होंने भी इस समस्या का समाधान नहीं किया।

यहाँ क्या भाजपा क्या कांग्रेस सभी राजनीतिक


**वर्तमान विधायक एवं पूर्वी दिल्ली के सांसद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को शुद्ध पेजल एवं सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आगे आकर समस्याओं के समाधान कर आम जनता को इस जटिल समस्याओं से निजात दिलवानी चाहिए**

दलों के नेताओं ने जनता के संग धोखाधड़ी करने का ही काम किया है ओखला के वर्तमान विधायक एवं पूर्वी दिल्ली के सांसद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को शुद्ध पेजल एवं सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आगे आकर समस्याओं के समाधान कर आम जनता को इस जटिल समस्याओं से निजात दिलवानी चाहिए शायद इन जनप्रतिनिधियों के पास समय का अभाव है अथवा वे इस समस्या का समाधान करना ही नहीं चाहते। वार्ड 103 एस की आम जनता को शुद्ध पेजल के अभाव के कारण यहॉ के स्थानीय पानी के प्लांटों से पानी खरीद कर पीना पड़ता है जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहद हानिकारक है जिस कारण अनेक बीमारियों का सामना भी क्षेत्रवासियों को करना पड़ता है आखिर कब यह नेतागण समझेंगे यह हमारी मूलभूत आवश्यकता है क्यों हम अपने मौलिक अधिकार से अबतक वंचित है जनप्रतिनिधियों की भी अपने क्षेत्र की जनता के प्रति कुछ नैतिक जिम्मेदारी होती है ये नेतागण कब निभाएंगे अपनी जिम्मेदारी

### चुनाव घोषणा पत्र में आतंकवाद पीड़ित हर परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान

## दलित विद्यार्थियों को हर माह 2000 रुपये वजीफा

**भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में दलित विद्यार्थियों को दो हजार रुपये प्रति माह वजीफा दिए जाने, बेअदबी जैसी घटनाओं के प्रति जीरो टोरलेंस नीति को लागू करने तथा आशा वर्करों को छह हजार रुपये प्रति माह भत्ता दिए जाने का ऐलान किया है**



**चंडीगढ़ः** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पंजाब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जालंधर में चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया। पार्टी ने दलित विद्यार्थियों को दो हजार रुपये प्रति माह वजीफा और महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान किया है। पांच एकड़ से कम जमीन वाले किसानों का कर्ज माफ होगाः केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, सोम प्रकाश, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, पंजाब लोक कांग्रेस नेता एवं अमरिंदर सिंह के बेटे रणइंदर सिंह समेत अन्य नेताओं ने घोषणा पत्र जारी किया। इसमें कहा गया है कि पांच एकड़ से कम जमीन वाले किसानों का सारा कर्ज माफ किया जाएगा। पुरी ने कहा कि पंजाब में अमरिंदर सिंह सरकार ने 63 हजार नशा तस्करों को जेल भेजा है। पंजाब में नए प्रोजेक्ट के लिए एक लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। स्थानीय युवाओं को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

**आशा वर्कर्स को प्रति माह छह हजार रुपये भत्ताः** भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में दलित विद्यार्थियों को दो हजार रुपये प्रति माह वजीफा दिए जाने, बेअदबी जैसी घटनाओं के प्रति जीरो टोरलेंस नीति को लागू करने तथा आशा वर्करों को छह हजार रुपये प्रति माह भत्ता दिए जाने का ऐलान किया है।

भाजपा ने पंजाब में आतंकवाद पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का भी ऐलान किया है। आंनगवाड़ी कार्यकताओं को दस हजार रुपये मासिक मानदेय देने, अस्तपालों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने,खेलों को बढ़ावा देने के लिए मल्टीपर्पस खेल स्टेडियम बनाने, दोआबा व माझा में साई सेंटर खोलने, मिल्खा सिंह के नाम पर स्पोट्र्स यूनिवर्सिटी खोलने का ऐलान किया।

### म्यांमार की जेलों से रिहा होंगे 821 कैदी

**नाएप्यीडाः** सैन्य शासन के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना झेल रहे म्यांमार की जेलों से 821 कैदी रिहा किए जाएंगे। म्यांमार के यूनियन डे की डायमंड जुबली पर म्यांमार के सैन्य प्रशासन ने 7 विदेशी कैदियों सहित कुल 821 कैदियों की सजा माफ करने का एलान किया है। जल्द ही इन सभी को जेल से रिहा कर दिया जाएगा। पिछले साल भी 23 हजार कैदियों को रिहाई की सौगात मिली थी। म्यांमार जुंटा प्रमुख मिन आंग इंग ने अराकान सेना के 46 सदस्यों और इससे संबंधित अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला बंद कर दिया है। इन लोगों पर अदालतों में मुकदमा चल रहा था। जुंटा के प्रवक्ता जॉ मिन टुन सी के मुताबिक माफी पाने वालों में से ज्यादातर म्यांमार के वाणिज्यिक केंद्र यांगून की जेलों में बंद हैं।

वैसे ये नहीं पता चला कि म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू की के सलाहकार रहे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर ऑस्ट्रेलिया के सीन टर्नेल का नाम रिहा होने वालों में शामिल है कि नहीं। बीते वर्ष फरवरी में सैन्य तख्तापलट के कुछ ही दिनों बाद म्यांमार के आधिकारिक गुप्त कानून का उल्लंघन करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। दोषी पाए जाने पर टर्नेल को 14 साल की जेल की सजा हो सकती है। म्यांमार में फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता से भाजपा विरोधी नेता परेशान

**समाचार निर्देश ब्यूरो *फरीदाबाद***
**सतीश कुमार सारस्वत**



स्वतंत्र भारत में जन्मे, अपने स्वतंत्र विचार रखने वाले ,,बिंदास बोलने वाले ,अपने भाषणों की भाषा शैली से, हमेशा विरोधियों के निशाने पर रहने वाले, निर्णय लेने में एकदम स्वतंत्र, देश के 15 में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने भारत के लोकतंत्र के मंदिर संसद की चौखट पर प्रथम कदम रखने से पहले माथा टेक कर , बच्चे बूढ़े जवान महिलाओं सभी,को अपनी पहली झलक दिखाने में ही देशवासिओं का दिल जीत लिया ।देश की जनता ने अपनी खुली आँखों से पहली बार देखा जब किसी प्रधानमंत्री ने शपथ लेने से पहले विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर पर माथा टेका ।देश की आजादी के 67 साल में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने सीधे सीधे जनता से अपनी मन की बात की। और समय-समय पर लोगों की समस्याओं को सुना ।पहली बार देश की जनता को राजनीति का ऐसा नायक मिला जिसके सहारे खुद सांसद लोकतंत्र के मंदिर तक पहुंचे। देश की 67 साल की आजादी के बाद देश की जनता को एक ऐसा व्यक्तित्व मिला, जो राजनीतिक दल का सदस्य रहते हुए दल का मोहताज नहीं रहा ।बल्कि अपने विशेष व्यक्तित्व के सहारे, अपने ही दल के ही उम्मीदवारों को , विरोधी दलों के प्रत्याशियों को पीछे छोड़ कर भारी बहुमत से विजई बनाकर संसद की चौखट तक पहुंचाया। विपक्षी पार्टी कहे जाने वाली भाजपा ने, मोदी जी के नेतृत्व में 282 सीटें जीतकर अभूतपूर्व सफलता प्राप्ति की। और मोदी जी ने खुद दो जगह,, एक सांस्कृतिक नगरी वाराणसी व दूसरी अपने ही गृह राज्य गुजरात के वडनगर से पहली बार लोकसभा सीट, से चुनाव लड़कर दोनों ही जगह से जीत हासिल की। मोदी जी को भाजपा ने अपने दल का नेता चुना और 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई ।पहली बार जनता को देखने सुनने और को मिला, जिस सत्ताधारी सरकार को राजनीतिक पार्टियां व जनता पार्टी के नाम से पुकारा करती थीं, मोदी जी के सत्ता संभालते ही, भाजपा की सरकार को विरोधी दलों ने, और जनता ने भी एक व्यक्ति विशेष "मोदी सरकार" कहना शुरू किया ।आज शायद ही देश में कोई बच्चा भी ऐसा न होगा जिसकी जबान पर मोदी नाम न हो। बच्चे बूढ़े जवान व महिला की जुबान पर मोदी नाम है। और हर एक के दिल में मोदी जी के विचारों व उनकी कर्तव्यनिष्ठा ने जगह बना ली है ।मोदी जी के व्यक्तित्व के सहारे व मोदी लहर में ऐसे भी सांसद संसद तक पहुंचे जो एक किसी गांव के प्रधान भी नहीं हो सकते। 2001में गुजरात में विनाशकारी भूकंप आने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी जिसमें लगभग 20000 से ज्यादा लोग मारे गए तो भाजपा के रणनीतिकारों ने मोदी जी की कार्य निष्ठा को देखते हुए 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया। जो 7 अक्टूबर 2001 से 22 मई 2014 तक हर बार चुनाव जीतकर वे गुजरात के कुशल मुख्यमंत्री रहे।

## पश्चिम विहार के पुष्कर एन्कलेव में आप पार्टी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू

**नई दिल्ली, समाचार निर्देश ब्यूरो,** वी.के. शर्मा। पश्चिम विहार स्थित पुष्कर एन्कलेव की सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। पुष्कर एन्कलेव के निवासियों को पिछले लंबे समय से खराब सड़क पर सफर करना पड़ रहा था। जिस कारण उन्होने स्थानीय विधायक व दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ सत्येंद्र जैन से संपर्क किया। विधायक डॉ सत्येंद्र जैन के नेतृत्व में पुष्कर एन्क्लेव की सड़क निर्माण कार्य का आदेश दिया गया। पुष्कर एन्कलेव की सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन आम आदमी पार्टी पश्चिम विहार वार्ड 67एन की संगठन मंत्री शालू दुग्गल द्वारा स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर किया गया। इस उद्घाटन समारोह में स्थानीय निवासियों ने विधायक डॉ सत्येंद्र जैन और संगठन मंत्री शालू दुग्गल का आभार प्रकट किया। स्थानीय निवासियों का कहना हैं कि पिछले कई सालों से पुष्कर एन्क्लेव की सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया। जिस कारण आम जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा सड़क निर्माण कार्य से पुष्कर एन्क्लेव की जनता को राहत मिली हैं।

इस समारोह में जनता ने आम आदमी पार्टी का समर्थन किया और कहा कि इस बार एमसीडी में जनता परिवर्तन चाहती हैं।

## मोनिका मिगलानी के सहयोग से भगत हॉस्पिटल ने पोचनपुर में लगाया फ्री चिकित्सा शिविर

**नई दिल्ली, समाचार निर्देश ब्यूरो, मारीदास।**

मटियाला विधानसभा के द्वारका सेक्टर-23 के पोचनपुर होली चौक स्थित कबीर आश्रम में मोनिका मिगलानी दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष महिला विंग, एमएलए प्रतिनिधि, द्वारका वार्ड बी-38एस द्वारा भगत चन्द्र हॉस्पिटल के साथ मिलकर फ्री चिकित्सा शिविर लगाया। इस कैम्प में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

मोनिका मिगलानी ने समाचार निर्देश से विशेष बातचीत में बताया कि इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य कोरोना महामारी में लोगों को प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना और समुदाय के बीच स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना भी है। इस कैम्प में ब्लड




शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, आई चेकअप, पल्स, टैम्प्रेचर स्क्रीनिंग जैसी सुविधाएं सभी लोगों को फ्री उपलब्ध करवाई गई। इस फ्री कैम्प का सैंकड़ों लोगों ने लाभ उठाया।

# दिल्ली से लंदन बस से जाना है तो अब नो टेंशन

### 46 साल बाद एक बार फिर से बसें जाएंगी लंदन

**नई दिल्ली,** समाचार निर्देश ब्यूरो। घूमना किसे पसंद नहीं होता है , हम अपने शहर और गाँव के आस पास तो अक्सर घूमने चले ही जाते हैं। जिनके पास थोड़ा पैसा है वो खर्च करके लोग गोवा या अन्न टूरिस्ट प्लेस भी जाया करते हैं। लेकिन हाँ, सभी के मन में एक सपना तो जरूर होता है की विदेश यात्रा की जाये और वर्ल्ड टूर पर निकला जाये। अगर आपका भी सपना कुछ ऐसा ही है तो आपका यह सपना बहुत जल्द पूरा हो सकता है। बोलचाल में कभी कभी लोग ऐसे ही बोल दिया करते हैं की लंदन घूमने जाना है।




लेकिन क्या पता की कब यह बात सच ही साबित हो जाये। मिली जानकारी के अनुसार भारत-म्यांमार बॉर्डर पर यात्रा करना सामान्य होने के साथ ही दिल्ली से लंदन के लिए बस सर्विस शुरू की जा सकती है। गौरतलब है कि इसी साल सितंबर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस लग्जरी बसें दिल्ली से लंदन के लिए रवाना भी हो सकती है।

इस यात्रा का रूट तय हो जाने के बाद एडवेंचर्स ओवरलैंड की तरफ से ह्यबस टू लंदनह्न की पहल के तहत इस बस मे यात्रा करने के इच्छुक लोग 70 दिनों में लगभग 20 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर 18 देशों की यात्रा का आनंद उठा पाएंगे। इसके लिए आपको 20 हजार डॉलर मतलब करीब लगभग 15 लाख रुपए का पैकेज लेना होगा। इस पैकेज में आपकी टिकट, वीजा और अलग-अलग देशों में रुकने और अन्य सर्विस की परमिट शामिल होंगी।

46 साल बाद यह दूसरा मौका होगा, जब लोगों को दिल्ली से लंदन के लिए बस सर्विस का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। एक ब्रिटिश कंपनी ने 1957 में दिल्ली लंदन-कोलकाता के बीच बस सेवा की शुरूआत की थी। बस सेवा चल रही थी, फिर कुछ वर्ष बाद बस दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सेवा बंद हो गई। फिर एक ब्रिटिश यात्री ने डबल डेकर बस बनाकर, दोबारा सिडनी-भारत-लंदन के बीच बस सेवा चलाई थी। ये बस सेवा 1976 तक चलती रही। उस वक्त ईरान के बिगड़ते हालात और भारत-पाकिस्तान के बीच के तनाव की स्थिति के मद्देनजर बस सेवा को बंद करना पड़ गया था।

इस यात्रा में इंग्लिश चैनल को पार करने के लिए क्रूज की सहायता ली जाएगी। सबसे पहले दिल्ली से वाया कोलकाता बस म्यांमार पहुंचेगी। इसके बाद थाईलैंड, लाओस, चीन, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, रूस, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, चेक गणराज्य, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम, फ्रांस के बाद लंदन पहुँच जाएगी और यही इसकी मंजिल होगी।

## पंजाबी बाग चौक पर ग्रीन और पिंक लाइन के यात्रियों की सुविधा के लिए बना नया मेट्रो इंटरचेंज स्टेशन

**पंजाबी बाग पश्चिम मेट्रो स्टेशन के साथ होगा इंटरचेंज स्टेशन**



**नई दिल्ली, समाचार निर्देश ब्यूरो, वी.के. शर्मा।**

ग्रीन लाइन (बहादुरगढ़-इंद्रलोक-कीति नगर) पर पंजाबी बाग में दिल्ली मेट्रो के पहले हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन का ढांचा तैयार हो गया है। इसलिए यह हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन काफी हद तक बनकर तैयार हो चुका है। अब सिर्फ फिनिशिंग का काम बाकी है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार इस माह के अंत तक ही इसका काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है, लेकिन थोड़ा और समय भी लग सकता है।

उम्मीद है कि अगले करीब दो माह में यह इंटरचेंज स्टेशन पूरी तरह तैयार हो जाएगा। यह पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) के पंजाबी बाग पश्चिम मेट्रो स्टेशन के साथ इंटरचेंज स्टेशन होगा, इसलिए इस इंटरचेंज स्टेशन पर पिंक व ग्रीन लाइन के यात्री अपनी जरूरत के अनुसार मेट्रो बदल सकेंगे।

इस स्टेशन से सिर्फ मेट्रो बदलने की सुविधा होगी। इस स्टेशन पर यात्रियों को प्रवेश नहीं मिलेगा। मौजूदा समय में ग्रीन लाइन लाइन के पंजाबी बाग व पिंक लाइन के पंजाबी बाग पश्चिम मेट्रो स्टेशन के बीच इंटरचेंज की सुविधा नहीं है, क्योंकि दोनों स्टेशन एक-दूसरे से थोड़ी दूरी पर हैं। इस वजह से बहादुरगढ़ व मुंडका की तरफ से आजादपुर, मजलिस पार्क, सरोजनी नगर, साउथ एक्सटेंशन, लाजपत नगर, निजामुद्दीन इत्यादि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके मद्देनजर डीएमआरसी ने पिछले साल जून में ग्रीन लाइन पर पंजाबी बाग चौराहे के पास हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन बनाने का काम शुरू किया।

दरअसल, यह स्टेशन पिछले साल सितंबर में ही बनकर तैयार होना था लेकिन कोरोना के कारण इसके निर्माण में देरी हुई लेकिन अब ग्रीन लाइन के कॉरिडोर पर हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन का ढांचा तैयार हो गया। इसके प्लेटफार्म की लंबाई 155 मीटर होगी। यह स्टेशन स्टील से तैयार किया गया है। इस स्टेशन पर दो लिफ्ट की सुविधा होगी।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड 2022 से आईयूसी यूनिवर्सिटी व यूनिसेफ ने डॉ. विक्रम चौरसिया को नवाजा

**झुग्गी झोपड़ियों** के वंचित बच्चो के जीवन में रोशनी लाने ,महिला शसक्तीकरण, रेड लाइट एरिया, स्लम बस्ती, असहाय और असमर्थ के लिए उच्च शिक्षा के लिए संघर्षरत प्रसिद्ध चिंतक, लेखक, आईएएस मेंटर ,सामाजिक कार्यकर्ता डॉ .विक्रम चौरसिया को दक्षिण भारत के पोंडेचरी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड 2022 से नवाजा गया जिसमे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी , आईयूसी विश्वविद्यालय के संस्थापक एम.प्रभु , फिल्म




निर्देशक डॉ .गणेश बाबू के साथ ही अन्य गणमान्य अतिति के बीच में देश विदेशों के प्रबुद्ध लोगो को अवॉर्ड व डॉक्टरेट से नवाजा गया लेकिन मुख्यमंत्री जी का अचानक से प्रधानमंत्री जी के साथ वर्चुअल मीटिंग के कारण मुख्यमंत्री जी शामिल नहीं हो सके यह कहना था आईयूसी विश्वविद्यालय के नेशनल सलेक्शन कमिटी हेड डॉ.गायत्री देवी का । ध्यातव्य हो की डॉ. विक्रम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बहुत से अवार्डो के साथ ही कई डॉक्टरेट डिग्री के उपाधि से भी सम्मानित हो चुके है ,जिनको इसी कार्यकम में इंटरनेशनल यूनिसेफ काउंसिल का दिल्ली डायरेक्टर नियुक्त भी किया गया ।

### अदिल्ली में निगम चुनाव से पूर्व इंस्पेक्टर लेवल के पुलिस अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर

**नई दिल्ली, समाचार निर्देश ब्यूरो, दिल्ली संपादक वी.के. शर्मा।**

दिल्ली नगर निगम के चुनावों की घोषणा कभी भी हो सकती है।

चुनावों में पुलिस की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर लेवल के कई अधिकारियों की तुरंत प्रभाव से ट्रांसफर पोस्टिंग करने का आदेश दिल्ली पुलिस मुख्यालय से जारी किया गया है।

## शुद्ध पीने के पानी एवं सीवर जैसी मौलिक अधिकार से वंचित ओखला विधानसभा के वार्ड 103 एस की आम जनता :- अशोक कुमार सिंह

**समाचार निर्देश ब्यूरो**

देश की राजधानी के पूर्वी दिल्ली के ओखला विधानसभा के वार्ड 103 एस जे जे कॉलोनी मदनपुर खादर को डीडीए द्वारा 2001-2002 में बसाया गया था। इतने लम्बे समय अंतराल के वावजूद यहाँ की आम जनता शुद्ध पेजल पीने योग्य पानी एवं सीवर जैसी मौलिक अधिकार से वंचित है जमीनी हकीकत यह है जब भी चुनाव आता है उपरोक्त दोनों ही महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए नेताओं के द्वारा राजनीतिक मंचों से काफी लम्बी चौड़ी बातें की जाती है सभी राजनीतिक दलों के द्वारा क्षेत्रवासियों से यह झूठा वादा किया जाता है कि हम चुनाव जीतते ही क्षेत्र की आम जनता के लिए पीने के पानी एवं सीवर की व्यवस्था जरूर करेंगे परंतु क्षेत्रवासियों के लिए अजीब विडम्बना है चुनाव जीतने के बाद सभी जनप्रतिनिधियों ने इस समस्याओं को सदैव नजरअंदाज कर इन्हें ठंढे बस्ते में डालने का ही निराशाजनक कार्य किया है।

दिल्ली की वर्तमान सरकार के मुखिया श्री अरविंद केजरीवाल साहब दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने से पूर्व अपने राजनीतिक जनसभाओं के माध्यम से अनेक जगह दिल्ली की जनता से यह स्पष्ट संदेश व वादा किए कि अगर हमारी सरकार आयी तो दिल्ली को शुद्ध जल संकट से निजात दिलवाने का काम करेंगे परंतु उन्होंने भी इस समस्या का समाधान नहीं किया।यहाँ क्या भाजपा क्या कांग्रेस सभी राजनीतिक दलों



के नेताओं ने जनता के संग धोखाधड़ी करने का ही काम किया है ओखला के वर्तमान विधायक एवं पूर्वी दिल्ली के सांसद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को शुद्ध पेजल एवं सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आगे आकर समस्याओं के समाधान कर आम जनता को इस जटिल समस्याओं से निजात दिलवानी चाहिए शायद इन जनप्रतिनिधियों के पास समय का अभाव है अथवा वे इस समस्या का समाधान करना ही नहीं चाहते। वार्ड 103 एस की आम जनता को शुद्ध पेजल के अभाव के कारण यहॉ के स्थानीय पानी के प्लांटों से पानी खरीद कर पीना पड़ता है जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहद हानिकारक है जिस कारण अनेक बीमारियों का सामना भी क्षेत्रवासियों को करना पड़ता है आखिर कब यह नेतागण समझेंगे यह हमारी मूलभूत आवश्यकता है क्यों हम अपने मौलिक अधिकार से अबतक वंचित है जनप्रतिनिधियों की भी अपने क्षेत्र की जनता के प्रति कुछ नैतिक जिम्मेदारी होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### *।। घोगा विलेज, बवाना डी ए फ्लैट गिरने से मौत।।*

समाचार निर्देश, नई राजकुमार,पोद्दार दिल्ली ब्यूरो चीफ, आज बवाना घोगा गांव के पास डी ए फ्लैट गिरने से 4 की मौत जबकि दो नाजुक हालत में है, लोगों का कहना है कि कुछ नशेड़ी लोग बहुत दिन से पिलर का सरिया काटने से पूरी बिल्डिंग गिरी उनमें 4 की डेड बॉडी मिली और दो नाजुक हालत में है एक 11 साल की लड़की की भी डेथ बॉडी मिली,

### निगम चुनाव पार्षद के प्रत्याशियों पार्टी की टिकट न मिलने पर दूसरे पार्टी से टिकट लेकर चुनाव लडने की धमकी

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली रमेशचंद्र व्दिवेदी।**

निगम चुनाव पार्षद प्रत्याशी की तैयारी कर रहे प्रत्याशियों का कहना है कि यदि पार्टी से टिकट नहीं मिलती है तो दूसरी पार्टी से टिकट लेकर अथवा निर्दलीय चुनाव लडने की धमकी देते सुने जा रहे हैं।जोपैसे से अमीर है उन्है किसी बात की चिंता नहीं देखी जा रही है ।वह जिस पार्टी से चाहेंगे उस पार्टी से रातों रात टिकट ले लेगें ।

### केन्द्रीय कर्मचारियों का कलेंडर हुआ जारी

**समाचार निर्देश ब्यूरो सोनू गुप्ता,**

**नई दिल्ली**। रमेशचंद्र व्दिवेदी। सेंट्रल सेक्रेटेरिएट इम्?प?लॉइज यूनियन की बैठक उद्योग भवन, नई दिल?ली में सम्पन?न हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि जनरल सेक्रेटरी एटक, कामरेड अमरजीत कौर, सदस?य नेशनल काऊंसिल (जेसीएम) कामरेड विरघु भट्टाचार्य, संस?थापक सदस्य, यूनियन कामरेड जे.एन. मिश्रा, पूर्व - सदस?य डिपार्टमेंटल काऊंसिल (जेसीएम) के पूर्व - सदस?य कामरेड आई.ए. सिदिदकी` इन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (एनजी) इम्?प?लॉइज यूनियन का वर्ष 2022 का कलेंडर जारी हुआ`

इस बैठक में सरकार से कर्मचारियों के हितों की मांगो पर भी चर्चा हुई जिसमें मुख्य रूप से सभी संवर्गो की चयन सूची जारी की जाए/सभी संवर्गो की पदोन?नति की जाए। एमटीएस कर्मचारियों की पदोन?नति की जाए। जे.एस.ए. की भर्ती की जाए। कोविड-19 में शहीद हुए केन?दीय कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकम?प?पा के आधार पर नियुक्ति की जाए एवं एक करोड़ रु. का मुआवजा दिया जाने पर चर्चा हुई` माननीय अतिथियों द्वारा इन मांगों को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री घनश?याम चौहान महासचिव, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (एनजी) इम्?प?लॉइज यूनियन द्वारा किया गया । इस अवसर पर विभिन्न मंत्रालयों से सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित थे`

### खाद्य पदार्थों में मिलातट और मंहगाई से जनता परेशान

**समाचार निर्देश ब्यूरो नईदिल्ली रमेशचंद्र व्दिवेदी**

मदनपुर खादर विस्तार तथा उसके आस पास की दूकानों में खाद्य पदार्थों में धड़ल्ले से मिलावट की खबरें मिल रही है जिससे लोगो के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है ।स्वास्थ्य विभाग कुम्भकर्ण की नींद सो रहा है । कितने सालों से स्वास्थ्य विभाग से इस क्षेत्र कोई खाद्य जांच की न आने की शिकायतें की जा रही है । तो दूसरी खाद्य पदार्थों और सब्जियों के भाव आसमान छू रही है । उद्योग धंधे ठप पड़ जाने से बेरोजगारी चरम सीमा पर है। कितने घरों में एक समय के चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं।इधर जो राहत सेवाएं वितरीत की जा रही उसमें राजनीतिक पक्षपात पूर्ण रवैया अपनायी जा रही है ।

### नेता गिरी के साथ गांव समाज तथा सरकारी जमीनों पर अबैध कब्जे करने कराने की शिकायतें

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली रमेशचंद्र व्दिवेदी।**

मदनपुर खादर विस्तार में नेता गिरी के साथ गांव समाज और सरकारी जमीनों के अबैध कब्जे करने कराने की शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जा रही है । दूसरी ओर रोहनिया के पास कोई सबूत न होने के बाबजूद के आधार कार्ड , पहचान पत्र जाली कागजों के। जरिए बनाये जाने की शिकायतें मिल रही है। जनता व्दारा जोरदार मांग की जा रही हैं कि सरकार अविलंब जमीनों अबैध कब्जा करने कराने वाले के प्रति सख्त करते हुए अबैध खबरें के जमीनों को मुक्त कराये ।

### जीवन का गणित

मास्टर की थोड़ी बहुत डांट-डपट का कोटा अपने बदन से झाड़कर वह बैठ गया। हंसमुख, चुलबुले स्वभाव वाले उस छात्र को उस दिन के बाद न जाने क्या हो गया कि वह गुमसुम सा उखड़ा-उखड़ा रहने लगा। कुछ दिनों बाद उसने पाठशाला छोड़ दी। यह घटना घट कर 15 वर्ष बीत गए। अब मास्टर जी बूढ़े हो चले थे। घर की माली हालत बड़ी तंग थी। पाठशाला ने उन्हें बुढ़ापे का हवाला देकर यूज एंड थ्रो की तरह टरका दिया। इकलौता बेटा काफी पढ़ा-लिखा होने के बावजूद मास्टर जी के सीने पर मूँग दल रहा था।

एक दिन मास्टर ने पेपर में अपने बेटे और खुद के लायक किसी नौकरी का विज्ञापन देखा लड़का इतने इंटरव्यू दे चुका था कि अब उसे सारे विज्ञापन सौंदर्य साधनों से लगने लगे। सौंदर्य साधन गोरा करने के नाम पर सांवलेपन के साथ जो खिलवाड़ करते हैं वह शाहरुख खान, जॉन अब्राहम और यामी गौतम की नानी तक नहीं बता सकतीं। सो लड़के का विज्ञापनों में विश्वास ना रहा। जैसे-तैसे पिता ने उसे मनाया और दोनों इंटरव्यू के लिए चल पड़े।

इंटरव्यू के समय कंपनी का मालिक बारी-बारी से सबसे सवाल-जवाब तलब कर रहा था। ना जाने मास्टर जी को देख कर उसे क्या हुआ उसने तुरंत मास्टर जी को इंटरव्यू के लिए बुलाया। मालूम करने पर पता चला कि वे लड़के के साथ-साथ खुद भी नौकरी करना चाहते हैं। मालिक ने उन्हें नौकरी करने से मना कर दिया और उनके लड़के को दुगनी तनख्वाह पर नौकरी में रख लिया।

नैतिकता के पतझड़ में मास्टर जी कब के सूखकर पीले पड़ गए थे। किंतु आज उनकी आंखों में कृतज्ञता के आंसू छलक पड़े। वह कुछ कहना चाहते थे।

# बैंक में चोरी के प्रयास की वारदात पर एसपी ने मौका पर पहुंचकर लिया घटना स्थल जायजा

**झज्जर**
थाना शहर झज्जर क्षेत्र में पुराना बस अड्डा झज्जर के पास पंजाब नेशनल बैंक में अज्ञात दोषियों द्वारा चोरी का प्रयास करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे एसपी श्री वसीम अकरम ने घटना का बारीकी से मुआयना करते हुए उपरोक्त वारदात के दोषियों का पता लगा कर मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के संबंध में कड़े दिशानिर्देश दिए हैं। स्थानीय पुलिस को मिली सूचना के अनुसार शुक्रवार की रात को अज्ञात दोषियों द्वारा बस अड्डा झज्जर के नजदीक पंजाब नेशनल बैंक में घुसकर चोरी का प्रयास करने की वारदात को अंजाम दिया गया था। उपरोक्त वारदात की सूचना पर एसपी झज्जर श्री वसीम अकरम स्वयं शनिवार को मौका पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का बारीक की जायजा लेते हुए उन्होंने बैंक अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों से वारदात की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान घटनास्थल पर एसपी श्री वसीम अकरम के साथ एडिशनल एसपी बादली श्री अमित यशवर्धन आईपीएस, श्री दीपक



कुमार आईपीएस, डीएसपी झज्जर श्री नरेश कुमार, सीआईए प्रभारी झज्जर निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सीआईए प्रथम बहादुरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार तथा थाना प्रबंधक शहर झज्जर उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह व अन्य पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक शहर झज्जर उपनिरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक झज्जर शाखा में चोरी का प्रयास करने की वारदात की सूचना पर मौका पर पहुंचे एसपी श्री वसीम अकरम ने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने बैंक व पुलिस अधिकारियों से वारदात के संबंध में बातचीत की। उपरोक्त वारदात के संबंध में शहर झज्जर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बैंक से चोरी का प्रयास करने का मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि एसपी श्री वसीम अकरम ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए उपरोक्त मामले की गहनता से जांच पड़ताल करने तथा वारदात के दोषियों का पता लगाकर उनको जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के संबंध में कड़े दिशा निर्देश दिए। वारदात को जल्द से जल्द सुलझाने तथा वांछित दोषियों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बादली श्री अमित यशवर्धन आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस की विशेष 05 टीमों का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रबंधक शहर झज्जर, सीआईए झज्जर, सीआईए प्रथम व द्वितीय बहादुरगढ़ तथा साइबर सैल की टीम को शामिल किया गया है। उपरोक्त मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज सहित हर एंगल से गहन जांच की जाएगी। उपरोक्त वारदात के दोषियों को काबू करने तथा वारदात को जल्द सुलझाने के लिए पुलिस के स्तर पर हर संभव कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## इस वैलेंटाइन डे के मौके पर अपने प्रियजनों को दें वी पर्सनलाइज्ड नंबर और क्युरेटेड फोटोबुक का खास उपहार, प्यार के दिन को बनाएं हमेशा के लिए यादगार

**गुरुग्राम।** यह साल का वह समय है जब लोग ह्यवैलेंटाईन डेह्व के मौके पर प्यार का जश्न मनाते हैं। और आपके प्यार का इजहार करने के लिए फोटो एलबम से बेहतर कोई उपहार नहीं हो सकता, जो आपकी पुराने यादों को तरोताजा कर देता है, तो इस वैलेंटाईन डे के मौके पर अपने प्रियजनों को कस्टमाइज्ड सिम कार्ड के साथ फोटो एलबम का तोहफा दीजिए!

जना-माना टेलीकॉम ब्राण्ड वी जूमिन के साथ एसोसिएशन में स्पेशल ऑफर लेकर आया है जो आपके वैलेंटाईन डे को निश्चित रूप से यादगार बना देगा। अपने प्रियजनों को वी के पोस्टपेड सिम और कस्टमाइज्ड फोटोबुक के साथ कस्टमाइज्ड मोबाइल नंबर का उपहार दीजिए- रु 299 की कीमत वाला यह सिम और फोटोबुक जूमिन की ओर से मुफ्त उपलब्ध है, आप बर्थडे, एनिवर्सरी या किसी अन्य स्पेशल सीरीज के अनुसार अपनी पंसद को ध्यान में रखते हुए यह मोबाइल नंबर चुन सकते हैं। आप 20 पेज वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई फोटोबुक अपने किसी भी प्रियजन को उपहार में दे सकते हैं, जो आपकी और आपके पार्टनर की सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों के साथ जीवन के खास पलों को हमेशा के लिए यादगार बना देगी। यह ऑफर 9-14 फरवरी 2022 तक उपलब्ध है।

## दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने औरंगजेब लेन का नाम बदलकर डा. ए.पी.जे अब्दुल कलाम करने की मांग की

**नई दिल्ली 12 फरवरी:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने जानकारी दी है कि उन्होंने नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) से औरंगजेब लेन का नाम बदलकर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लेन करने की अपील की थी जिस प्रस्ताव को उन्होंने स्वीकार कर लिया है और इस मामले में आगे की उचित कार्रवाई के लिए मामले को संबंधित समिति को भेज दिया है। कालका ने आगे बताया कि औरंगजेब रोड का नाम बदलकर पहले ही डॉ एपीजे अब्दुल कमल रोड कर दिया गया है लेकिन



औरंगजेब लेन का नाम अभी तक नहीं बदला गया है। इसलिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने औरंगजेब लेन का नाम बदलकर महान वैज्ञानिक व भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर करने की मांग की क्योंकि रोड का नाम बदलकर पहले ही डा. ए.पी.जे अब्दुल कलाम कर दिया गया था



मगर लेन का नाम नहीं बदला गया जबकि दिल्ली में जितने भी रोड और लेन हैं दोनों के नाम एक ही हैं फिर औरंगजेब लेन का नाम क्यों नहीं बदला गया? डीएसजीएमसी के महासचिव जगदीप सिंह कहलों ने कहा कि औरंगजेब एक तानाशाह था जिसने लाखों निर्दोष भारतीयों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया तथा उन पर अत्याचार किया। आखिर हम अपनी आने वाली पीढ़ी को किस तरह का संदेश देना चाहते हैं कि हम ऐसे क्रूर शासक के नाम पर एक गली समर्पित करके उनका सम्मान करते रहे और वह भी भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में। यह हर भारतीय के लिए बेहद शर्मनाक और असहनीय है।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष स. जसविंदर सिंह जोली दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की ओर से एनडीएमसी के समक्ष इस मामले को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## स्कूल से गेहूं चोरी करने का एक आरोपी काबु

**झज्जर** थाना बेरी के अंतर्गत पुलिस चौकी छूछकवास के एरिया में स्थित एक स्कूल से गेहूं चोरी के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को चोरी के गेहूं के साथ काबु किया गया। पकड़े गए आरोपी के संबंध में जानकारी देते हुए थाना बेरी के अंतर्गत पुलिस चौकी प्रभारी छूछकवास सहायक उप निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल से गेहूं चोरी के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि राजेंद्र निवासी कोयलपुर खेतावास जिला झज्जर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए स्कूल से गेहूं की तीन बोरी चोरी होने के संबंध थाना बेरी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीती 08 फरवरी को चोरी का मामला दर्ज किया गया था। दर्ज मामले पर गहनता से कार्रवाई करते हुए चौकी में तैनात मुख्य सिपाही रामबीर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया गया। पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में पहचान राजेश निवासी गांव खेतावास जिला झज्जर के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपी ने चोरी की उपरोक्त वारदात का खुलासा किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी चोदा गेहूं के 03 कट्टे बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे अदालत झज्जर में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## यूपी में सोमवार से खुलेंगे सभी स्कूल, कोरोना मामलों में कमी आने के बाद फैसला

**समाचार निर्देश ब्यूरो-(बी.पी.मिश्र)**
**गोरखपुर।** 12 फरवरी 2022 उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस का कहर कम होने के बाद स्कूलों को खोले जाने का आदेश जारी किया गया है। सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, प्रदेश के सभी स्कूल 14 फरवरी से खोल दिए जाएंगे। मालूम हो कि देशभर में पिछले दो सालों से कोरोना के खतरे को देखते हुए स्कूलों को समय-समय पर बंद किया गया है।राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, सोमवार 14 फरवरी से उत्तर प्रदेश के नर्सरी क्लास से सभी स्कूल खोल दिए जाएंगे।

## शिल्प और माटी कला बोर्ड का उपाध्यक्ष बनने पर डूंगर राम गेदर के समर्थकों में खुशी की लहर

**समाचार निर्देश ब्यूरो डॉ पूनम प्रजापति भारतीय**
श्रीगंगानगर। राजस्थान सरकार द्वारा श्रीगंगानगर जिले के डूंगरराम गेदर साहब जी को शिल्प एवं माटी कला बोर्ड का उपाध्यक्ष राज्यमंत्री बनाया गया गेदर को उपाध्यक्ष राज्य मंत्री बनने पर उनके गांव 22 एलजीडब्ल्यू में सभी ग्राम वासियों ने मिलकर मिठाइयां बांटकर गुलाल लगाकर पटाखे छोड़कर खुशी मनाई इस खुशी के अवसर पर वार्ड पंच देवी लाल गोदारा, आत्माराम गोदारा, गौरीशंकर गोदारा, बनवारी लाल रणवा ,अमर सिंह ,सुखदेव सिंह भंगू, सुभाष खीचड़ ,मुखराम सहाण, पृथ्वीराज सहारण ,चंदू राम गेदर ,दिलीप गोदारा ,हितेश गेदर, नवीन खीचड़, सतपाल लोट ,भीखाराम नायक ,सुल्तान जी नायक शमशेर सिंह भुल्लर गुरदीप सिंह भुल्लर, बलवंत सेन ,बाबा मलकीत सिंह भंगू, चड़सिंह समेत बच्चों और महिलाये उपस्थित रहे सभी ग्राम वासियों ने खुशी जाहिर की।

## अगले तीन महीनों में 100 एजुकेशन चैलन शुरू करने की तैयारी में है शिक्षा मंत्रालय

**ब्यूरो रिपोर्ट।** बजट में सरकार ने दो सौ नए टीवी चैनलों को शुरू करने की जो घोषणा की है, उस पर पहले से ही काम शुरू हो चुका है। इसके तहत अगले दो से तीन महीनों में करीब सौ टीवी चैनलों को शुरू करने की तैयारी भी है। इनमें कई ऐसे चैनलों को भी शुरू करने की योजना है, जिसके जरिए सिर्फ व्यवसायिक शिक्षा की ही पढ़ाई कराई जाएगी। इन चैनलों को शुरू करने की जो योजना बनाई गई है उनमें करीब सौ टीवी चैनल अकेले स्कूली शिक्षा के लिए होंगे। इसी तरह से उच्च शिक्षा के लिए भी करीब 50 चैनेल शुरू होंगे, जबकि व्यवसायिक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए भी कुछ समर्पित चैनलों को शुरू करने की योजना है। पहली से बारहवीं तक के लिए है एक-एक समर्पित चैनल शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक मौजूदा समय में पीएम- ईविद्या योजना के तहत बारह टीवी चैनल संचालित किए जा रहे है। इनमें पहली से बारहवीं तक के लिए एक-एक समर्पित चैनल है। वैसे तो इसे काफी पहले ही शुरू होना था लेकिन विषय वस्तु (कंटेंट) तैयार होने में देरी के चलते इसे काफी देरी से शुरू किया गया था। हालांकि इस विषयवस्तु को दूसरी भाषओं में अनुवाद कर तेजी से लाने की तैयारी है।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत युवाओं की एक दिवसीय कार्यशाला

**डॉ पूनम प्रजापति भारतीय**
समाचार निर्देश ब्यूरो हनुमानगढ़।
नेहरू युवा केंद्र हनुमानगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक दिवसीय युवाओं का आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नेहरु युवा मंडल के सहयोग से पोहड़का में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के तहसील उपाध्यक्ष देवीलाल स्वामी विशिष्ट अतिथि व्याख्याता रोहिताश मीणा, भूतपूर्व सैनिक रामकुमार सिंह सोढा, शारीरिक शिक्षक सुबा सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील समरसता प्रमुख ईद्रांज जी मटोरिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था



अध्यक्ष धर्मवीर जोशी ने की। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक प्रभारी सुरेश शर्मा ने नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से चलाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान करते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि देवीलाल स्वामी ने युवाओं को अच्छे आचरण तथा अनुशासन को जीवन में अपनाने एवं खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक रामकुमार सोढा, सूरत सिंह, अशोक पूनिया,धर्मवीर जोशी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को अल्पाहार करवाकर उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में पधारे 80 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री राजेश जोशी ने किया। इस अवसर पर पूर्व पंच जगदीश खंडेलवाल, द्वारका प्रसाद स्वामी, राजेंद्र कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड (ईएफएल) फरीदाबाद शाखा का के .सी . रोड के बड़े परिसर में स्थानांतरण हुआ




फरीदाबाद । फरीदाबाद में इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड ( ईएफएल) जो एमएसएमईस के लिए बहुत ही विश्वसनीय संस्थान , उसने 10 फरवरी 2022 को अपना कार्यालय इंडस्ट्रियल टाउन से केसी रोड स्थानांतरित कर दिया है ।नई शाखा का उद्घाटन श्री तुषार चांदोरकर बिजनेस हेड सेल्स द्वारा किया गया था ।नया कार्यालय परिसर उसी उत्साह के साथ काम करेगा और ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा । ग्राहक की केंद्रितता और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ईएफएल अपने कई अच्छे उत्पादों के साथ सहयोग देता रहेगा ,जिसमें मशीन फाइनेंस , रूफटॉप सोलर फाइनेंस और प्रॉपर्टी लोन भी शामिल रहेंगे । एमएसएमईस सिग्मेंट पर फोकस , कोलैटरल फ्री लेंडिंग ,ग्राहक प्रोफाइल मूल्यांकन और घर-घर सेवा ईएफएल को सबसे भरोसेमंद बनाती है । मशीन वित्त में बाजार के लीडर्स में से एक होने के कारण और रूफटॉप सोलर और इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी लोन को पहली बार पेश करने के बाद यह 15,000 से ज्यादा ग्राहकों के साथ सबसे भरोसेमंद नामों में से एक हुआ है । श्रीमती शिल्पा पोफले, मैनेजिंग डायरेक्टर इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड ने कहा, ह्लफरीदाबाद ईएफएल के लिए एक बहुत मजबूत बाजार रहा है और हमें खुशी है कि ग्राहकों ने हम पर भरोसा किया है और हमें उनकी सेवा करने का मौका दिया है। ग्राहकों के समर्थन के कारण ही आज हम बड़े परिसर में जाने में सक्षम रहे हैं ।हमारी टीम नए और मौजूदा ग्राहकों के व्यवसायों के लिए वित्त जुटाने की पूरी तैयारी में लगी है । 3 दशकों से अधिक के अनुभव और 1500+ करोड़ से अधिक एसेट्स और 100 शाखाओं के साथ ईएफएल इस यात्रा को जारी रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है ।

**नई शाखा का पता:**
शाखा का पता: इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड, 5 जे /105, दूसरी मंजिल, के सी रोड , एन आई टी,

### डम्फर चोरी का एक आरोपी काबु, चोरीशुदा डम्पर बरामद

**झज्जर**
थाना सदर झज्जर के एरिया से डम्फर (ट्रॉली)चोरी के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा डम्पर को बरामद करने में सफलता हासिल की गई। पकड़े गए आरोपी के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रबन्धक सदर झज्जर निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि डम्फर चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बलजीत निवासी गांव ढाकला जिला झज्जर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए डम्फर ( ट्रॉली ) चोरी के संबंध थाना सदर झज्जर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीती 8 फरवरी को चोरी का मामला दर्ज किया गया था। दर्ज मामले पर गहनता से कार्रवाई करते हुए थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक मनजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में पहचान अजय निवासी गांव मोहनबाड़ी छोटा झांसवा हाल गांव धारण जिला रेवाड़ी के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपी ने डम्पर चोरी की उपरोक्त वारदात का खुलासा किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे अदालत झज्जर में पेश किया गया। माननीय अदालत से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरीशुदा डंपर को बरामद किया गया। रिमांड के दौरान पूछताछ के पश्चात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे अदालत में पेश किया गया। माननीय अदालत के आदेश अनुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी काबू


**झज्जर**
झज्जर जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए झज्जर पुलिस की टीम द्वारा एक आरोपी को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक सैल झज्जर की टीम द्वारा नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को थाना शहर झज्जर के एरिया से गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक सेल झज्जर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल झज्जर की एक पुलिस टीम थाना शहर झज्जर के एरिया में तैनात थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि रवि निवासी शिव कॉलोनी कच्चा बेरी रोड झज्जर मादक पदार्थ की तस्करी का अवैध धंधा करता है। वह कच्चा बेरी रोड झज्जर पर स्थित एक वाटिका के पास मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक सेल में तैनात सहायक उप निरीक्षक तेन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम कच्चा बेरी रोड पर वाटिका के पास पहुंची तो वहां पर एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को काबू किया गया। पकड़े गए व्यक्ति के पास मादक पदार्थ होने के संदेह पर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी को सूचित किया गया। जिसके पश्चात मौके पर पहुंचे राजपत्रित अधिकारी महोदय के समक्ष नियम अनुसार तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

# टीएमयू में दिलाई गई स्टुडेंट्स को मतदान की शपथ

## यूनिवर्सिटी के ऑडी में वक्ताओं ने युवाओं को किया 14 फरवरी को वोट डालने के लिए प्रेरित

**खास बातें**
- **14 फरवरी अवकाश दिवस नहीं, देशभक्ति का दिन: डिस्ट्रिक्ट आइकॉन**
- **रजिस्ट्रार डॉ. शर्मा बोले, वोट डालना भी किसी देशभक्ति से कम नहीं**
- **एसोसिएट डीन डॉ. मंजुला ने कहा, बैलेट की ताकत बुलेट से भी ज्यादा**
- **छात्र कल्याण निदेशक प्रो. सिंह ने छात्र-छात्राओं को कराया अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में इलेक्शन अवेयरनेस कैंपेन की एम्बेसडर एवम् योग गुरू श्रीमती रितु नारंग ने बतौर मुख्य अतिथि युवाओं से कहा, आपको अपने



देश से बेपनाह मुहब्बत करनी चाहिए। माई नेशन इज माई वैलेंनटाइन। उल्लेखनीय है, मुरादाबाद मंडल में 14 फरवरी यानी वैलेंनटाइन डे को ही मतदान होना है। वह बोलीं, दुर्भाग्य है, हम आलोचना करने में तो आगे रहते हैं, लेकिन कर्तव्यों के निर्वाह में पीछे हट जाते हैं। हमारे पास वोट की शक्ति है। हमें इस ताकत को पहचानना है, क्योंकि हमारे एक-एक वोट से सरकार बनती है। बतौर डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्रीमती नारंग यूनिवर्सिटी के ऑडी में एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित मतदाता जागरुकता अभियान में बोल रही थीं। इससे पूर्व पहली बार वोटर बने स्टुडेंट्स ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने छात्र-छात्राओं को वोट देने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्रीमती रितु नारंग, निदेशक छात्र कल्याण प्रो. एमपी सिंह, एसोसिएट डीन डॉ. मंजुला जैन, प्रो. श्याम सुंदर भाटिया की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई के कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि प्रकाश सिंह ने किया।

योग गुरू श्रीमती रितु नारंग बोलीं, भारतीय होने पर हमें गर्व होना चाहिए। 14 फरवरी को अवकाश दिवस न मानें बल्कि यह देशभक्ति का दिन है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि उन्हें जाति-धर्म से इतर वोटिंग करनी चाहिए। अंग्रेजी और हिंदी मिश्रित पांच मिनट के संबोधन में श्रीमती नारंग युवाओं में मतदान के प्रति जोश, जुनून और जज्बे का संचार कर गईं। रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने युवाओं से चुनाव रूपी यज्ञ में आहुति देने का आह्वान किया। युवाओं को अनमोल बताते हुए कहा, यदि आप मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो आप लोकतंत्र के बहुमूल्य हक को खो रहे हैं। सच यह है, वोटिंग करना देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। सीमा पर जाना ही देशभक्ति नहीं है, बल्कि वोट डालना भी किसी देशभक्ति से कम नहीं है। एसोसिएट डीन डॉ. मंजुला जैन ने कहा, बैलेट बुलेट से भी ज्यादा शक्तिशाली है, क्योंकि यह हमारी डिग्निटी का प्रतीक है। प्रत्याशी या दल के चयन की ओर संकेत करते हुए कहा, बहुतेरे शिक्षण संस्थानों में स्टुडेंट्स को अपनी पसंद के सब्जेक्ट्स टीचर्स चुनने का मौका दिया जाता है।

अंत में बोलीं, राष्ट्र का जो करेगा उत्थान, आपको उसको करना है मतदान। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. एमपी सिंह ने मतदान को लोकतंत्र का महापर्व बताते हुए ऑडी में मौजूद छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराया। साथ ही उन्होंने युवाओं से न केवल बढ़ चढ़कर वोट देने की अपील की बल्कि आस-पड़ोस में मतदान के प्रति जागरुक अभियान चलाने का भी आह्वान किया। अंत में डॉ. विनोद जैन ने सभी अतिथियों और एनएसएस इकाई का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के संग डॉ. अशोक लखेरा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार श्री दीपक मलिक, डॉ. शैफाली जैन, डॉ. मुक्ता गुप्ता, डॉ. पूनम चौहान, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. रंजीत आदि की भी मौजूदगी रही।

# महर्षि दयानंद पार्क का जल्द शुरू होगा सौंदर्य करण

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**महर्षि** दयानंद जयंती पर वार्ड -14 के निवर्तमान पार्षद जसबीर सैनी ने बाईपास के पास बने महर्षि दयानंद पार्क का दौरा किया। सैनी ने बताया की यह पार्क एक साल पहले हरा -भरा व सुन्दर दिखाई देता था। यहा लोगों की मांग पर मुलभुत सुविधाएं प्रदान की गई थी। लेकिन पीछे हुए किसान आंदोलन के कारण यह पूरी तरह खराब हो गया। अभी इस में फिर से पार्क के सौंदर्य करण की जरूरत है। पार्क के सामने वाला नया बस स्टैंड भी जल्द ही शुरू होने वाला है। इसलिए इस महर्षि दयानंद पार्क का




सौंदर्य करण बहुत जरुरी है। हमारे महापुरषो के नाम पर जितने भी पार्क बने है। उनका रख-रखाव हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए इस पार्क के बारे में अधिकारिओं को अवगत करा दिया गया है। सैनी ने वार्ड वासियों को आश्वस्त किया की जल्दी ही इस पार्क का कार्य शुरू किया जायेगा। जनता के सहयोग से यह पार्क फिर से हरा -भरा होगा। इस में आमजन के घूमने फिरने के लिए नया ट्रेक, हाई -मास्क लाइट, छतरी, घास, बैठने के बेंच, ओपन जिम, झूले, टॉयलेट, पीने के पानी की व्यवस्था, आदि सुविधाएं दी जायेगी। वही सैनी ने पार्क के पास बने महर्षि दयानंद प्रवेश द्वार को ठीक करवाने की भी प्रशासन से मांग की।

# लाइफसेल इंटरनेशनल ने मिलाए डॉ. गुंजन गुप्ता आईवीएफ से हाथ

## गाजियाबाद में शुरू किया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन इनफर्टिलिटी एंड जेनेटिक्स

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य समाधान तथा प्रजनन संबंधी परीक्षण में भारत की अग्रणी कंपनी लाइफसेल इंटरनेशनल ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुणवत्ता युक्त जेनेटिक परीक्षण और निःसंतानता के उपचार की सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास में गाजियाबाद में डॉ. गुंजन गुप्ता आईवीएफ सेंटर के साथ गठजोड़ का ऐलान किया है। इस गठजोड़ के तहत डॉ. गुंजन गुप्ता आईवीएफ सेंटर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन इनफर्टिलिटी एंड जेनेटिक्स बनाया जाएगा। इस गठजोड़ के कारण पहले से मौजूद प्रतिष्ठान की रोग निदान तथा जांच क्षमता बढ़ जाएगी, जिससे निःसंतानता तथा जेनेटिक्स परीक्षण सेवाओं के मामले में यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उत्कृष्ट केंद्र बन जाएगा।इस गठजोड़ के तहत केंद्र ने अत्याधुनिक और सभी सुविधाओं वाली लेसर बायोप्सी मशीन हासिल की है, जिसके कारण अब जेनेटिक्स परीक्षण के लिए नमूने यहीं ले लिए जाएंगे और जांच के लिए लाइफसेल लैब्स में भेजे जाएंगे। इसके कारण अब प्रतिष्ठान प्री-इंप्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग जैसी उन्नत जेनेटिक परीक्षण सुविधाएं भी मुहैया करा सकता है, जो इस इलाके में अभी तक सुलभ नहीं थी। साथ ही इस गठजोड़ के तहत लाइफसेल केंद्र में आने वाले रोगियों को जेनेटिक मसलों पर परामर्श सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी।
लाइफसेल इंटरनेशल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मयूर अभय ने इस मौके पर कहा, ḩडॉ. गुंजन गुप्ता और उनकी उत्साही टीम के साथ मिलकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन जेनेटिक्स एंड इनफर्टिलिटी आरंभ करने की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। लाइफसेल में हम न केवल लोगों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य एवं रोग निदान सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं बल्कि हम इस प्रकार की सेवाओं से वंचित क्षेत्र तलाशने और वहां की जनता को ये सेवाएं देने के रास्ते ढूंढने में भी जुटे रहते हैं। यह सेंटर केवल शुरूआत है और हम ऐसे प्रमुख क्षेत्र तलाश रहे हैं, जहां आगे चलकर सेवाओं को और उन्नत बनाया जा सकेḩ
गुंजन आईवीएफ वर्ल्ड से डॉ. गुंजन गुप्ता ने कहा, ḩअपनी रोग निदान सेवाओं को उन्नत बनाने के लिए लाइफस्केल के साथ हाथ मिलाकर हमें बहुत खुशी हो रही है।
इस गठबंधन से सुनिश्चित हुआ है कि हमारा केंद्र अब तकनीकी रूप से एकदम उन्नत और अत्याधुनिक रोग निदान तथा जेनेटिक सेवाएं दे सकेगा।

### गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में महासफाई अभियान आज से: युद्धवीर

# बहादुरगढ़ खंड के 44 और बादली खंड के 29 गांवों में चलेगा महासफाई अभियान

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
हरियाणा सरकार ने गुरू रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्य के सभी गांवों में 13 फरवरी से महासफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह के मार्गदर्शन में खंड बहादुरगढ़ और बादली खंड की सभी ग्राम पंचायतों में रविवार 13 फरवरी से यह अभियान आरंभ होगा। खंड एवं पंचायत विकास अधिकारी युद्धवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बहादुरगढ़ खण्ड का मुख्य कार्यक्रम गांव सिद्दीपुर तथा बादली खण्ड का मुख्य गांव मुनीमपुर में होंगा। एसडीएम बहादुरगढ़ भूपेंद्र सिंह गांव सिद्दीपुर व एसडीएम बादली विशाल कुमार गांव मुनीमपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। बीडीपीओ युद्धवीर सिंह ने बताया कि महासफाई अभियान के दौरान दोनों खंडों के सभी गांवों के धार्मिक स्थलों, गलियों, सरकारी परिसरों, सार्वजनिक स्थलों, फिरनी आदि में श्रमदान के जरिए ग्रामीणों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, मनरेगा श्रमिकों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विभागों की भागीदारी भी रहेगी। उन्होंने बताया कि महासफाई अभियान के साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता, हाथों की साफ करने की सही विधि सहित स्वच्छता से जुड़े विभिन्न घटकों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# वैश्य बीएड कॉलेज में भावी अध्यापिकाओं ने मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** वैश्य बी. एड. कॉलेज में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से इस दिवस को मनाया जिसकी थीम 'कोविड -19 के दौरान महिलाओं द्वारा निभाई गई विभिन्न भूमिकाएँ' रही। महाविद्यालय की छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भावी अध्यापिकाओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली विभिन्न भूमिकाओं को दशार्या। राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे भारत में 13 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन भारत देश की पहली महिला गर्वनर और अपने जीवन से लोगों को प्रेरणा देने वाली सरोजिनी नायडू के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। सरोजिनी नायडू एक ऐसी महिला थी, जिन्होंने अपनी आजादी के लिए सबसे संघर्ष किया, क्रांतिकारी लेख लिखे, आजादी के लिए जेल गईं। उनके काम और योगदान का सम्मान करते हुए, यह दिन देश में महिलाओं के विकास का जश्न मनाने का भी प्रतीक है। इस अवसर पर महाविद्यालय की



प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में जानते हैं जो 8 मार्च को आता है, लेकिन भारत 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाता है क्योंकि अभी भी हमारे देश में स्त्रियां समानता और महिला सशक्तीकरण के लिए संघर्ष कर रही हैं।
किसी भी देश के विकास के लिए महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारे देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है ताकि देश की महिलाएं सशक्त बन सके और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। महाविद्यालय द्वारा कराई गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान कविता, दूसरा स्थान पूजा व आरती, तीसरा स्थान चुटकी, कुमकुम व कोमल तथा सांत्वना पुरस्कार पिंकी व शीतल ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान ममता , दूसरा स्थान सुरभि व मधु , तीसरा स्थान कशिश, स्नेहा व भूमिका तथा सांत्वना पुरस्कार मंजू व नीलम ने प्राप्त किया। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस कार्यक्रम का आयोजन लीगल सेल, महिला सेल व सावित्रीबाई फुले सदन के द्वारा कराया गया।

# लाइनपार से खाटू श्याम जी मंदिर के लिए पैदल निशान (ध्वज) यात्रा गई

## धार्मिक कार्यो से बढ़ता है भाईचारा :राजबीर सिंह



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ।** शहर के लाइनपार वार्ड नम्बर 1 से खाटू श्याम जी मंदिर के लिए पैदल निशान (ध्वज) यात्रा गई। जय श्री श्याम सेवा समिति अध्यक्ष राजबीर सिंह ने बताया कि निशान यात्रा एक तरह की पदयात्रा होती है। जिसमे भक्त हाथो में श्याम ध्वज ( निशान) हाथ में उठाकर श्याम बाबा को चढाने खाटू श्याम जी मंदिर तक जाते है।
यह उनकी दूसरी यात्रा पैदल थी। वही भक्तो ने हारे के सहारे बाबा श्याम हमारा, शीश के दानी की जय के जयकारे लगाये। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यो से भाईचारा बढ़ता है। समिति अध्यक्ष राजबीर सिंह ने कहा कि समिति समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम करवाती रहती है। राजबीर सिंह ने कहा कि श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है जिसमे उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था। इस अवसर पर प्रवीण भारद्वाज, हेमंत शर्मा, सचिन भारद्वाज, सागर चौहान, कमलेश देवी, रीना, अतुल, रामवीर, सीमा चौहान, सन्नी आदि मौजूद रहे।
**फॉटो कैप्शन** : खाटू श्याम मंदिर के लिए निशान यात्रा में जाते हुए श्रद्धालु।

# सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने 2022 के भारत दौरे के लिए वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम को प्रायोजित किया

**हिसार ।** सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के साथ आधिकारिक स्पॉन्सर के तौर पर साझेदारी करने की घोषणा की है। वेस्?टइं?डीज के मौजूदा भारत दौरे के लिये यह साझेदारी की गई है। वेस्ट इंडीज टीम को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिये जाना जाता है और उनका स्वाभाविक रूप से कैरेबियन जोश उन्हें और भी बेहतर बनाता है। उनका यह अंदाज रॉयल स्टैग ब्रांड की ḩइट्स योर लाइफ। लिव इट लार्जḩ की फिलॉसफी में पूरी तरह फिट होता है। अपनी प्रतिष्ठित छवि और जेंटलमैन्स गेम के प्रति प्यार को साबित करते हुए, रॉयल स्टैग क्रिकेट के उन धुरंधरों की जड़ों को और मजबूत बना रहा है जिन्हें पूरे भारतभर में इतना पसंद किया जाता है।
क्रिकेट हमेशा से ही रॉयल स्टैग ब्रांड के प्रचार के केंद्र में रहा है। वर्षों से, दुनिया के शीर्ष क्रिकेटरों और टीमों के साथ ब्रांड की लगातार साझीदारी ने देश भर के क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने




जुड़ाव को मजबूती दी है। इस स्पॉन्सरशिप के बारे में, कार्तिक मोहिन्दर, सीएमओ, पर्नोड रिकार्ड इंडिया का कहना है,
ḩक्रिकेट प्रेमियों की एक पूरी पीढ़ी के लिये, वेस्ट इंडीज बेजोड़ टैलेंट, सकारात्मक रवैये और शानदार स्वभाव का सही तालमेल है। पिछले दशक में, इस टीम ने उस अनूठे जोश को फिर से ढूंढ निकाला है और उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने कैरेबियन को दो बार टी20 विश्व कप जीतने में मदद की है। रॉयल स्टैग ने पिछले कई सालों में उन खूबियों का पूरा लाभ उठाया है, जिसकी वजह से यह साझीदारी और भी खास हो जाती है।

# पेंशन धारक ट्रेजरी कार्यालय जमा करवाएं अपना बचत विवरण

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** हरियाणा सरकार की ट्रेजरी के माध्यम से पेंशन ले रहे सभी पेंशन धारकों को वित्त वर्ष 2021-22 में की गई बचत का ब्यौरा जमा करवाना है। पेंशन धारकों से प्राप्त ब्यौरे के विवरण को ट्रेजरी द्वारा ई पेंशन पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए ट्रेजरी अधिकारी संजीव ढींगरा ने बताया कि जिला मुख्यालय झज्जर सहित बहादुरगढ़, बेरी व मातनहेल में संचालित किसी भी ट्रेजरी कार्यालय से पेंशन ले रहे पेंशन धारकको टैक्स की कटौती के लिए वित्त वर्ष 2021-22 की बचत का ब्यौरा पिछले वर्षों की भांति जमा कराना है। उपमंडल में हरियाणा सरकार के सभी पेंशनधारी जल्द से जल्द अपनी बचत का ब्यौरा संबंधित ट्रेजरी कार्यालय में जमा कराएं।

# छोटे उद्यमी तेजी से कर रहें हैं अपने कारोबार का विस्तार

## महामारी के कारण कारोबार में आई गिरावट से उबरने में एको की साझेदारी उनके लिए कारगर साबित हो रही है

**नई दिल्ली।** छोटे उद्यमी, जिन्होंने कोविड-19 के विपरीत प्रभावों के चलते अपना कारोबार खो दिया, वे अब एको कनेक्ट प्लेटफॉर्म के साथ जुड़कर अपना कारोबार बढ़ा रहे हैं। छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर उन्हें सफलता हासिल करने में मदद करना एको का मुख्य उद्देश्य है।
नोवल कोरोनावायरस की शुरूआत के बाद से कई छोटे कारोबारों एवं उद्यमियों पर बुरा प्रभाव पड़ा है। लॉकडाउन के चलते उनके कारोबार में भारी गिरावट आई है, उनके पास आने वाले ग्राहकों की संख्या बेहद कम हो गई है। क्योंकि इनके कारोबार मुख्य रूप से ऑफलाईन तरीकों से चल रहे थे, इसलिए उन्हें बहुत अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ऐसे संकट के दौर में वे एको के डिजिटल रूट को अपनाकर अपने कारोबार को फिर से पटरी पर लाने में सक्षम हुए हैं।
इस अवसर पर अभिनव सिन्हा, सह-संस्थापक, एको ने कहा, ḩḩकोविड-19 महामारी का असर तकरीबन हर उद्योग पर हुआ है, खासतौर पर एमएसएमई पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है। छोटे उद्यमियों को अपने कारोबार में बहुत अधिक नुकसान झेलना पड़ा, उन्हें अपना कारोबार जारी रखने में कई मुश्किलें आईं। हमें खुशी है कि अपनी डिजिटल इनेबल्ड सेवाओं जैसे युटिलिटी बिल भुगतान और मनी ट्रांसफर सुविधाओं के साथ हम इन छोटे उद्यमियों को सक्षम बना रहे हैं। हमें गर्व है कि हम इनके कारोबार के विकास में योगदान दे रहे हैं। ये उद्यमी आज हमारे प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ कर टॉप सैलर्स बन चुके हैं। उनके अलावा, हम देश भर में 10 मिलियन से अधिक छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाना चाहते हैं।
एको प्लेटफॉर्म से जुड़े ऐसे ही एक छोटे उद्यमी नोमन शाहिद जो अपने समुदाय में मनी ट्रांसफर सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ एक बुकशॉप भी चलाते हैं। अप्रैल 2020 में महामारी की शुरूआत के बाद उनका किताबों का काम बहुत कम हो गया,
]उनका मनी ट्रांसफर लेनदेन भी तकरीबन शून्य पर आ गया। हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी और एको के साथ जुड़कर अपने कारोबार को फिर से पटरी पर लेकर आए। नवम्बर 2021 में उन्होंने एक महीने के अंदर 1.70 करोड़ से अधिक के लेनदेन किए। उन्होंने डिजिटल भुगतान और मनी ट्रांसफर सेवाओं से अच्छा कमीशन कमाया। नोमन की ही तरह गुरूग्राम से एक और विक्रेता नागेश्वर तिवारी ने भी नवम्बर 2021 में 1.1 करोड़ से अधिक का लेनदेन किया, जो अप्रैल 2020 में लगभग शून्य हो गया था। विभिन्न राज्यों के उद्यमी जैसे मध्यप्रदेश से अमित अवस्थी, मुंबई से सुधीर रामचन्द्र राउत और ठाणे से शिव कुमार ने डिजिटल रूट को अपनाया है तथा एको के माध्यम से अपने कारोबार को फिर से पटरी पर लेकर आए हैं।
कारोबार में आए इन सकारात्मक बदलावों पर बात करते हुए एको-सशक्त कारोबारी नोमन शाहिद ने बताया, ḩḩमहामारी के चलते मेरे कारोबार पर अप्रत्याशित असर हुआ। वो समय मेरे लिए बेहद मुश्किलों से भरा था, मुझे अपना घर चलाना था।

# नेचुरल रिटेल भारत के सबसे पसंदीदा ऑनलाइन कृषि-इनपुट मार्केटप्लेस के रूप में उभरा

नई दिल्ली। कृषि पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित संपूर्ण समाधानों की भारत की अग्रणी एगटेक स्टार्टअप नेचुरल फार्म ने घोषणा की है कि उसका ऑनलाइन प्लैटफॉर्म नेचुरल रिटेल भारत के सबसे बड़े, सबसे पसंदीदा और सबसे तेजी से बढ़ते ऑनलाइन कृषि इनपुट मार्केटप्लेस के रूप में उभर रहा है। नेचुरल रिटेल एक ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है जो मैन्युफैक्चरर्स, रिटेलर्स और डीलर्स के बीच डिजिटल कनेक्शन को अनलॉक करके एग्रीकल?चर इनपुट मार्केटप्लेस को बदल रहा है। नेचुरल रिटेल ऐप भारत के 13 राज्यों - पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में काम कर रहा है। नेचुरल रिटेल एक ऐसा मंच है जो कृषि इनपुट खुदरा विक्रेताओं और वितरकों को सीधे निमार्ताओं से कीटनाशक (कीटनाशक, शाकनाशी, कवकनाशी), उर्वरक और अन्य पोषण तथा जैविक उत्पाद, कृषि उपकरण, बीज और पशु चारा खरीदने देता है। उपयोगकर्ता बाद में भुगतान के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं या अतिरिक्त छूट प्राप्त करने के लिए डिजिटल भुगतान मोड का उपयोग करना चुन सकते हैं। सभी उत्पादों को खुदरा विक्रेता के दरवाजे तक मुफ्त में पहुंचाया जाता है।
बी2बी एग्रीकल्चर इनपुट मार्केटप्लेस, नेचुरल रिटेल के पास 12+ निमार्ताओं जैसे एसडब्ल्यूएएल, यूपीएल, गोदरेज एग्रोवेट, यारा इंटरनेशनल, सल्फर मिल्स, बेस्ट एग्रो लाइफ, नेपच्यून पंप्स, आईपीएल बायोलॉजिकल, ईगल सीड्स के उत्पादों की एक विस्तृत सूची और विस्तृत श्रृंखला है। रैकोल्टो , स्प्रेवेल कृषि, कृषि, गोल्डकिंग, उत्पाद की खोज को बेहद सुविधाजनक और आसान बनाते हैं । इस मंच के माध्यम से प्रति माह 100 करोड़ रुपये से अधिक की इन्वेंट्री की बिक्री के साथ, खुदरा विक्रेता उत्पादों को सर्वोत्तम कीमतों पर मांग को पूरा करने के लिए प्री-ऑर्डर कर सकते हैं। नेचुरल रिटेल ऐप के साथ निकटतम खुदरा विक्रेताओं को प्रदर्शित किया जाता है, और किसान न्यूनतम संभव डिलीवरी समय के साथ अपनी जरूरत की चीजें खरीदने से एक क्लिक दूर हैं। मौसम के पूवार्नुमान के अलावा, नेचुरल रिटेल खुदरा विक्रेताओं और किसानों को 30 किलोमीटर के दायरे में सैटेलाइट इमेजरी और भविष्यवाणी का उपयोग करके एकत्र किए गए डेटा (फसलों और रकबे के प्रकार) के आधार पर कस्टम उत्पाद अनुशंसाओं के माध्यम से सशक्त बनाता है। मंच उत्पाद की प्रामाणिकता सुनिश्चित करता है और नकली तथा घटिया उत्पाद खरीद से सुरक्षा प्रदान करता है, अंततः खुदरा विक्रेताओं को उन किसानों को सेवा लाभ देने में सक्षम बनाता है जो अब सस्ती कीमतों पर प्रामाणिक और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पाद खरीद सकते हैं।
नेचुरल रिटेल की सफलता पर अपनी बात रखते हुए, ध्रुव साहनी, बिजनेस हेड और सीओओ, ल्ल४१३४१.ं१ ने कहा, "कृषि-इनपुट सेगमेंट खाद्य गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा और लागत प्रतिस्पर्धा से संबंधित चिंताओं में भाग लेने के लिए कृषि क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण लिंक में से एक है। किसानों के लिए उपज बढ़ाने, लागत में कटौती और बेहतर मूल्य प्राप्ति के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादन के लिए प्रामाणिक और नवीनतम कृषि इनपुट महत्वपूर्ण हैं। नेचुरल रिटेल के रूप में भारत का बड़ा मंच विकसित किया है जहां कृषि से संबंधित 50,000 खुदरा विक्रेता तथा डीलर्स हैं और यहां उनकी बिक्री बढ़ रही जिनकी अब निमार्ताओं तक सीधी पहुंच है। इससे किसानों को उचित मूल्य पर उत्पाद मिलते हैं। यह न केवल हमें कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में मदद कर रहा है।

# ˙सेफेक्स केमिकल्स ने लगाई एक और छलाँग

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित प्रमुख कृषि रसायन कंपनी, सेफेक्स ने अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए गुजरात स्थित शोगुन लाइफसाइंसेज का अधिग्रहण कर लिया है। इस अधिग्रहण के साथ ही कंपनी ने अपनी कृषि से होम केयर पोर्टफोलियो तक की यात्रा को अंजाम दिया है। शोगुन लाइफसाइंसेज अहमदाबाद के पास विनिर्माण सुविधाओं के साथ एल्युमीनियम फॉस्फाइड और जिंक फॉस्फाइड के निर्माण के व्यवसाय में है।
एल्युमिनियम फॉस्फाइड एक बहुत ही महत्वपूर्ण और एकमात्र मॉलेक्यूल (अणु) है, जिसका उपयोग खाद्यान्नों के सुरक्षित भंडारण और भंडारण स्थानों के धूमन (फ्यूमिगेशन) के लिए किया जाता है। जिंक फास्फाइड का उपयोग चूहों के नियंत्रण के लिए किया जाता है, जो फसलों को व्यापक नुकसान पहुँचाते हैं और भंडारित अनाज को नष्ट करते हुए बुबोनिक प्लेग फैलाते हैं। आपको कुछ साल पहले सूरत (गुजरात) में प्लेग का प्रकोप याद होगा।
शोगुन लाइफसाइंसेज को सेफेक्स ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, शोगुन ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के माध्यम से अधिगृहीत किया है, जो पुणे स्थित होम केयर ऐक्टिव इंग्रीडिएंट्स का निमार्ता इसे अब कृषि-रासायनिक सक्रिय अवयवों का उत्पादन करने के लिए विस्तारित किया गया है। एक साल पहले सेफेक्स ने शोगुन ऑर्गेनिक्स का अधिग्रहण किया था। यह अधिग्रहण सेफेक्स की भविष्य की विकास योजनाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे यह न केवल अपने उत्पाद लाइनअप को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण की ओर भी अपना ध्यान केंद्रित करेगा।

## संपादक की कलम से

### संगीत की शैली और निरंतरता में कमी

**वैश्विक** स्तरपर सदियों पुरानी भारतीय परंपरागत संगीत की चाहत और प्रतिष्ठा आज भी अनेक देशों में कायम है और उसे देखने, उसका अध्ययन करने, अनेक सैलानी भारत यात्रा करते हैं। हमने कई बार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर देखे होंगे कि विदेशी सैलानी अनेक प्रदेशों में वहां के पारंपरिक संगीत पर नाचते झूमते हैं और बहुत खुश, संतुष्ट नजर आते हैं। यह देखकर हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और हम गौरवविंत होते हैं कि हम भारत देश के नागरिक हैं!!!

साथियों बात अगर हम सदियों पुराने भारत के मशहूर शास्त्रीय संगीत के फनकारों और उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम भारत की रंगबिरंगी अनेक संगीत कलाओं की करें तो आज भी किसी विशेष अवसर पर हम इन फनकारों का करिश्माई हुनर की काबिलियत देखने को मिलती है और आजकल के युवा यह देखकर हैरान रह जाते हैं!!!

हालांकि हम यह भी देख रहे हैं कि साल दर साल हमारे पारंपरिक विभिन्न प्रदेशों के संगीत की शैली और निरंतरता में कमी आ रही है क्योंकि यह क्षमता में गिरावट पीढ़ी दर पीढ़ी से होने के कारण पूर्व जैसा वजन आज परंपरागत संगीत शैलियों में नहीं मिल रहा है और धीरे-धीरे यह विलुप्तता की और बढ़ रही है!!!

साथियों बात अगर हम पुराने संगीत शैलियों, परंपरागत भारतीय संगीत की परंपराओं को संरक्षित, सुरक्षित करने और विलुप्तता से बचाने की करें तो सबसे पहले हमें युवाओं को इस पारंपरिक संगीत की ओर प्रेरणा देकर उनमें रुचि जगाना होगा क्योंकि आज 65 फीसदी भारतीय जनसंख्या युवा है और अधिकतम युवा पाश्चात्य संस्कृति की ओर रुची में मजबूर होते जा रहे हैं उन्हें अंग्रेजी गाने हिंदी धूम-धड़ाके वाले गीत और वर्तमान परिपेक्ष जमाने के गीतों में अधिक उत्साह और चाहत दिखती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में इस पारंपरिक संगीत की ओर रुझान देने की करे तो इसमें हमारे बड़े बुजुर्गों,शिक्षकों, अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान की जरूरत है क्योंकि युवा इनके संपर्क में ही बचपन से बड़े होते हैं और इसलिए इनपर बचपन से ही भारतीय पारंपरिक संगीत के प्रति रुझान पैदा करने की जरूरत है ताकि यह अपनी पीढ़ियों में इस संगीत को संरक्षित, सुरक्षित कर अगली पीढ़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

साथियों बात अगर हम संगीत में मानवीय काया को निरोगी रखने की अपार संभावनाओं की करें तो आज हम यह विशेषता पारंपरिक प्लस आधुनिक संगीत दोनों में देखते हैं क्योंकि आज योगा क्लास, व्यायाम, पीटी इत्यादि फिटनेस के तरीकों में हम देखते हैं कि इसकी प्रक्रिया में मानवीय संकेतों, निदेशों, आवाजों का स्थान अब गीतों ने ले लिया है याने अब यह सब प्रक्रियाएं गीतों के माध्यम से होती है। इधर कोई भी नया पुराना गीत चलता है और योगा,व्यायाम, पीटी की प्रक्रिया होती है!!!याने संगीत में मानवीय काया निरोगी करने की भी अपार क्षमता है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 28 जनवरी 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, भारतीय संगीत परंपरा के संतों द्वारा प्रदान किए गए वृहद ज्ञान के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा को महसूस करने की शक्ति और ब्रह्मांड के प्रवाह में संगीत को देखने की क्षमताही भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा को इतना असाधारण बनाती है। उन्होंने कहा, संगीत एक ऐसा माध्यम है जो हमें हमारे सांसारिक कर्तव्यों से अवगत कराता है और यह हमें सांसारिक आसक्तियों को पार करने में भी मदद करता है। उन्होंने भारत की कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लक्ष्य के लिए एक फाउंडेशन की प्रशंसा की। उन्होंने फाउंडेशन से प्रौद्योगिकी के इस युग के दो प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

सबसे पहले उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत को वैश्वीकरण के इस युग में अपनी पहचान बनानी चाहिए।

# हुंडई की हरकत - न आए आंच भारत- दक्षिण कोरिया रिश्तों पर

**आर.के. सिन्हा**

निसंस्देह हाल के दौर में दक्षिण कोरिया ने जिस तरह से भारत में लगातार अपने निवेश को बढ़ाया है, उस आलोक में वहां की हुंडई नामक कार बनाने वाली कंपनी की पाकिस्तान यूनिट की तरफ से तथाकथित ह्यकश्मीर एकजुटता दिवसह्न पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करने को एक हद से अधिक तूल देना सही नहीं होगा। भारत ने दक्षिण कोरिया के राजदूत को तलब करके कायदे से समझा दिया कि इस तरह की पोस्ट भारतीय गणतंत्र के द्वारा पूरी तरह अस्वीकार्य है और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा । इस बिन्दु पर समझौता नहीं किया जा सकता। अब हमें इसको दक्षिण कोरिया की सरकार के ऊपर यह छोड़ देना चाहिए कि वह हुंडई की मैनेजमेंट से कैसे निपटे क

अच्छी बात यह है कि दक्षिण कोरिया ने इस मामले में खेद भी जताया है। हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड का भारत में भी अच्छा खासा कारोबार है और उसकी यहां भी इकाईयां है। उसे भी समझ में आ गया होगा कि उसने एक तरह से अक्षम्य भूल की है। क्या कोई भारतीय कंपनी दक्षिण कोरिया में काम करते हुए दक्षिण कोरिया- उत्तर कोरिया के बीच विवाद पर उत्तर कोरिया का पक्ष ले सकती है? नहीं न? यहां पर तो मामला ही अलग है। कश्मीर भारत का अटूट हिस्सा है और उस पर हुंडई का ट्वीट करने का मतलब ही भारत-पाक के कश्मीर विवाद में नाक घुसेड़ने जैसा है । चूंकि दक्षिण कोरिया सरकार ने भी हुंडई की तरफ से माफी मांग ली है, तो अब इस विवाद को भूलकर आगे बढ़ने का समय है। इस मसले को और खींचने का कोई लाभ नहीं होगा।

फिर, यह भी तो देखना होगा कि दक्षिण कोरिया का भारत को लेकर रवैया सदैव ही आदर और मैत्रीपूर्ण रहा है। दक्षिण कोरिया भारत को भगवान बुद्ध का देश होने के चलते एक तरह से पवित्र देश के रूप में ही देखता है। हर साल वहां से असंख्य तीर्थ यात्री यहां भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों पर पूजा अर्चना के लिए आते भी हैं। इस तथ्य को कम ही लोग जानते हैं कि दक्षिण कोरिया में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर बेहद लोकप्रिय कवि हैं। उन्होंने 1929 में कोरिया के गौरवशाली इतिहास पर एक कविता भी लिखी थी। टैगोर कोरिया में इतने प्रतिष्ठित कैसे हो गए? दरअसल कोरिया गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर से 1913 में पहली बार परिचित हुआ था जब उन्हें ह्यगीतांजलिह्न के लिए नोबल पुरस्कार मिला था। टैगोर के साहित्य का कोरियाई भाषा में अनुवाद शुरू हुआ और इस तरह वहां के लोगों ने भारत के इस महान लेखक-विचारक के काम को जाना-समझा। 1920 में ह्यगीतांजलिह्न का अनुवाद भी यहां प्रकाशित हो गया था। इसमें कोई दो राय नहीं कि टैगोर का साहित्य वहां सराहा जा रहा था। दक्षिण कोरिया इसलिए भी भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखता है क्योंकि कोरियाई युद्ध में उसे भारत का कहीं न कहीं किसी न किसी प्रकार से समर्थन मिला था। कोरिया युद्ध (1950-53) 25 जून, 1950 को उत्तरी कोरिया से दक्षिणी कोरिया पर आक्रमण के साथ शुरू हुआ था। यह शीत युद्ध काल में लड़ा गया सबसे पहला और सबसे बड़ा भयानक संघर्ष था। एक तरफ उत्तर कोरिया था जिसका समर्थन कम्युनिस्ट सोवियत संघ तथा साम्यवादी चीन कर रहे थे, दूसरी तरफ दक्षिणी कोरिया था जिसकी रक्षा अमेरिका कर रहा था। उस जंग में भारत के समर्थन को लेकर एहसानमंद दक्षिण कोरिया ने राजधानी दिल्ली में एक युद्ध स्मारक भी बनाया है। इसका नाम कोरियन वार मेमोरियल है। इसका उदघाटन जल्दी ही होगा । यह कोरोना के कारण टल रहा है। कोरियन वार मेमोरियल दिल्ली कैंट में थिमय्या पार्क में विकसित किया गया है। दक्षिण और उत्तर कोरिया के बीच हुए युद्ध में भारत समेत 22 देशों ने दक्षिण कोरिया का साथ दिया था। इस तरह का कोरियन वार मेमोरियल अबतक सिर्फ भारत में ही नहीं था। इसमें गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की एक धड़प्रतिमा भी स्थापित की गई है। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के इतिहास को जानने वाले जानते हैं कि जनरल कोडन्डेरा सुबय्या थिमय्या ने कोरिया युद्ध के दौरान दक्षिण कोरिया को लगातार इनपुट्स दिए थे, इसलिए भी कोरिया भारत को उस अहसान को याद रखता है। वे समर नीति के विशेष एक्सपर्ट थे। उन्हें प्यार से जेनरल 'टिमी' कहकर पुकारा जाता था। वे 8 मई 1957 से 7 मई 1961 तक भारत के थल सेनाध्यक्ष थे।

अगर बात भारत में दक्षिण कोरियाई कंपनियों के निवेश की करें तो पिछले चार सालों में दक्षिण कोरिया का भारत में निवेश 2017 में 1.39 अरब रुपए की तुलना में साल 2021 में 2.69 अरब रुपए तक पहुंच गया है। दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा मुंबई वगैरह दक्षिण कोरिया के नागरिकों और कंपनियों की पसंदीदा जगहों के रूप में स्थापित हो रहे हैं। यहां हजारों कोरियाई नागरिक रहते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, हुंडई, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, डूसन हेवी इंडस्ट्रीज जैसी दक्षिण कोरिया की दर्जनों बड़ी कंपनियां भारत में काम कर रही हैं। ग्रेटर नोएडा में दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रानिक्स, मोजर बेयर,यमाहा जैसी कंपनियों की बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं। कोविड काल में भी करीब पांच दर्जन दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने भारत में अपना निवेश किया ।

हां, हुंडई मैनेजमेंट को और अधिक जिम्मेवार तथा संवेदनशील होना होगा। उसे विदेश नीति जैसे मसलों पर टीका-टिप्पणी करने से बचने होगा। उसे पता होगा कि उसके लिए भारत का बाजार कितना खास है। हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड देश की दूसरी सबसे ज्यादा कार निमार्ता कंपनी है। उसने 1996 में भारत में कदम रखा था और हुंडई सैंट्रो के रूप में अपना पहला प्रोडक्ट्स भारत में लॉन्च किया था। ह्युंडई सैंट्रो को सितंबर 1998 में भारत में लॉन्च किया गया था। हुंडई भारत में सफलतापूर्वक कारोबार कर रही है। यह अफ्रीका, मिडिल ईस्ट, लैटिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और एशिया पैसिफिक में भी भारत में बनी कार एक्सपोर्ट करती है। हुंडई भारत में कुल 17 मॉडल लॉन्च कर चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो साल पहले दक्षिण कोरिया दौरे पर गए थे। उस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सियोल शांति सम्मान दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन से सामरिक मुद्दों समेत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई थी। बेशक, मोदी जी की यात्रा से दक्षिण कोरिया के साथ भारत की विशेष सामरिक साझेदारी मजूबत हुई और ह्यलुक ईस्ट नीतिह्न में नया आयाम जुड़ा। कहना न होगा कि इन सब पक्षों को गौर से देखने के बाद हमें हुंडई पाकिस्तान के ट्वीट को नजर अंदाज करते हुए यह देखना होगा कि कुल मिलाकर दक्षिण कोरिया भारत का हितैषी और मित्र है। वह भारत को विभिन्न कारणो के चलते अपना मानता है। हमें इस रिश्ते को और मजबूत करके रखने में ही लाभ है क

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं)

## कविता

### भारत को विश्व की फैशन राजधानी बनना चाहिए

भारत को विश्व की फैशन
राजधानी बनना चाहिए
भारत को अपने उत्पादों को विश्व के प्रमुख
फैशन हाउसों के साथ प्रदर्शन करना चाहिए

प्रदर्शन में विश्व स्तर पर अपनी
उपस्थिति दर्ज.कराना चाहिए
बिना किसी पूर्वाग्रह के राष्ट्र की
प्रगति में सहयोग करना चाहिए

विश्व के प्रमुख फैशन हाउसों में
अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहिए
अपने शिल्प और फैशन सामग्री को
वैश्विक पटल पर आगे बढ़ाना चाहिए

**लेखक- कर विशेषज्ञ- कर विशेषज्ञ,**
**साहित्यकार, कानूनी लेखक, चिंतक, कवि**
**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
**गोंदिया महाराष्ट्र**

# व्यक्तिगत अधिकारों का हनन क्यों?

पिछले कुछ दिनों से हर अखबार हर मैगजीन में ज्यादातर एक ही खबर देखने पढ़ने में आ रही है। जहां देखो जिसके मुंह से सुनो सिर्फ और सिर्फ एक उसी मसले पर चर्चा होती नजर आती है ,आखिर इतना क्या खास है इस मुद्दे में।

जी हां ,आज अपने इस आलेख में मैं बुर्का हिजाब पर्दा भगवा इत्यादि से संबंधित उन खबरों के बारे में ही आप सभी के साथ विचार विनिमय करना चाहती हूं। यह तो हम सभी जानते हैं कि पर्दा प्रथा कभी हमारी संस्कृति का एक अहम हिस्सा हुआ करती थी। उस समय महिलाओं को लंबे घूंघट में ही रहना पड़ता था। घूंघट से होने वाली परेशानियों की तरफ कभी किसी का ध्यान नहीं जाता था और यदि जाता भी था तो इस समस्या को सुलझाने का सालों तक किसी ने कभी कोई यतन नहीं किया।

परंतु कहते हैं न कि हर चीज की एक सीमा होती है और यह सत्य भी है। पर्दा प्रथा के खिलाफ भी आवाजें उठीं, पर्दा प्रथा का विरोध किया गया और महिलाओं ने सशक्तिकरण का परिचय देते हुए पर्दा प्रथा का बहिष्कार किया और इसी वजह से संविधान में भी सभी को ,चाहे वह स्त्री हो या पुरुष अपनी मर्जी के हिसाब से कपड़े पहनने और रहने का मौलिक अधिकार दिया गया है। अपनी मर्जी के वस्त्र पहनने का अर्थ यह नहीं है कि कोई निर्वस्त्र होकर सारे जहान में घूमता फिरे। अपनी मयार्दा और दूसरों की गरिमा का ध्यान रखते हुए ही हमें वस्त्रों का चयन करना चाहिए। अब प्रश्न यह उठता है कि किसके लिए क्या मयार्दा हो और यह मयार्दा निश्चित कैसे हो, कैसे मालूम पड़े कि पहने हुए कपड़े मयार्दा के भीतर हैं अथवा नहीं। तो इसका जवाब यह है कि वस्त्र पहनने के पश्चात यदि हम खुद से ही नजरें ना मिला पाएं, खुद को ही शर्मिंदगी महसूस हो, हम खुद ही से नजरें चुराते रहें और किसी अन्य की उपस्थिति में हमारे आत्मविश्वास में कमी नजर आए तो इसका अर्थ यह ही होगा कि हमने जो वस्त्र पहने हैं वह किसी ना किसी तरीके से या तो हम पर फब नहीं रहे हैं या तो



उन वस्त्रों की वजह से हमारी गरिमा पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। ऐसे में हमें सोचने की आवश्यकता है।

किसी धर्म विशेष में हिजाब पहनने की परंपरा का जिक्र है परंतु क्या उस धर्म विशेष की महिलाएं महिलाएं नहीं होती ,क्या वे इंसान नहीं होती या उन्हें अपनी आजादी के अनुसार जीने का अधिकार नहीं होता, वस्त्र चयन करने का अधिकार नहीं होता। क्यों उन्हें एक ठर्रे पर ही अपनी तमाम उम्र गुजारनी पड़ती है ,ना चाहते हुए भी अनेक मुश्किलों का सामना करते हुए भी क्यों उन्हें हिजाब पहनने पर मजबूर किया जाता है।

यहां मेरा मकसद किसी भी धर्म अथवा वर्ग की मान्यताओं और परंपराओं पर उंगली उठाना नहीं है । मैं इस योग्य नहीं कि मैं किसी धर्म विशेष पर कोई व्यक्तिगत टिप्पणी कर सकूं ।परंतु यह भी तो सत्य है ना कि धर्म ने हमें नहीं बनाया अपितु धर्म को हम सभी इंसानों ने मिलकर बनाया है। ऊपर वाले ने तो हमें सिर्फ इंसान ही बना कर ही भेजा था। तो फिर हम इंसानों को यह अधिकार किसने दिया कि हम एक दूसरे की आजादी पर प्रतिबंध लगा सकें और उनके जीने के तौर तरीके निश्चित कर सकें।

हां, यह अवश्य है कि हमारी आजादी से किसी दूसरे के जीवन पर कोई गलत प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए ना ही दूसरों को हमारे रहने और जीवन जीने के तरीके से कोई कठिनाई और परेशानी होनी चाहिए ।यदि हमारे व्यवहार से दूसरों को दिक्कत महसूस होती है तो हमें स्वयं को ,स्वयं की आदतों और व्यवहार को हर हाल में संयमित करना होगा।

प्रकृति की भांति प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान के भी अपने कुछ नियम कानून होते हैं और उनका पालन करना उस संस्थान में पढ़ने वालों को करना ही होता है ।उदाहरण के तौर पर स्कूली बच्चों को ड्रेस कोड दिया जाता है जिसका पालन सभी बच्चे करते हैं ।उस ड्रेस कोड का मतलब बच्चों के बीच समानता का भाव पैदा करना होता है ताकि बच्चे और शिक्षक एक दूसरे के साथ भेदभाव ना कर पाएं और बिना किसी निम्न या उच्च भाव के शिक्षा ग्रहण कर सकें ।परंतु रोजमर्रा की जिंदगी में यदि हमें किसी वस्त्र विशेष को पहनने के लिए बाध्य किया जाता है और वह भी तब जब उसको पहनने में हमारी मर्जी शामिल ना हो और उसकी वजह से हमें अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हो तो यह सरासर गलत ही है। अपने देश को जाति वर्ग और धर्म के मुद्दों से हमें बाहर निकालना होगा,साथ ही संकीर्ण मानसिकता को भी जड़ से मिटाना होगा, तभी हम अपने राष्ट्र को एक विकासशील देश से विकसित देश बनने में अपना योगदान दे पाएंगे।

**पिंकी सिंघल**
**अध्यापिका**
**शालीमार बाग दिल्ली**

# वर्ष 2022 में इन राशियों को लगेगी शनि की साढ़ेसाती और ढैया, रहें सतर्क पंडित कृष्ण मेहता

**वर्ष 2022** में शनि ग्रह से कौनसी राशियां परेशान होगी। अगले वर्ष शनि कब कर रहे हैं राशि परिवर्तन और इस परिवर्तन से किन राशियों पर पड़ेगा प्रभाव। किन राशियों पर लगेगी शनि की साढ़ेसाती और किन राशियों को झेलना होगी शनि की ढैया की मार।

इस विषय पर प्रकाश डालते हुए पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि वर्ष 2022 में मीन पर साढ़ेसाती प्रारंभ होगी जबकि कर्क और वृश?चिक पर शनि की ढैया प्रारंभ होगी।

इस वर्ष धनु से साढ़ेसाथी हटेगी और तुला एवं मिथुन वालों को शनि की ढैया से मुक्ति मिलेगी।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि वर्तमान में शनि ग्रह के मकर राशि में रहने के कारण वर्ष 2021 में धनु, मकर और कुंभ इन तीन राशियों पर साल 2021 में शनि की साढ़ेसाती चल रही है जबकि मिथुन और तुला पर ढैय्या चल रही है।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इस वर्ष अर्थात 29 अप्रैल 2022 को शनि मकर से निकलकर जब कुंभ राशि में भ्रमण करेंगे तब मीन, कुंभ और मकर राशि पर शनि की साढ़ेसाती तथा कर्क और वृश्चिक राशि पर शनि की ढैय्या लगेगी। यानि वर्ष 2022 में मीन, कुंभ और मकर को साढ़े साती रहेगी जबकि कर्क और वृश्चिक राशि पर शनि की ढैय्या लगेगी।

29 मार्च 2025 को शनि मीन राशि में गोचर करेंगे। जिससे सिंह और धनु राशि वालों पर शनि ढैय्या शुरू होगी। इस दौरान कुंभ, मेष और मीन राशि वालों पर शनि ढैय्या रहेगी। मकर राशि वाले शनि ढैय्या से मुक्ति पा जाएंगे।

वर्तमान में शनि ग्रह के मकर राशि में रहने के कारण वर्ष 2021 में धनु, मकर और कुंभ इन तीन राशियों पर साल 2021 में शनि की साढ़ेसाती चल रही है जबकि मिथुन और तुला पर ढैय्या चल रही है। 29 अप्रैल 2022 को इन्हें ढैय्या से मुक्ति मिलेगी। 17 जनवरी 2023 से शनि के मार्गी होने पर तुला और मिथुन राशि से पूरी तरह ढैय्या का प्रभाव खत्म हो जाएगा। तुला राशि पर शनि की ढैय्या 24 जनवरी 2020 से चल रही है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि शनि ग्रह अगले वर्ष 29 अप्रैल 2022 को मकर राशि को छोड़कर कुंभ राशि में आ जाएंगे, तब धनु राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती से राहत मिलेगी, परंतु 12 जुलाई 2022 को शनि वक्री होकर फिर से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद तब 17 जनवरी 2023 को धनु राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी और मिथुन राशि वालों को ढैया से मुक्ति मिलेगी।

# एक देश एक कानून समय की मांग

**क्या भारत में समान नागरिक संहिता लागू करने का उचित समय अभी आ गया है ??**

**दशकों से चर्चा में रहे समान नागरिक संहिता को लागू करने आम सहमति बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का उचित समय आ गया है- एड किशन भावनानी**

**गोंदिया** - भारत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां सर्वधर्म मनीषियों के लिए आदर, उनके धर्म, जाति प्रजाति, संस्कृति, सभ्यता, भाषा, बोली, और लिपि के लिए भारत का सबसे महत्वपूर्ण मजबूत प्रलेख भारतीय संविधान द्वारा मौलिक अधिकार दिया गया है, जिसमें विशेष रूप से अनुच्छेद 26, 27, 28 में उल्लेखित अधिकार और व्यवस्था दी है जिसे अगर हम ध्यान से एक-एक शब्द को पढ़कर उसका अर्थ निकालेंगे तो हमें वास्तविकता समझ में आ जाएगी।

साथियों बात अगर हम सर्वधर्म हिताय भारत की करें तो हर धर्म, जाति को सम्मान, समानता दी जाती है परंतु फि र भी हम दशकों से देख रहे हैं कि विशेष रूप से दो समुदायों में अक्सर विवाद, बयान और असहमति, उभरकर सामने आती है जिसकी वजह में हम नहीं जाना चाहते परंतु यह सच है कि सांप्रदायिक सद्भावना भारत की खूबसूरती है जिसे बनाए रखना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है।

साथियों बात अगर हम कर्नाटक के एक शिक्षा संस्थान में हुए एक विवाद की करें तो इसने भारत के अनेक राज्यों से होते हुए अब अन्तर्राष्ट्रीय क्षवि के रूप में उभारने की कोशिश खासकर पड़ोसी मुल्क सहित कुछ देशों द्वारा की जा रही है जिसे देखते हुए दशकों से चर्चा में रहे समान नागरिक संहिता को अब आम सहमति से लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है।

हालांकि इसपर चर्चा लंबे समय से चल रही है परंतु वर्तमान स्थितियों, परिस्थितियों को देखते हुए मेरा मानना है कि इस प्रक्रिया में तेजी लाने की तात्कालिक जरूरत है क्योंकि सिविल कानूनों में एक देश एक कानून अब समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की करें तो, भारत के संविधान का अनुच्छेद 44 ये निर्देश देता है कि उचित समय पर सभी धर्मों के लिए पूरे देश में 'समान नागरिक संहिता' लागू की जाए, लेकिन कभी किसी हितधारियों के हित की वजह से, कभी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की वजह से और कभी सरकार को बचाए रखने के लिए इस विषय को छेड़ा तक नहीं जाता। यही वजह है कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, लेकिन ये आज भी प्रासंगिक नहीं है, ऐसी आशंका मीडिया में व्यक्ति की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट भी दे चुका है सरकार को सलाह - वर्ष 1985 में शाह बानो केस के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यूनिफॉर्म सिविल कोड देश को एक रखने में मदद करेगा। तब कोर्ट ने ये भी कहा था कि देश में अलग-अलग कानूनों से होने वाले विचारधाराओं के टकराव खत्म होंगे। वर्ष 1995 में भी सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार को ये निर्देश दिये थे कि संविधान के अनुच्छेद 44 को देश में लागू किया जाए।

साथियों बात अगर हम समान नागरिक संहिता में गोवा की करें तो, वर्ष 1961 में जब गोवा का भारत में विलय हुआ था, तभी से वहां यूनिफार्म सिविल कोड लागू है। याने वहां संबंधित धर्म को मानने वाले पुरुष एक से ज्यादा शादी नहीं कर सकते, सभी धर्मों की लड़कियों के लिए शादी की उम्र एक जैसी है और तलाक और सम्पत्ति के बंटवारे में भी महिलाओं को एक जैसे अधिकार हासिल हैं। याने वहां कानूनों को अलग अलग धर्मों के हिसाब से तय नहीं किया गया है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में चल रहे दो समुदायों में विवाद और उछाले जा रहे दो पारस्परिक नारों की करें तो दोनों पारस्परिक समुदायों में भयंकर उन्माद का माहौल तैयार होने में देर नहीं लगेगी। हालांकि सरकारें अलर्ट लेवल पर हैं परंतु अधिकतर नागरिकों के मन में गूंज रहा है कि, देश में कब लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड?

स्कूलों में फैल रहा साम्प्रदायिकता का ये संक्रमण कोरोना वायरस के ओमिक्रान वेरिएंट से भी खतरनाक है। कोरोना की वैक्सीन तो आ गई हैं लेकिन इसकी वैक्सीन कब आएगी?. इस वायरस की वैक्सीन का नाम है, समान नागरिक संहिता देश में अगर, समान नागरिक संहिता लागू हो गया तो हमारे देश के अंदाजी 15 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले 25 करोड़ छात्र इस वायरस से बच जाएंगे। समान नागरिक संहिता एक सेक्युलर याने धर्मनिरपेक्ष कानून है, जो किसी भी धर्म या जाति के सभी निजी कानूनों से ऊपर होता है।

लेकिन भारत में अभी इस तरह के कानून की व्यवस्था नहीं है।

फिलहाल देश में हर धर्म के लोग शादी, तलाक और जमीन जायदाद के मामलों का निपटारा अपने पर्सनल लॉ के मुताबिक करते हैं ।मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय के अपने पर्सनल लॉ हैं, जबकि हिंदू पर्सनल लॉ के तहत हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध धर्म के सिविल मामलों का निपटारा होता है। कहने का मतलब ये है कि अभी एक देश, एक कानून की व्यवस्था भारत में नहीं है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरणका अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि एक देश एक कानून समय की मांग है,क्या भारत में समान नागरिक संहिता लागू करने का उचित समय अभी आ गया है ?? दशकों से चर्चा में रहे समान नागरिक संहिता को लागू करने, आम सहमति बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का उचित समय आ गया है जिस पर विचार करने की तात्कालिक जरूरत है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

# फतेहपुर में नाबालिग बच्चे की हत्या मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

### पुछताछ के दौरान आरोपी सावन ने किया कबूल : अपने साथी हर्ष उर्फ अमन निवासी फतेहपुर के साथ मिलकर की थी मोहित की हत्या

**समाचार निर्देश कैथल (कृष्ण प्रजापति): गांव फ**तेहपुर के तालाब में नाबालिग लड़के की हत्या करके शव को खुर्द बुर्द करने के लिये तालाब में फैंकने की वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी को पुंडरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गहन पुछताछ उपरांत आरोपी शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रदीप नैन ने बताया कि थाना पूंडरी प्रभारी एसआई शिव कुमार की अगुवाई में एसआई बलदेव सिंह की टीम द्वारा फतेहपुर में नाबालिग लड़के की हत्या कर शव को खुर्द बुर्द करने के लिए तालाब में फैंकने के




मामले में एक अन्य आरोपी हर्ष उर्फ अमन निवासी फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि मोहन लाल निवासी फतेहपुर की शिकायत अनुसार उसका लड़का मोहित 6 फरवरी की शाम को थोड़ी देर में घर वापिस आने की बात कहकर घर से गया था। जो घर पर वापिस नहीं आया। जिस पर थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके जांच एसआई बलदेव सिंह द्वारा की गई। जांच दौरान फतेहपुर के तालाब में गुमशुदा लड़का मोहित की डेड बॉडी मिली थी। घटना स्थल पर एसपी कैथल के साथ साथ सीआईए-1 व 2 की टीमो नें भी घटना स्थल का मुआयना किया था। सीन ऑफ क्राईम टीम ने भी मौका से साक्ष्य जुटाए थे। अभियोग में हत्या की धारा समेत अन्य धाराएं जोड़कर जांच एसआई बलदेव सिंह द्वारा करते हुए आरोपी सावन निवासी फतेहपुर को गिरफ्तार करके न्यायालय से पुलिस रिमांड हासिल किया था। पुछताछ के दौरान आरोपी सावन ने कबुल किया था कि उसने अपने साथी हर्ष उर्फ अमन निवासी फतेहपुर के साथ मिल कर मोहित का गला व मुंह दबाकर हत्या करके लाश को तालाब में फैंका था। आरोपी हर्ष उर्फ अमन की पुख्ता पहचान करके पुलिस द्वारा हर्ष उर्फ अमन उपरोक्त को कैथल से काबु करके गिरफ्तार कर लिया गया। गहन पुछताछ उपरांत आरोपी हर्ष उपरोक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# निराश्रित बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही है विशेष योजना : डीसी प्रदीप

**कैथल,(कृष्ण प्रजापति): डीसी प्रदीप** दहिया ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनकी शिक्षा से लेकर पालन पोषण, नौकरी व शादी तक का खर्च सरकार वहन करती है। डीसी ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार बाल गृह में आने वाले सभी निराश्रित और अनाथ बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण से लेकर नौकरी व शादी तक का खर्च वहन कर रही है। योजना के अनुसार 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ऐसे युवाओं को सरकार सीधे एक्सग्रेशिया पॉलिसी में कवर करके ग्रुप-सी और ग्रुप-डी की नौकरी दी जाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार ऐसे बच्चों को मुफ्त स्कूली शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण बिल्कुल मुफ्त में देती है।



सरकार ऐसे बच्चों को 25 वर्ष की आयु तक अथवा विवाह से पहले तक 2500 रुपय प्रतिमाह की सहायता राशि भी देती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वन टाइम ब्याज मुक्त ऋण हरियाणा में घर बनाने के लिए लाभार्थी की शादी के समय दिया जाता है। पांच वर्ष की आयु से पहले परिपक्त या एक वर्ष की आयु से पहले आत्म समर्पित राज्य के बाल देखभाल संस्थानों में दाखिल और जो बाल देखभाल संस्थानों में रहते हुए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, ऐसे 25 वर्ष की आयु के परिपक्त और आत्मसमर्पित बच्चे अनुकंपा आधार पर ग्रुप सी एवं डी में रोजगार प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए मूल शैक्षणिक योग्यता पूरी होनी जरूरी है।

## बस यात्री की जेब से 20 हजार की नगदी चोरी

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**
**नगूरां से** रोडवेज बस में कैथल के लिए सवार हुए व्यक्ति की जेब पर किसी व्यक्ति ने हाथ साफ कर दिया। जेब में 20 हजार की राशि थी। अलेवा थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नगूरां निवासी सीताराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नगूरां बस अड्डा से कैथल जाने के लिए रोडवेज बस में सवार हुआ था।

## पीएम केयर के तहत जरूरतमंद पात्र बच्चों को दस लाख रुपये का कोष

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**
**कोरोना** की महामारी के कारण अपने माता पिता को खो चुके बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रदेश की मनोहर सरकार कटिबद्ध है और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत ऐसे बच्चों के पालन पोषण में सराहनीय मदद की जा रही है। डीसी नरेश नरवाल ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना की महामारी से अपने माता पिता को खो देने वाले बच्चों की मदद के लिए हरियाणा में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई है और इस योजना के तहत अनाथ हुए बच्चों को 18 वर्ष तक 2500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित नहीं होगी। योजना के तहत बाल सेवा संस्थान में रहने वाले बच्चों के आवर्ती जमा खाते खोले जाएंगे, जिसमें 18 वर्ष की आयु तक 1500 रुपये जमा करवाने का प्रावधान किया गया है। इन बच्चों को सरकार ने अन्य खर्चों के लिए 12 हजार रुपये वार्षिक देने का निर्णय भी लिया है। किशोरियों को कस्तूरबा गांधी बाल विद्यालय में निशुल्क स्कूली शिक्षा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त किशोरियों के खाते में 51 हजार रुपये जमा किए जाएंगे तथा विवाह के समय ब्याज सहित शगुन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर पीएम केयर्स द्वारा 10 लाख रुपये का कोष, 18 वर्ष की आयु से अगले पांच वर्षों तक उच्च।

## आईटीआई पास 78 छात्रों को मिला रोजगार

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**
**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न ट्रेडों से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों व छात्राओं के लिए कैंपस प्लसेमेंट का आयोजन किया गया। श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड भिवाड़ी (राजस्थान) छात्रों के लिए तथा एमएनसी सुमैया कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर 3 आईएमटी मानेसर गुरुग्राम से अधिकारी छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट के लिए पहुंचे। कैंपस प्लेसमेंट में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके फिटर, मशिनिस्ट, मोटर मैकेनिक, टर्नर, वैल्डर, विद्युतकार, इलेक्ट्रोनिक, मैकेनिक, मैकेनिक डीजल व वायरमैन व्यवसाय के पासशुदा 90 छात्रों ने भाग लिया और 60 छात्रों का चयन हुआ। जबकि लेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन टेप्स मैकेनिक, डीजल इलेक्ट्रीशियन, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल व्यवसाय की पासशुदा छात्राओं 35 छात्राएं उपस्थित हुई और इनमें से 18 छात्राओं का चयन किया गया। पहले हुई लिखित परीक्षा, फिर हुआ साक्षात्कार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा पहले लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में जो भी छात्र व छात्राएं पास हुई फिर उनका साक्षात्कार लिया गया। इस दौरान चयनित छात्रों के सर्टिफिकेट्स भी जांचे गए। छात्राओं के लिए जॉब मानेसर गुरुग्राम में ही होगी ओर उन्हें कंपनी द्वारा 11349 रुपये प्रतिमाह सेलरी दी जाएगी। इसके साथ ही चयनित छात्राओं के लिए पीजी, ट्रांसपोर्ट, खाना की सुविधा मुफ्त होगी। साल में 18 छुट्टियां, सात कैजुअल लीव, सात सिक लीव भी मिलेंगी। इसके अलावा वर्दी भी कंपनी द्वारा मुहैया करवाई जाएगी। 125 छात्रों में से 78 छात्र व छात्राओं को रोजगार उपलब्ध हुआ : अनिल गोयल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनिल गोयल ने बताया कि संस्थान में आयोजित की गई जॉब प्लेसमेंट में 60 छात्रों व 18 छात्राओं का चयन हुआ है। छात्रों व छात्राओं के लिए जॉब करने का यह सुनहरी अवसर है। संस्थान के लिए भी यह गर्व की बात है कि 125 छात्रों में से 78 छात्र व छात्राओं को रोजगार उपलब्ध हुआ है।

## भविष्य में पात्र व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही खुद ही शुरू हो जाएगी पेंशन : सचिन सैनी

**समाचार निर्देश कैथल (कृष्ण प्रजापति): सीवन मंडल के** आईटी सैल प्रमुख व युवा भाजपा नेता सचिन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार का लक्ष्य गरीब व वंचित लोगों का उत्थान करना है। उनकी आय में बढोतरी से लेकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने योजना के पात्र परिवारों को केंद्र सरकार की पांच योजनाओं का प्रीमियम भी सरकार द्वारा भरने का निर्णय लिया हैं। इससे अब प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री



सडक सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री श्रमजीवी मानधन योजना, प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना तथा प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का प्रीमियम इन पात्र परिवारों को नहीं भरना होगा। एक अप्रैल 2022 से हरियाणा सरकार इन प्रीमियम को अदा करके गरीब परिवारों को योजना का पूरा लाभ दिलाएगी। सचिन सैनी सीवन ने कहा कि आमजन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी सामाजिक सरंक्षण है, इसके लिए प्रदेश सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विभागों, बोर्ड, निगम से ग्रुप सी व ग्रुप डी के रिक्त पदों की जानकारी संकलित करने के आदेष दिए हैं, ताकि युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।
भाजपा के सीवन मंडल के आईटी सैल प्रमुख सचिन सैणी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनवा चुके नागरिकों को पेंशन बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पडेंगे, बल्कि सरकार खुद ऐसी व्यवस्था करने जा रही है। भविष्य में पात्र व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही उसकी पेंशन खुद ही बनकर खाते में आनी शुरू हो जाएगी।

## जेजेपी कार्यकताओं के लिए विशेष महत्व रखता है डॉ. अजय सिंह चौटाला की रिहाई का दिन : दीपकमल सहारण

**समाचार निर्देश कैथल,(कृष्ण प्रजापति):** डॉ. अजय चौटाला की रिहाई का दिन जेजेपी कार्यकताओं के लिए विशेष महत्व रखता है, उनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर ही हम पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे, उक्त शब्द जेजेपी पार्टी के चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर दीपकमल सहारण ने विशेष बातचीत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि डॉ. अजय



सिंह चौटाला के नेतृत्व में जजपा पार्टी और भी मजबूत होगी और डॉ अजय सिंह चौटाला कार्यकताओं में नया जोश भरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में डॉ. अजय सिंह चौटाला अपना पूरा समय कार्यकताओं को देंगे जिससे कार्यकताओं में राजनीतिक गुण, अनुभव और बढ़ती राजनीतिक ताकत को एक साथ जजपा परिवार में देखने को मिलेगी। दीप कमल सहारण ने कहा कि डॉ. अजय सिंह चौटाला, जजपा पार्टी की बुलंद आवाज हैं।

## हर हित स्टोर से मिलेगा स्वरोजगार को बढ़ावा : डीसी

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**
**हर हित यो**जना के तहत सरकार द्वारा पात्रता निर्धारित करते हुए जरूरतमंद परिवारों को सहायता मुहैया करवाने का निर्णय लिया है। ऐसे परिवारों को स्टोर निर्माण के लिए 50 हजार रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही 50 हजार रुपये मुद्रा लोन का ब्याज दो साल तक के लिए सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। सरकार की योजना की जानकारी देते हुए डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि सरकार ने प्रदेश के जरूरतमंद परिवारों को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत हर हित योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। योजना में एक लाख से कम आय वाले परिवारों को हरहित योजना के तहत सहायता की जाएगी। इस योजना के तहत चिन्हित किए गए परिवारों को हरित स्टोर योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। अंत्योदय परिवारों के कौशल विकास स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए प्रयास किए जाएंगें। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिस परिवार की सालाना आय एक लाख से कम है उनको हर हित स्टोर के निर्माण में 50 हजार रुपये तक की राशि का सहयोग दिया जाएगा।

## डॉ. अजय चौटाला की रिहाई पर कार्यकताओं में खुशी की लहर, इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता ने कैथल में कार्यकताओं ने बांटे लड्डू

**समाचार निर्देश कैथल, (कृष्ण प्रजापति):** इनसो के संस्थापक, जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला को कल जेल से रिहा कर दिया गया। जैसे ही पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को यह समाचार मिला तो सभी कार्यकर्ता फूले नहीं समा रहे थे। जिसके चलते आज इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता ने डा. अजय चौटाला के रिहा होने की खुशी में स्वागत कर मिठाई बांटी। अपने संबोधन में शुभम गुप्ता ने कहा कि इनसो और जजपा को नई पहचान और मुकाम देने वाले आज हमारे बीच में रिहा होकर आ गए हैं, यह सबसे बड़ी खुशी है। शुभम गुप्ता ने कहा कि हमें गर्व है हमारे नेता पर की उन के माध्यम से ही हमें पहचान मिल रही है। इस मौके पर रवि



जुलानीखेड़ा, आशिष ब्राह्मणीवाला, प्रिंस नैना, अरुण नैना, विशाल सैनी, हैप्पी कोलेखां, सुखदेव जुलानीखेड़ा, पंकज सहारण, तरुण नैना, संजय नैना आदि उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में हजारों का कन्या पूजन 15 को

### नौ कन्याओं से शुरू हुआ कन्या पूजन का सिलसिला पहुंचा हजारों तक

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) :**
**शहर के** मध्य स्थित ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में गुप्त नवरात्रों में 35 साल पहले नौ कन्याओं से जो पूजन शुरू हुआ था, वह अब हजारों की तादाद में पहुंच गया हैं। श्रद्धा का यह कारवां इस कद्र फलीभूत हुआ कि जींद के महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में देश-प्रदेश से श्रद्धालु कन्या पूजन के महा समागम में पहुंच कर अपनी अर्जी लगाते हैं। पिछले वर्ष जहां 8100 कन्याओं का पूजन हुआ था, वहीं इस वर्ष भी 15 फरवरी को हजारों कन्याओं का पूजन किया जाएगा। मंदिर में गत दो फरवरी से शुरू हुए दुर्गा सप्तशती 108 पाठ एवं सवा लाख नवार्ण मंत्रों का जाप के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर रोज मंदिर प्रांगण में सैंकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कुरूक्षेत्र से पहुंचे 51 पंडितों द्वारा मंत्रों का जाप किया जाता है। मंदिर के पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने बताया कि मानव कल्याण एवं सुख-समृद्धि के लिए 35 साल पहले यह कार्यक्रम शुरू किया था। उस समय नौ कन्याओं का पूजन किया गया था। इसके बाद सिलसिला 101, 501, 1100, 2100, 5100, 7100, 8100 कन्याओं के पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाता रहा हैं। जींद शहर की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण जयंती देवी मंदिर में ना केवल इस क्षेत्र से बल्कि देश-प्रदेश से लोग गुप्त नवरात्रों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इस बार पूजन कार्यक्रम को चलते हुए 36 साल हो जाएंगें। कोरोना महामारी का जड़ मूल से समापन के लिए मां जयंती देवी के दरबार में हर रोज पूजा-अर्चना की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को कन्या पूजन के अवसर पर मुख्यातिथि, सम्मानित अतिथि के अलावा हजारों लोग पूणाहुति कार्यक्रम में शामिल होंगे। शुक्रवार को रामप्रकाश कनोरिया, महेश सिंगला, रोहित जैन, सीए सचिन जैन, विनोद गुप्ता, अमरनाथ शर्मा, सुनील सिंगरोहा, अंकित फौगाट, आकाश नारंग, नकुल कौशिक, शिवा गिरधर, ऋषभ कौशिक ने यज्ञ में आहुति डाली।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना-धौंस में सात दिवसीय एनएसएस कैम्प का हुआ शुभारंभ

**कैथल (कृष्ण प्रजापति): राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय नैना-धौंस के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत की गई। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य संजय वत्स व स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान सतीश कुमार ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व जिला संयोजक एनएसएस कैथल विजेंद्र ने स्कूल में लगने जा रहे सात दिवसीय कैंप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने बताया कि एनएसएस की शुरूआत 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मशताब्दी वर्ष में शुरूआत हुई थी,



जिसमें पहले कॉलेज और विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक शामिल होते थे, बाद में इसे स्कूलों में भी शामिल किया गया। विजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में पूरे भारत में 40 लाख के लगभग स्वयंसेवक समाज की सेवा में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने आए हुए अतिथियों को सात दिवस में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बताई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष एनएसएस के कैंप की थीम ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व है और हम इस कैंप के दौरान स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर होने के बारे में विस्तार से बताएंगे।उन्होंने बताया कि हम इन दिनों में कैंप में स्कूल की साफ सफाई , पौधारोपण, विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चेतना रैली, साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ शारीरिक चिकित्सा के लिए डॉ. व फर्स्ट एड ट्रेनिंग के लिए फर्स्ट एड इंस्ट्रक्टर को भी बुलाया जाएगा।इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल ने सभी स्वयंसेवकों को सेवा और सेवक के बारे में विस्तार से बताया कि वह भी अपने समय में एनएसएस के प्रोग्राम अधिकारी रहे हैं और इन कैंपों से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी राष्ट्र और समाज को आगे बढ़ाने के लिए मन में सेवा भाव होना जरूरी है और एनएसएस के कैंप बच्चों में सेवाभाव भरते हैं।वर्तमान समय को देखते हुए इन एनएसएस कैंप की और भी ज्यादा आवश्यकता हो गई है, इसलिए सभी विद्यार्थियों को एनएसएस के सभी कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए ।

# पीआरपीसी ने निगमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत दादी जानकी पॉजिटिव हेल्थ केयर सेंटर हेतु आधारभूत सुविधाएं प्रदान की?

**पानीपत कमाल हुसैन इसी के** तहत पीआरपीसी द्वारा अभी हाल ही में, ग्राम थिराना की 1 एकड़ भूमि में बने दादी जानकी पॉजिटिव हेल्थ केयर सेंटर, पानीपत की बाउंड्री वॉल, मेन गेट एवं पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का निर्माण किया गया है। इन सभी निर्माण कार्यों का उद्घाटन आज दिनांक 12 फरवरी, 2022 को श्री गोपाल चन्द्र सिकदर, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने राज योगिनी दीदी सरला व भारत भूषण, अध्यक्ष दादी जानकी पॉजिटिव हेल्थ केयर सेंटर, पानीपत की गरिमामयी उपस्थिति में किया । इस अवसर पर वी एस रावत, उप महाप्रबंधक (प्र.एवं क.), विवेक शर्मा, प्रबन्धक (सीएसआर), राधाकांत शर्मा, प्रबन्धक (सीसी) तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोंधन में श्री सिकदर ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पीआरपीसी इस तरह की आधारभूत सुविधायों को उपलब्ध




कराकर बहुत गर्व महसूस करती है क्योंकि इस महान देश के उज्वल भविष्य के लिए अच्छी आधारभूत सुविधाएं एवं संरचनाएँ परम आवश्यक हैं। अतः इस तरह की सुविधाओं का विकास कर इंडियन ऑयल को बेहद खुशी एवं गर्व होता है। उन्होंने कहा कि टीम पीआरपीसी हमेशा की तरह आस-पास के गाँवों के विकास हेतु सहयोग करने के लिए तत्पर रहती हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीआरपीसी आगे भी इंडियनऑयल के दर्शन "पहले इंडियन, फि र ऑयल" की गौरवमयी पहचान को आगे बढ़ाते हुए पानीपत जिले के पूर्ण विकास हेतु सर्वथा आगे बढ़कर यथासंभव मदद करता रहेगा। अपने संबोंधन के अंत में श्री सिकदर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि कोविड -19 महामारी के मामले कम जरूर हों रहें हैं

लेकिन हमें इससे बचने हेतु अभी भी सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों की पूरी तरह से पालना करनी हैं और टीकाकरण भी अवश्य करवाना हैं ताकि हम इसको तेजी से फैलने से रोक सकें । यहाँ यह उल्लेख करना जरूरी है की दादी जानकी पॉजिटिव हेल्थ केयर सेंटर वर्तमान में आसपास के लगभग 15 गावों के लोगों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। विशेषकर आसन कलां, आसन खुर्द, थिराना, बालजाटान, खंडरा, शेरा, भालसी, लोहारी, मडलौडा, ओसर, नोहरा, बोहली और कई अन्य गांवों से प्रतिदिन लगभग 75 -100 रोगी इस सेंटर से स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं।

## फोन झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवक काबू, झपटा गया मोबाइल फोन वारदात में प्रयोग की बाइक व 500 रूपए बरामद



**पानीपत कमाल हुसैन सीआईए-वन प्रभारी इंस्पेक्टर** राजपाल सिंह ने बताया वीरवार की देर साय गश्त के दौरान सीआईए-वन पुलिस की एक टीम समालखा अड्डे के पास मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली मिली की निरंकारी भवन के पास संद्विगध किस्म के तीन युवक किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दंबिस दे आरोपित तीनों युवको को काबू कर प्रारंम्भिक पुछताछ की तो युवको ने अपनी पहचान गौरव पुत्र शेरसिंह, कृष्ण पुत्र जोगिंद्र व डिम्पल पुत्र कालूराम निवासी भाखरपुर गन्नौर सोनीपत के रूप में बताई। पुलिस टीम ने गहनता से पुछताछ की तो आरोपितों ने अक्तूबर में बाइक पर सवार हो पट्टी कल्याणा समालखा रोड पर पैदल जा रहे एक युवक से फोन झपटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

फोन झपटने की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में अनिल पुत्र पाले राम निवासी पट्टी कल्याणा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। अनिल ने 6 अक्तुबर 2021 को थाना समालखा पुलिस को दी शिकायत में बताया था की वह सुबह घर से घुमने के लिए जा रहा था। रास्ते मे फोन पर दोस्त से बात करने लगा तो इसी दोरान पीछे से बाइक सवार अज्ञात युवक झपटामार उसका मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए।

इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया की गिरफ्तार तीनों आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पुछताछ की तो आरोपियों से खुलाशा हुआ की झपटे गए फोन की 3 हजार रूपए कीमत रखकर आरोपी डिम्पल ने फोन अपने पास रख एक-एक हजार रूपए आरोपी कृष्ण व गौरव को दे दिए।

आरोपी गौरव ने पैसो को खाने पीने में खर्च कर दिया। वही आरोपी गौरव ने भी 1000 में से 500 रूपए खाने पीने में खर्च कर दिए। इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया झपटा गया उक्त मोबाइल फोन, वारदात में प्रयोग की बाइक व 500 रूपए आरोपियों के कब्जे से बरामद कर रिमांड अवधी पूरी होने पर आज तीनो आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## समालखा वासियों को मोका प्रसत लोगों सजग सावधान रहने की है जरूरत - सुनील फौर

**पानीपत कमाल हुसैन गोरतलब** यह है की आने वाली जे जे पी नेता दिग्विजय चौटाला जो की किसान आंदोलन का विरोध करते रहे हैं,वो अब हरियाणा के समालखा हल्के में जहां लगभग 36 बिरादरी के किसान रहते हैं, उन किसानों के बीच आपसी भाईचारा खराब करने व अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने व किसानों के घावों को फिर से हरा करने आ रहे हैं। सवाल यह है की यदी दिग्विजय चोटाला इतने ही किसान हितेषी होते तो किसान आंदोलन में किसान भाईयों का



साथ देते न की किसानों पर अभद्र टिप्पणियां व लाठियां बरसवाते ।जब किसानों को इन नेताओं की आवश्यकता थी तब इन्हीं नेताओं ने उनका विरोध किया। सभी हल्का वासियों से अपील है। की यह समय इन जुमलेबाज व झूठे लोगों से बचें व इनका अपने अपने गांव व क्षेत्र में डट कर विरोध करें व किसान आंदोलन में शहीद हुए 700 किसानों की मौत का जवाब मांगे।हम सब किसान व 36 बिरादरी एक हैं अतः सभी समालखा वासी जे जे पी +भाजपा नेताओं का अपने क्षेत्र में आने पर विरोध व बहिष्कार करें अब समय है, सभी 36 बिरादरी के एक होने का ताकी ऐसे झूठे व दोगले लोगों से हरियाणा को बचाया जा सके ।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवार पहचान पत्र में आय के ब्यौरे को दुरुस्त करने का विकल्प हुआ आरम्भ : डी.सी.

**पानीपत , कमाल हुसैन प्रदेश** सरकार की ओर से परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के ब्यौरे को दुरुस्त करने का विकल्प लोगों के लिए आरम्भ कर दिया गया है । पहले किसी कारण से परिवार पहचान पत्र में गलत दर्ज हुए आय के ब्यौरे को अब कोई भी व्यक्ति अपने स्तर पर ही ब्यौरे को ठीक करने के लिए आवेदन कर सकता है । इस बारे में जानकारी देते हुए डी.सी. सुशील सारवान ने बताया कि सरकार द्वारा जारी निर्देशों अनुसार कुछ समय पहले परिवार पहचान पत्र में संबंधित परिवार की आय का ब्यौरा डाला गया था । इसको लेकर लोगों सुझाव मिले थे कि आय का ब्यौरा किसी कारण से गलत हो गया है इसलिए आय के ब्यौरे में दुरुस्ती के लिए विकल्प दिया जाए । से इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के ब्यौरे को ठीक करने का विकल्प चालु कर दिया है । इस विकल्प के चालु होने के बाद अब कोई भी व्यक्ति परिवार पहचान पत्र में दर्ज अपनी आय के ब्यौरे को ठीक करने के लिए आवेदन कर सकता है । इसके लिए परिवार पहचान पत्र की वेबसाइट ँ३३स्त्र२ : //ीे१ंस्त्रं१५ं१ ँ१८ंल्लंी५.ल्ल/ पर जाकर रिपोर्ट ग्रीवैंस पर क्लिक करने के बाद जरूरी दिशानिदेर्शों का पालन करते हुए अपनी इनकम का विवरण देना होगा । उन्होंने बताया कि आय के ब्यौरे को ठीक करने के अपने दावे से संबंधित डॉक्यूमेंट्स भी साथ अपलोड किए जा सकते हैं । प्राप्त सभी आवेदनों को विभाग की ओर से सत्यापित करवाया जाएगा । अगर नागरिक द्वारा दी गई जानकारी सही पाई जाती है तो आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । नागरिक केवल सत्यापित जानकारी ही पीपीपी पोर्टल पर अपलोड करें । उन्होंने बताया कि पारिवारिक आय की जानकारी में सुधार ना होने के कारण कई नागरिक सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं । जिसके चलते सरकार ने ये फैसला लिया है । पी . पी . पी . हरियाणा में प्रत्येक परिवार की पहचान करता है और परिवार के बुनियादी डेटा को डिजिटल प्रारूप में परिवार की सहमति से प्रदान करता है । प्रत्येक परिवार को आठ अंकों का परिवार आई.डी. प्रदान किया जाता है । डी.सी. ने कहा कि फैमिली डेटा के ऑटोमैटिक अपडेशन को सुनिश्चित करने के लिए फैमिली आई.डी. को बर्थ डेथ और मैरिज रिकॉर्ड से जोड़ा गया है । सरकार फैमिली आई . डी . से छात्रवृत्ति , सबसिडी और पँशन जैसी योजनाओं को जोड़ रही है , ताकि पारदर्शिता , स्थिरता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके और साथ ही विभिन्न योजनाओं , सबसिडी और पैंशन के लाभार्थियों के स्वतः चयन को सक्षम किया जा सके और असली हकदारों को इनका लाभ बिना देरी के सुनिश्चित किया जा सके ।

## बाइक चोरी की वारदात में फरार चल रहे दो आरोपियों को फतेहाबाद से गिरफ्तार कर लाई पुलिस की टीम

**पानीपत कमाल हुसैन प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने जान**कारी देते हुए बताया की गंगा पुरी रोड पर गार्डन के बाहर से बुलेट बाइक चोरी करने की वारदात में शामिल फरार चल रहे आरोपी कृष्ण निवासी धनी बिंजा लांबा व बलवान निवासी काली रावन अमरोहा फतेहाबाद को सीआईए-टू पुलिस की टीम शुक्रवार को फतेहाबाद से गिरफ्तार कर पानीपत लाई। बाइक को वर्ष 2018 में चेकिंग के दौरान फतेहाबाद पुलिस द्वारा इंम्पाउंड किया था। गिरफ्तार दोनो आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। मामलें में इनके दो साथी अशोक निवासी नगली अलवर राजस्थान व शिवदयाल निवासी उझा पानीपत को पहले की गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है।



इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया नवम्बर 2021 में सीआईए-टू पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना पर दंबिस देते हुए अशोक निवासी नगली अलवर राजस्थान व शिवदयाल निवासी उझा पानीपत को अनाज मंडी कट के पास से गिरफ्तार कर गहनता से पुछताछ की तो आरोपियो ने अपने साथी कृष्ण निवासी धनी बिंजा लांबा व बलवान निवासी काली रावन अमरोहा फतेहाबाद के साथ मिलकर वर्ष 2018 में पानीपत गंगापुरी रोड पर गंगा गार्डन के बाहर से एक बुलेट बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपियों से खुलाशा हुआ था की उक्त बाइक को फतेहाबाद मे चैकिंग के दौरान पुलिस ने कागजात ना होने पर इम्पाउंड कर लिया था। दोनो आरोपियों को जेल भेजने के बाद वारदात में शामिल फरार इनके साथी कृष्ण व बलवान को गिरफ्तार करने के लिए सीआईए-टू पुलिस की टीम दोनो आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दंबिस दे रही थी।

बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में राज कुमार पुत्र मेहर चंद निवासी सैक्टर 11 पानीपत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। राज कुमार ने थाना चांदनी बाग पुलिस को दी शिकायत में बताया था की वह 23 मार्च की शाम घर से बाइक पर सवार होकर गंगा गार्डन में एक शादी में शामिल होने के लिए गया था। बाइक को गार्डन के बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आकर देखा तो बाइक नही मिली, अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक को चोरी करके ले गए।

## पड़ोसी नाराज होंगे तो अल्लाह कभी खुश नहीं हो सकते : मौलाना हारून

**पानीपत कमाल हुसैन ईदगाह रोड स्थित मदर**सा इस्लामिया तजविदुल कुरान पानीपत में आज ह्यदरतार ए फजिलतह्म का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्यातिथि जामिया बदुलूल उलूम गढ़ी दौलत से शेखूल हदीस रहे जबकि अन्य मुख्य मेहमानों में हजरत मौलाना आकील साहब, जमीयत उलेमा हिंद हरियाणा-पंजाब के सदर हजरत मौलाना हारून, हजरत मौलाना महफूजू रहमान कैराना, जमियत उलेमा हिंद के सदर पानीपत मौलाना इलियास, शहरी सदर मुफ्ती मोहम्मद शराफत साहब के साथ अलावा शहर के दिगर उलेमाओं ने शिरकत फरमाई। कार्यक्रम का संचालन अंजूमन इस्लामिया कमेटी ईदगाह मॉडल टाउन पानीपत की ओर से करवाया गया। कार्यक्रम में ६ बच्चों की दस्तारबंदी हुई, इन बच्चों ने कुरान ए करीम को मुक्कमल हिफ्ज किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा हिंद हरियाणा-पंजाब के सदर हजरत मौलाना हारून ने फरमाया कि कुरान हमें शिक्षा देती है कि हमें अपने पड़ोसियों की मदद करनी चाहिए। उन्हें अपने दुख सुख में शरीक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आपसे आपका पड़ोसी नाराज है तो फिर समझो खुदा नाराज है। इसलिए हमें कोशिश करनी चाहिए कि हमारा पड़ोसी हमेशा खुश रहे।



बच्चों ने कुरान को सीने में उतार लिया खुशकिस्मत है वो मां-बाप जिनके बच्चे कुराना ए हाफिज हो जाते हैं। उन्होंने उन माता-पिताओं को दिल से मुबारकबाद देते हुए कहा कि जिन 6 बच्चों ने कुरान-ए-करीम पूरा कर लिया है। उन्होंने मजलिश में बैठे सभी लोगों का आह्वान किया कि वो भी अपने बच्चों को दीनी शिक्षा के साथ साथ टैक्नॉलाजी शिक्षा भी दें। जिन बच्चों ने कुरान पूरा किया है उन बच्चों के मां-बाप को जब तक इनकी सांसें चलेंगी तब तक सवाब मिलता रहेगा। इसलिए खुश नसीब हैं वो मां-बाप जिनके बच्चे कुरान को दिलों में उतार लेते हैं और फिर उसकी रोशनी से पूरे जहां को रोशन करते हैं।

**पुरानी बातें और अपनी जड़े नहीं भूलनी चाहिए : मौलाना हारून**

जमीयत उलेमा हिंद हरियाणा-पंजाब के सदर हजरत मौलाना हारून ने बताया कि आज जिस मदरसे में हमें सभी बैठे हैं एक समय शरारती तत्वों ने इसे खंडित कर दिया था। 1962 के आसपास की बात है पानीपत की विधानसभा में जब यमुना से लगते हुए गांव में आते थे। पानीपत शहर से फतेह चंद विज अपने चुनाव प्रचार के लिए आए तो उन्होंने ईदगाह के मदरसे का जिक्र किया और विज साहब ने आश्वासन दिया कि अगर वे विधायक बने तो मदरसे को दोबारा से बना दिया जाएगा और विज साहब विधायक बने। उन्होंने इस मदरसे को बनवाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। आज अल्लाह का कर्म है कि फिर से वहीं बहार पानीपत में देखने को मिल रही हैं।

**ह्यतेरे नामह्म के बाल याद हैं लेकिन नबी का सलीका नहीं : मुफ्ती दाऊद**

मुफ्ती दाऊद पानीपती ने मोबाइल दौर को इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा कि आज के युवाओं को इस मोबाइल ने पूरी तरह से जकड़ लिया है।

## आई बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

**पानीपत कमाल हुसैन, आई बी स्नातकोत्तर** महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया` कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सीमा ने बताया कि कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित कराया गया` इस अवसर पर प्रो. अंशिका ने बताया कि कॉलेज में बसंत पर अलग-अलग प्रतियोगिताओं टाई एंड डाई, पतंग बनाना, बसंत की थाली आदि का आयोजन किया




गयो जिसकी मूल थीम पीले रंग का उपयोग करना रहीं` उन्होंने परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि टाई एंड डाई में पानीपत, आई.बी. कॉलेज की नीतिका प्रथम, दयानंद महिला महाविद्यालय की सुरेखा ने द्वितीय, अलका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया` पतंग बनाना प्रतियोगिता में के.वी.ए. डी.ए.वी. कॉलेज, करनाल से गुंजन ने प्रथम स्थान, आदर्श महिला महाविद्यालय की स्वाती ने द्वितीय व रेवाड़ी, आर.डी.एस. कॉलेज से कीर्ति ने द्वितीय स्थान, आई.बी. स्नातकोतर महाविद्यालय से रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो बसंती थाली प्रतियोगिता में यमुनानगर जी.एन.जी की कशिश ने प्रथम स्थान आई.बी. कॉलेज पानीपत की नैंसी द्वितीय स्थान पर, आदर्श महिला महाविद्यालय की निधि तृतीय स्थान पर रहीं` प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गर्ग ने इस तरह के रंगारंग कार्यक्रम के आयोजन के लिए संकाय के प्रयासों की सराहना की ।

## सप्लाई के कारण घरों में इन्वर्टर का उपयोग किया जाता है

**पानीपत कमाल हुसैन अतिरिक्त उपायुक्त** वीना हूड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली की अनियमित सप्लाई के कारण घरों में इन्वर्टर का उपयोग किया जाता है जिससे बिजली की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। उन्होने कहा कि इनवर्टर को चार्ज करने के लिए बिजली की खपत होती है और इससे बिल भी अधिक आता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने बिजली की खपत को कम करने के लिए व सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सौलर पैनल पर अनुदान देने की व्यवस्था की है।

## नौकरी पर जाते समय रेलवे लाइन क्रॉस करते हुए 21 वर्षीय युवती की गई जान घर के बाथरूम में नहाने गए गीजर गैस सिर पर चढ़ने से 19 वर्षीय युवक की मौत

**पानीपत कमाल हुसैन पानीपत में शनिवार का** दिन हादसों का दिन रहा जहां लापरवाही के कारण दो घर के चिराग बुझ गए । पहला हादसा असंध रोड पुल के नीचे रेलवे लाइन क्रॉस करते समय 21 वर्षीय युवती रेल की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई रोजाना की तरह आज सुबह 21 वर्षीय मोनिका ड्यूटी पर जा रही थी जहां रेलवे लाइन क्रॉस करते समय गरीब रथ ट्रेनों से टक्कर मार दी जिससे उसके सिर पर चोट लगी स्थानीय लोगों ने जब उसे सामान्य अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया युवती के परिजनों के बयान के आधार पर जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी जानकारी देते हुए युवती के पिता ने बताया



कि वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं और पिछले काफी सालों से पानीपत में रह रहे हैं उनकी बेटी मोनिका बीकॉम पास है और वह प्रेम हस्पताल विष्णु कॉलोनी में अटल सेवा केंद्र पर प्राइवेट जॉब करती थी जून में मोनिका की बड़ी बहन की शादी है वह अपनी बहन के साथ मिलकर शादी की तैयारियां भी कर रही थी क्या पता था शादी देखने के लिए बैठे रहेंगे ही नहीं। वही दूसरा हादसा तहसील कैंप के रामनगर में बाथरूम में नहाने गए 19 वर्षीय पारस की गीजर की गैस सिर पर चढ़ने से मौत हो गई जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह पारस सुबह नहाने के लिए बाथरुम में गया जहां गीजर की क्या उसके सिर पर चढ़ गई और वह बेसुध हालत में बाथरूम में गिर गया 15 से 20 मिनट बाद जब वह बाहर नहीं आया तो उसकी माता ने दरवाजा खटखटाया कोई आवाज न आने पर दरवाजा तोड़ा गया जहां पारस बाथरूम में बेहोश पड़ा था परिजन पारस को अस्पताल लेकर आए।

# शहरी बिजली वितरण निगम में एचसीएल के पोर्टल पर बोगस एंट्री चढ़ाकर लाखों रुपए का गोलमाल किया

**समाचार निर्देश घरौंडा : प्रवीण कौशिक**

**शहरी बिजली** वितरण निगम में एचसीएल के पोर्टल पर बोगस एंट्री चढ़ाकर लाखों रुपए का गोलमाल किया गया। ऑडिट रिपोर्ट में जहां पहले चार लाख 57 हजार रुपए की राशि हड़पने का मामला सामने आया था, वहीं दूसरी ऑडिट रिपोर्ट में दो लाख 57 हजार रुपए का गबन पाया गया है। विभागीय अधिकारी मामले में लिप्त हेड कैशियर को सस्पेंड कर चुके है, जबकि हेड कैशियर का कहना है कि उसके नाम पर बनी ऑफिशियल आईडी को हैक किया गया है, जिसकी जांच की मांग के लिए उसने लिखित शिकायत भी दी है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि मामला उजागर होने से पहले दो बार ऑडिट किया गया था लेकिन उस ऑडिट में इस तरह की गड़बड़ी या धांधली उजागर क्यों नहीं हुई। जिसके बाद हेड केशियर से नीचे वाले कर्मचारी और तत्तकालीन एसडीओ तक संदेश के घेरे में है। जिन पर भी विभाग की गाज गिर सकती है। घरौंडा उपमंडल के आडिट में वर्ष 2019-20 के एकाउंट की जांच में 18 नगद एन्ट्री फर्जी मिली है। 18 उपभोक्ताओं से करीब दो लाख 57 हजार की रकम कैश में ली गई लेकिन उसे बैंक में जमा नहीं करवाया गया। वही वर्ष 2020-21 की आडिट रिपोर्ट में बिलिंग पोर्टल से जुडी 31 फर्जी एन्ट्री पकड़ी गई है जिनमे चार लाख 57 हजार की राशि का गोलमाल किया गया। फर्जी एंट्री का मामला उजागर होने के बाद विभाग के हेड कैशियर बृज शर्मा ने लगभग पांच लाख 29 हजार की रकम विभाग में जमा भी करवाई है। हालाँकि 2019-20 के रिकार्ड में भी फर्जी एंट्री मिलने के बाद हेड कैशियर की मुश्किलें बढ़ गई है। इस पुरे गोलमाल के लिए फिलहाल विभाग ने हेड क्लर्क के खिलाफ एक्शन लिया है लेकिन आने वाले समय में तत्कालीन एसडीओ, सीए, यूडीसी इंचार्ज व लेजर कीपर के ऊपर भी गाज गिर सकती है।



क्या बोले सस्पेंड हेड कैशियर-

गबन के मामले में विभाग द्वारा सस्पेंड किये गए हेड कैशियर बृज शर्मा का कहना है कि उन्होंने कैश में प्राप्त बिलों को बैंक डिपॉजिट करवाने में कोई गड़बड़ी नहीं की। शर्मा ने आरोप लगाया कि कार्यालय में कार्यरत कई कर्मचारियों के पास उनकी आईडी और पासवर्ड थे। उनके कंप्यूटर सिस्टम के इलावा उनकी आईडी को घरौंडा दफ्तर के छह अन्य कंप्यूटर व करनाल तथा नेवल के सिस्टम से आपरेट किया गया है। बृज शर्मा ने कहा कि नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए उन्होंने पांच लाख 29 हजार की रकम विभाग में जमा भी करवाई है लेकिन आईडी हैक करके की गई इस साइबर हेराफेरी की जांच होनी चाहिए।

31 केस मिले, जिनको नहीं मिली कोई रसीद- बिजली निगम की आडिट में पाया गया है वर्ष 2020-2021 में 31 ऐसे केस मिले जिनकी आफिस की तरफ से कोई रसीद नहीं दी गई लेकिन उपभोक्ता के खातों में 4 लाख 57 हजार पोस्ट मिले है। वर्ष 2019 -20 का रिकार्ड जांचने के बाद 18 फर्जी एन्ट्री मिली है जिनमें 2 लाख 57 हजार की रकम की हेराफेरी की गई। विभाग ने हेड कैशियर को सस्पेंड करते हुए इस मामले की शिकायत पुलिस को दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारुति कार व बोलेरो की टक्कर में घायल बालक हरमन की मौत

**समाचार निर्देश, ओढां (जसपाल सिंह)- नैशनल** हाइवे नंबर 9 पर बाबा रामदेव मंदिर ओढां के सामने एक मारुति कार मे सवार 11 वर्षीय बालक हरमन पुत्र राजू निवासी घुकांवाली की मौत हो गई। ओढां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। सब इंस्पेक्टर जय सिंह ने मृतक के ममेरे भाई भूप सिंह वासी घुकांवाली की शिकायत पर अज्ञात बोलेरों चालक के खिलाफ लापरवाही, तेज गति व जान से मारने का मामला दर्ज कर लिया है। भूप सिंह ने बताया कि मैं अपने मामा राजू, भाई हरमन व अशोक कुमार के साथ कुरंगावाली से घुकांवाली जा रहा था कि ओढां मे हाईवे नंबर 9 पर जब सड़क क्रॉस कर रहा था तो एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी नंबर आरजे 02 यूए 9465 ने तेज गति व लापरवाही से मेरी कार को टक्कर मारी जिसमें पिछली सीट पर बैठे हरमन राजू व अशोक घायल हो गए। हरमन को सीरियस हालत मे मेडिकल कालेज अग्रोहा एडमिट करवाया गया और वहां पर इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई।

### श्री हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस पर जागरण का आयोजन

**समाचार निर्देश, ओढां (जसपाल सिंह)- नैशनल हाइवे** पर स्थित श्री अखंड ज्योति संकट मोचन हनुमान मंदिर ओढां मे मूर्ति स्थापना दिवस पर सुबह हवन यज्ञ,भंडारा किया गया व शाम को जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें आजाद जागरण ग्रुप के भजन गायक राजकुमार राजु, चुन्नी लाल सिहाग व चुनमुन कालांवाली ने गणेश जी बंदना के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया और फिर भजन _दुनिया में देव हजारों है मेरे बालाजी का क्या कहना _बजरंग बाला रामदूत हनुमाना भरोसा तेरा है तेरा है बस तेरा है हमको भरोसा तेरा है _सुबह शाम आठों याम यहीं काम किए जा खुश होगे हनुमान राम राम किए जा_आसरो बालाजी महान्ने थारो पधारो म्हारे आंगने पधारो, थारी मेह बुलावे जै जै कार आदि भजनो पर भगत जनों को नाचने पर मजबूर कर दिया। श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट ० हनुमत सेवा समिति के सदस्यों ने सारी रात भक्तजनों की सेवा की सुबह आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पवन बेनीवाल, उपप्रधान सहदेव गोदारा, सचिव देश राज शर्मा, जोतराम शर्मा, अमर सिंह गोदारा, सुमित सिहाग, सुरेन्द्र गोदारा, चुन्नी राम सिहाग, कृष्ण गोयल, धर्मवीर बेनीवाल बनवाला, राधा कृष्ण गोदारा, वेद प्रकाश गोयल, लोकेश गोदारा, बंटी गोयल जसपाल गोदारा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहें।

### मकान व राजकीय स्कूल से सामान चोरी

**समाचार निर्देश सफीदों (देवेन्द्र कुमार) : बीती रात** अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के एक निमार्णाधीन मकान व एक राजकीय स्कूल से कई तरह का सामान चोरी कर लिया। इस संदर्भ में स्थानीय सीताश्याम कॉलोनी की बलविंद्र कौर ने बताया कि अज्ञात लोगों ने उसके शिव कॉलोनी के निमार्णाधीन मकान से मिस्त्री का औजार, प्लम्बर का सामान व सैकड़ों फुट तार व बिजली का सामान चोरी कर लिया। गांव हरिगढ़ में इस गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर से भी सौर ऊर्जा का इन्वर्टर, दो बैटरी व बच्चों के 25 जोड़ी जूते चोरी कर लिए गए।

# किसान मजदूर महापंचायत में सरकार पर फिर बरसे राकेश टिकैत



**समाचार निर्देश कलायत सुमन भुक्कल**

**किसान आं**दोलन के बाद अब सरकार के खिलाफ वैचारिक युद्ध होगा और नहीं माने तो इनको लोरी तले को निकालना होगा। सरकार ने जो 10 साल पुराने ट्रैक्टर बंद किए हैं उनको हम दिल्ली की सडकों पर चलाएंगे। उक्त शब्द भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शनिवार को कलायत अनाज मंडी में आयोजित किसान-मजदूर महापंचायत में कहे। हजारों की संख्या में महिलाओं सहित पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए किसान नेता राकेश टिकैत का आक्रामक अंदाज देखने को मिला। जनसभा को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार चुनावों में अपने फायदे के लिए कभी जातिवाद, कभी पहनावे और कभी क्षेत्रवाद के नाम पर आपस में लड़वाती आ रही है। कोरोना के नाम पर स्कूल और अन्य प्रतिष्ठान को बंद किए जा रहे हैं लेकिन शराब के ठेकों को खुला छोड़ा जा रहा है। सरकार किसान आंदोलन के दौरान किए गए वायदों से ही पलट रही है। किसानों की जमीन बचाने के लिए अब सरकार के खिलाफ वैचारिक युद्ध होगा और गलत चलने वालों को लोरी तले को निकालना होगा इसके लिए सभी युवा किसान तैयार रहें और अपने अपने गांव में कमेटी गठित कर भारतीय किसान यूनियन से जोड? का कार्य शुरू करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लंबे समय से आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर लगातार प्रदर्शन व धरना कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई बात सरकार नहीं सुन रही है। परिवार पहचान कार्ड बनाने के नाम पर बुजुर्गों की पेंशन भी बंद की जा रही है। किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष रतन मान, गुरनाम सिंह सहारण, मौन खाप प्रधान धूप सिंह, सहारण खाप प्रधान रामपाल सहारण, अनाज मंडी प्रधान विजेंद्र सहारण, ऋषि पाल कोलेखा, सतपाल दिलोवाली आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# शहीद सूबे सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में 7 दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**समाचार निर्देश सफीदों, (देवेन्द्र कुमार) :**

**शहीद** सूबे सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में शनिवार को 7 दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का शुभारंभ प्राचार्य कृष्ण कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि एनएसएस कैंपों की आज के समय में महती आवश्यकता है। एनएसएस के माध्यम से बच्चे काम करना सीखते तो हैं ही बल्कि उनमें आपसी सहयोग व राष्ट्रभावना की भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापक राजेश सिंह की देखरेख में बच्चों ने विद्यालय की साफ-सफाई की। वहीं अतिथि प्रवक्ता प्रमोद कुमार व पीटीआई डा. अजय कुमार ने बच्चों को कोरोना के कारणों और बचाव के बारे में जानकारी दी।



# सफीदों नगरपालिका के विकास के दावे हुए फेल, आमजन परेशान

**समाचार निर्देश सफीदों, (देवेन्द्र कुमार) :** एक तरफ सफीदों नगरपालिका नगर में विकास के निरंतर दावे करती है जबकि उसके कार्यालय के ठीक पीछे खुद का बड़ा मेनहॉल जर्जर अवस्था में है। इस जर्जर मेनहॉल में गिरकर बेसहारा नंदी की मौत हो गई। इस टूटे हुए मेनहाल के कारण आमजन व वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों के साथ-साथ हर रोज साक्षात मौत का सामना करना पड़ता है। बता दें कि नगरपालिका के ऑफिस के बिल्कुल पीछे मेन हॉल का लेंटर काफी दिनों से टूटा हुआ है और आमजन द्वारा बार-बार कहने के बावजूद भी नगरपालिका प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं किया गया। उसका



परिणाम यह हुआ कि एक बेसहारा नंदी उसमें गिरकर मर गया और सड़कर चारो ओर भयंकर बदबू फैल गई। जिसके बाद शनिवार को किसी ने गौभक्त अजय माहला को फोन करके बताया कि नगरपालिका के पीछे मेनहाल में एक नंदी पिछले एक हफ्ते से मृतावस्था में पड़ा हुआ है। गौरक्षा सेवा दल के अध्यक्ष अजय माहला गौभक्त सतीश बलाना, धममी सैनी, मनोज सैनी, अभिषेक बुरा व रिंकू जांगड़ा को लेकर मौके पर पहुंचे और करीब 1 घण्टे की बड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से मृत्त नंदी को मेन हाल से बाहर निकाला। उसके बाद उसे रीतिरिवाज के अनुसार दफनाया गया। बता दें कि इस मार्ग पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित है जिसमें सैंकड़ों कन्याएं अध्ययन करने के लिए आती है। इसके अलावा यहां स्थित बड़ी बस्ती में हजारों लोग निवास करते हैं तथा इसी मार्ग पर हजारों वाहनों का रोज आवागमन है। इस टूटे हुए पालिका के बड़े मेनहॉल के कारण किसी भी वक्त बड़ा हादसा घटित हो सकता है। आज तो एक बेजुबान पशु की इस गहरे मेनहॉल में गिरकर मौत हो गई लेकिन कल को कोई इंसान गिरकर हादसे का शिकार हो गया तो उसका कौन जिम्मेवार होगा। लोगों व गौभक्तों ने प्रशासन से मांग की कि इस मेनहॉल को दुरूस्त करवाया जाए तथा इसी मार्ग पर लाईट की व्यवस्था की करवाई जाए।

# शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर 13 फरवरी से 20 फरवरी तक शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा

**समाचार निर्देश घरौंडा, प्रवीण कौशिक**

**नगरपालिका** घरौंडा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के दौरान सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर 13 फरवरी से 20 फरवरी तक शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगरपालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा के निदेर्शानुसार सफाई निरीक्षक राजीव गोयल कि अध्यक्षता में नगरपालिका प्रागण में सभी कर्मचारियों की सफाई अभियान मे ड्यूटी लगाई गई । मुख्य तौर पर वार्डो में सफाई अभियान चलाया जाएगा। मैन बाजार, जी टी रोड़, रेलवे रोड, तकीया मार्केट , दिल्ली चुंगी, एस डी मंदिर क्षेत्र में सफाई कार्य करवाया जाएगा ।। इस दौरान नगरपालिका सचिव व स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर भी साथ मिलकर नगरपालिका द्वारा जहां दो बार सफाई की जाती है व लोगों द्वारा वहां फिर कचरा डाल दिया जाता है ऐसी जगहों पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे स्वच्छ भारत मिशन के मोटिवेटर रेणू भूषण व राजेश कुमार सफाई निरीक्षक राजीव गोयल के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग स्थानो को चिन्हित करके रूपरेखा तैयार की इस मोके पर स्वच्छभारत मिशन के मोटिवेटर रेणू भूषण व राजेश कुमार व सफाई निरीक्षक राजीव गोयल, सफाई दारोगा पवन कुमार आदि मौजुद रहे।



# राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा दिल्ली विद्यापीठ स्कूल में किया गया सेमिनार का आयोजन

**सोनीपत (दैनिक समाचार निर्देश डॉ मल्होत्रा की रिपोर्ट):-**

**जिला बा**ल कल्याण अधिकारी सुरेखा हुड्डा ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्रों की स्थापना के अंतर्गत शनिवार को शहर स्थित दिल्ली विद्यापीठ स्कूल के विद्यार्थियों के माता-पिता के साथ सकारात्मक तरीके से बच्चों के मुद्दों तथा समस्या समाधान बारे परवरिश कौशल की समझ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला वरिष्ठ बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र की सर्वोच्च महत्वपूर्ण संपत्ति देश का भविष्य है। आवश्यक तौर से उनके भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावी और सफल बनाने के लिए कुछ मूलभूत बातों से कभी समझौता नहीं करना चाहिए जैसे सामर्थय, उपलब्धता, पहुंच, उपयुक्त तकनीक व स्वीकार्यता क्योंकि वही शिक्षा पद्धति प्रभावकारी हो सकती है, जिससे बच्चे खुद के जीवन को जानने, समझने, खोलने में मददगार हों। शिक्षा के महत्व को गंभीरता से समझना होगा द्य यह मात्र एक नारा नहीं जीवन का अनुभव है। बच्चे की बढ़ती उम्र के साथ भावनात्मक रिश्ते को मजबूती दी जानी चाहिए कभी भी दो पीढियों के बीच में अंतर पैदा नहीं होना चाहिए।

### जनता वोट की चोट पर भाजपा को दिखाऐगी सत्ता से बाहर का रास्ता: कंवरपाल करोड़ा

**समाचार निर्देश ढांड, : जयपाल पंवार** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है और देश के 5 राज्यों में होने वाले चुनाव में जनता वोट की चोट पर भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाऐगी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित है और 5 राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी। यहां बातचीत करते हुए कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि मौजूदा ।

# समाज व देश के उत्थान के लिए ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करना ही सच्ची सेवा: शीशपाल

**समाचार निर्देश कलायत सुमन भुक्कल**

**श्रीकपिल मुनि** राजकीय महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में जहां कालेज की स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय प्रतिभागी दर्ज करवाई वहीं इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उप प्राचार्य शीशपाल बेदी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते उप प्राचार्य शीशपाल बेदी ने स्वयंसेविकाओं को समाज व देश के प्रति ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने राष्ट्र सेवा को सच्ची सेवा बताया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने कालेज परिसर में सफाई अभियान को गतिमान किया। इस दौरान छात्राओं ने कालेज परिसर में लगे पेड पौधों की भी संभाल की तथा कयारियों को संवारा। इसी कड़ी में सांयकालीन सत्र में मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. रामजुआरी द्वारा किया गया ।




# महाभारत कालीन गांव खरक पांडवा में धूमधाम से मनाई भक्ति आंदोलन प्रवर्तक संत रविदास जयंती

**समाचार निर्देश कलायत सुमन भुक्कल**

**महाभारत** कालीन उपमंडल के गांव खरक पांडवा में शनिवार को संत रविदास के 645 वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन कर विशाल भंडारा लगाया गया। बाबा साहब डा.बीआर अंबेडकर समाज संगठन तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाएं, बच्चे, युवा और बड़े-बुजुर्गों ने उत्साह एवं उमंग से अपनी प्रतिभागी दर्ज करवाई। पूर्व विधायक मा. जोगी राम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए समारोह में मुख्य महमान के रूप में कपाल मोचन से संत निर्मल दास व डेरा दर्शन योगी महंत त्रिलोकी नाथ व महंत सुरेंद्र नाथ ने शिरकत की। संत रविदास जयंती समारोह में कृषि कानूनों को लेकर दिल्ली सहित देश भर में चले आंदोलन के केंद्र में मुख्य सूत्रधार रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व प्रदेश अध्यक्ष रतन मान सहित किसान आंदोलन से जुड़े दर्जनों लोगों ने संत रविदास मंदिर में शीश नवां भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि महान विभूतियों की कोई जाति और धर्म नहीं होता। सभी महान विभूतियों द्वारा सर्व समाज हित में किए गए वर्णनों को एकत्रित कर ही ग्रंथों में शामिल किया गया है। सही मायने में संत-महात्मा समूचे राष्ट्र का पथ प्रदर्शन करते हैं। संत रविदास जैसी जितनी भी वे महान विभूति हैं जिन्होंने भक्ति आंदोलन के जरिये समाज के हर वर्ग को जगाने का काम किया। बनाए गए भव्य संत रविदास मंदिर और आधुनिक अंबेडकर भवन समाज में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को बढ़ाने का काम करेगा। उन्होंने महान विभूतियां द्वारा दिखाए गए ।



# जीवन में सफलता के लिए अनुशासन का होना बहुत जरूरी: प्रोफेसर मंजूला चौधरी




**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र,जरनैल रंगा । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय सेवा को**चिंग संस्थान द्वारा शनिवार को सिविल सेवा परीक्षा कोचिंग सह परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर मंजूला चौधरी ने ऑनलाइन कार्यक्रम में छात्रों को बताया कि सफलता ग्लैमरस की तरह दिखती है लेकिन ग्लैमर नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेंटर्स और इंटर ग्रुप लर्निंग बहुत महत्वपूर्ण है जो ऑनलाइन लर्निंग में अनुपस्थित है। प्रो. मंजूला चौधरी ने राजा ब्रूस और मकड़ी की कहानी सुना कर कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की अवधारणा को समझाया। उन्होंने एक व्यवसाई की घटना भी सुनाई जिसने अपनी सफलता के पीछे के कारणों एवं क्षमता के महत्व को पहचाना।

कार्यक्रम में दूसरे मुख्यातिथि के रूप में डॉ. राजरूप फुलिया, सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव मुद्रण विज्ञापन स्टेशनरी हरियाणा सरकार, चंडीगढ ने अपने अनुभवों सांझा करते हुए प्रतिभगियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि केवल किसी पद या उसके द्वारा प्रदान की जाने वाले लाभ पर ध्यान केंद्रित न कर, युवाओं को जो भी पद मिले तदानुसार समाज, परिवार से जुडे.लोगों के लिए शक्ति स्तम्भ स्वरूप कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के लिए दो चीजों की जरुरत होती है निर्णय का संतुलन और सामान्य ज्ञान। उन्होंने छात्रों को असफलता को सफलता की सीढ़ी के रूप में लेने का आग्रह किया ऑनलाइन कार्यक्रम में राहुल नरवाल अतिरिक्त उपायुक्त 2016 बैच ने तीसरे मुख्यातिथि ने कहा कि यूपीएससी से परे भी जीवन है कि कैसे आईएएस परीक्षा पास करने के बाद भी वह हिसार में कार्यरत नव चेतना वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने विषय चुनने के मापदंडों को रेखांकित करते हुए बताया कि इसके लिए आपको विषय में रुचि होनी चाहिए, विषय सामग्री की उपलब्धता तथा विषय की कुछ पृष्ठभूमि का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आईएएस संस्कृत और जूलॉजी के रूप में भिन्न पृष्ठभूमि से आते हैं। आईएएस एक अंत का साधन होना चाहिए अपने आप में एक अंत नहीं होना चाहिए। इससे पूर्व संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर निर्मला चौधरी ने सभी मुख्यातिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी अखिल भारतीय सेवा कोचिंग संस्थान की स्थापना सन 1982 में हुई थी। उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों और संस्थानों के स्नातकोत्तर छात्र और शोध छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान कर उन्हें रोजगारोन्मुखी बनाना है। महात्मा गांधी एआईएस संस्थान के उपनिदेशक डॉ. ज्ञान चहल उपनिदेशक ने आयोजन की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में डॉक्टर अनिल कुमार सहायक प्रोफेसर इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज ने आयोजन के समग्र तकनीकी संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 60 वर्ष की आयु होने पर खुद लग जायेगी पेंशन: परमजीत कशयप

**समाचार निर्देश पिपली(राकेश कशयप)**
**भाजपा म**हिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा परमजीत कशयप ने कहा कि सरकार द्वारा बुढ़ापा पेंशन समय पर दी जा रही है और पेंशन को खत्म नहीं किया जा रहा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विश्वास की भावना से काम करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास के लिए नई नई योजनाओं पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का कहना है कि अब प्रदेश में 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर वृद्धावस्था पेंशन खुद लग जाएगी। जिन लोगों के पास जन्मतिथि का कोई साक्ष्य नहीं है, उनकी जन्मतिथि को सत्यापित किया जाएगा।

इसके लिए अपनाई जाने वाली प्रणाली पर सरकार जल्द विचार करेगी। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जरूरतमंद बुजुर्ग व्यक्ति को अपना जीवन-यापन करने में कोई परेशानी ना आए। इसलिए सरकार द्वारा लगातार वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी की जा रही है।

## ग्लोब हेरिटेज स्कूल में हुआ धर्म व जीवन पर व्याख्यान
### जीवन को सफल बनाने के लिए धर्म का आचरण आवश्यक: महंत

**लाडवा,(मानव गर्ग): लाडवा-रादौर मार्ग पर** स्थित ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में धर्म व जीवन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।स्कूल की प्राचार्या पूजा कम्बोज ने बताया कि स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के लिए धर्म व जीवन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें प्राचीन शिव मंदिर के महंत ने मुख्य वक्ता के रूप में विषय पर व्याख्यान दिया। स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा महंत जी का स्वागत किया गया। वहीं महंत ने कहा कि धर्म ० जीवन एक दूसरे के पूरक हैं। क्योंकि जीवन को सफल बनाने के लिए धर्म का आचरण अति आवश्यक है। उनके अनुसार धर्म के मार्ग पर चलकर इंसान का न केवल व्यक्तित्व निखरता है। बल्कि समाज पर भी उसका अत्यंत सकारात्मक व अनुकूल प्रभाव पड़ता है। जिससे धर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति स्वयं का ही नहीं बल्कि एक स्वच्छ समाज का निर्माण करता है। उन्होंने मातृ-पितृ व आचार्य को देव के समान बताते हुए कहा कि माता-पिता व गुरु धरती पर भगवान् का जीता जागता स्वरूप है। इसलिए उनकी आज्ञा का अनुसरण व पालन करने से ही अपना जीवन सुधारा जा सकता है।



## संक्षिप्त खबरें

### सीएम विंडो के माध्यम से हुआ 20 लाख रुपए के लेनदेन के मामले का समझौता

**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र,जरनैल रंगा । सीएम विं**डो के माध्यम से दो पक्षों में 20 लाख रुपए का लेन देन के मामले में समझौता हो गया है। इन दोनों पक्षों को गांव बपदी के नगर खेड़ा पर पुलिस की मौजूदगी में बुलाया गया था। यहां पर 20 लाख रुपए के लेनदेन को बातचीत के माध्यम से सुलझा दिया गया है। अहम पहलू यह है कि सीएम एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब व गुरनाम मगौली के प्रयासों को सराहा गया है। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण कमेटी के सदस्य व सीएम एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अलीपुर निवासी अमित कुमार व रणधीर सिंह ने सीएम विंडो पर शिकायक दर्ज करवाई की कि लोन करवाने के लिए आढ़ती धनीराम व राज सिंह ने एजेंट के माध्यम से सभी दस्तावेज दिए और अपनी चेक बुक भी दे दी थी। लेकिन कुछ दिनों के बाद आढ़त के हिसाब किताब को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान जब शिकायत कर्ता ने नरेश से दस्तावेज मांगे तो नरेश ने दस्तावेज गुम होने का बात कही। इसी बीच 23 नवंबर 2020 को शिकायत कर्ता के खाते से 10 लाख 54 हजार व 2 दिसंबर को 9 लाख रुपए की राशि खाते से निकल गई।

उन्होंने कहा कि इसी तरह दोनों पक्षों का झगड़ा सीएम विंडो पर पहुंचा और शिकायत कर्ता अमित ने सीएम विंडो पर न्याय की अपील की थी। इस शिकायत को यमुनानगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंची। यहां पुलिस अधीक्षक यमुनानगर ने शिकायत कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भेज दिया और रिमार्कस दिए कि यह मामला कुरुक्षेत्र जिला से संबंधित है। इसके बाद इस शिकायत का समाधान करने के लिए सीएम एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब के पास भेजा गया। इसके बाद प्रदीप झांब व गुरनाम मगौली ने दोनों को पक्षों की कई बार बैठक और आखिरकार गांव बपदी के नगर खेड़ा पर पुलिस अधिकारियों के सामने दोनों पक्षों में 20 लाख रुपए के लेनदेन के बीच जो भी तथ्य थे उसे सबके सामने रखा गया और अंत में दोनों पक्ष के बीच सारी गलतफहमी दूर हो गई। इस दौरान परमील सिंह, इंद्रराज सिंह, देवेंद्र सिंह व राज सिंह सहित पुलिस अधिकारी वीर सिंह व कुलदीप सिंह भी मौजूद थे।

### नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस का करें सहयोग : सतीश कुमार

**समाचार निर्देश बाबैन (शर्मा ): बाबैन** के थाना प्रभारी सतीश कुमार ने लोगों को आह्वान किया कि वे नशा तस्करों पर प्रभावी नुकेल कसने के लिए नशा तस्करों की जानकारी पुलिस को दे। उपरोक्त शब्द बाबैन थाना प्रभारी सतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कहाकि कुरुक्षेत्र की पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। बाबैन के थाना प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि वह बाबैन क्षेत्र से भली भांति परिचित है ओर अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की ताकि अपराधिक तत्वों पर अकुंश लगया जा सके। उन्होंने कहा कि गांव मे होने वाले लड़ाई झगड़ो को प्राथमिकता के तौर पर निपटाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कम उम्र के बच्चों को वाहन देकर सड़कों पर न भेजे ताकि बढ़ रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

### चेलावास में विशाल सर्किल कबड्डी प्रतियोगिता आज

**समाचार निर्देश कनीना (सुनील दीक्षित)- रविवार 13 फरव**री को गांव चेलावास में प्रथम विशाल सर्किल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आदर्श क्लब चेलावास की ओर से नव निर्मित खेल स्टेडियम में आयोजित इन खेलों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता आयोजन समिति के पहलवान कृष्ण मलिक ने बताया कि नव निर्मित आनाज मंडी के समीप प्रतियोगिता की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को 81 हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी वहीं द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 61 हजार रुपए तथा ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। कबड्डी के अलावा युवाओं व वृद्धों की दौड़ भी होगी।

### कनीना की छात्रा ने डीयू के क्लेट व छात्र ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

**समाचार निर्देश कनीना (सुनील दीक्षित)- कनीना नि**वासी भूपेंद्र कुमार जांगिड़ की पुत्री बनिता ने कलेट, लॉ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसका दिल्ली यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज में प्रवेश हुआ है। उनके पुत्र देव जांगिड़ ने भी अपने प्रथम प्रयास में ही सीए,चार्टेड अकाउंटेंट की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। दोनों भाई-बहनों की इस उपलब्धि पर परिजनों ने खुशी जताई है।

### किसान 15 तक करवायें फसल का ब्योरा अपलोड

**समाचार निर्देश कनीना (सुनील दीक्षित)- मेरी फसल मेरा ब्यौ**रा पोर्टल पर किसान 15 फरवरी तक अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकते हैं। खंड कृषि अधिकारी गजानंद शर्मा ने बताया कि पहले 31 जनवरी तक तिथि नियत की गई थी जिसे बढाकर 15 फरवरी किया गया है। इस पोर्टल को और अधिक गतिशील तथा कारगर बनाने के लिए रेलटेल क्लाउड सर्वर पर शिफ्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से रबी फसल को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए किसानों द्वारा पंजीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा भी विभिन्न योजनाओं को भी इस पोर्टल से जोड़ा गया है। किसान 15 फरवरी तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। कनीना खंड में 20760 हैक्टेयर पर सरसों व 9480 हैक्टयर में गेहूं की बिजाई की गई है। 400 हैक्टेयर क्षेत्र में हरे चारे की फसल तैयार की गई है। जिसके अंतर्गत अधिकांश किसानों ने फसल का पंजीकरण करवा दिया गया है।

## कुवि के संगीत एवं नृत्य विभाग एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में सुर साम्राज्ञी भारतरत्न लता मंगेशकर को अर्पित की संगीतमय श्रद्धांजलि

**समाचार निर्देश कुरुक्षेत्र,जरनैल रंगा । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग** एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सुर साम्राज्ञी भारतरत्न लता मंगेशकर को स्वरांजलि कार्यक्रम के माध्यम से संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आरम्भ लता जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। संगीत विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद ने सभी का स्वागत किया। संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा ने कार्यक्रम की भूमिका तथा लता जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात लता जी के साक्षात्कार पर आधारित एक कार्यक्रम के ध्वनि मुद्रित अंश को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके बाद स्वर्गीय लता जी को स्वरांजलि अर्पित करने हेतु संगीत विभाग के विद्यार्थियों में अमन, शीला, अमन, अंजली, अरूण, रवि, वंश, अखिल, वृंदा, साहिल, रूबल, अंकिता, स्टैनली, मनुज, मानविंदर, परख ने लता जी के गाये हुए एक से बढ़कर एक सुंदर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाकर लता जी की सुरमयी यादों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के अंत में संगीत विभाग की वरिष्ठ सदस्य तथा प्राच्य विद्या संकाय प्रमुख प्रो. शुचिस्मिता शर्मा की सुरीली आवाज में लता जी के गाये ह्यगीत नाम गुम जाएगाह्न की प्रस्तुति के साथ इस स्वरांजलि को विराम दिया गया। कार्यक्रम में संगीत विभाग के शिक्षक डॉ. मुनीश, डॉ. तरुण जोशी, डॉ. रवि गौतम, विकास तथा इलियास खान ने वाद्यवृन्द के माध्यम से प्रस्तुतियों को चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रो अनिल वशिष्ठ ने लता जी की स्मृतियों को स्मरण किया तथा कार्यक्रम में सुमधुर प्रस्तुति के लिए प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत मे डॉ अशोक शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का सुंदर दर तथा सुरुचिपूर्ण संचालन विभाग के शिक्षक डॉ पुरषोत्तम कुमार ने किया।




## मोदी संग योगी और योगी संग यूपी की जनता फिर बनेगी भाजपा की सरकार : डॉ पवन

**समाचार निर्देश बाबैन, (शर्मा ): देश के** पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में इस बार भी भाजपा सरकार जीत का परचहम लहराएगी। पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. पवन सैनी ने राजकुमार ईशरगढ के बेटे की शादी के समारोह में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे इस बार यूपी विधानसभा चुनावों के कुछ क्षेत्रों के चुनाव प्रभारी नियुक्त हैं और उन्होंने यूपी में अध्ययन किया है कि इस बार मोदी संग योगी और योगी संग यूपी की जनता दिलों जान से लगी हुई है और इस बार फिर से यूपी में भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। उन्होंने कहा कि यूपी में सपा, बसपा व अन्य दलों का सुपडा साफ होगा क्योंकि भाजपा के ओजस्वी मु यमंत्री आदित्य योगीनाथ गुंडो, बदमाशों को जेलों में डालकर प्रदेश में रामराज्य स्थापित किया है और गुडों का साथ देनी वाली पूर्व ।

## अम्बेडकर चौक पर खड़े होमगार्ड के जवानों ने महिला का गुम हुआ पर्स लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**लाडवा, (मानव गर्ग): लाडवा के** अम्बेडकर चौक पर खड़े होमगार्ड के जवानों ने ईमानदारी का परिचय दिया। शहर के अंबेडकर चौक पर एक महिला का पैसों से भरा पर्स गुम हो गया था। जो कि चौक पर खड़े होमगार्ड के जवानों को मिला और उन्होंने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए वह नोटों से और जरूरी कागजातों से भरा पर्स महिला को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया।

ट्रैफिक एएसआई जसविन्द्र सिंह ने बताया कि किसी महिला का पर्स शहर के अंबेडकर चौक पर गिर गया था। जिसमें चार हजार रूपए की राशि व अन्य जरूरी कागजात थे। जो कि वहां पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवानों को मिल गया था। उन्होंने वह नोटों से भरा पर्स उन्हें सौंप दिया। वहीं पर एक महिला उस पर उसकी तलाश कर रही थी जब उसे जानकारी ली गई कि उनके पास में कितने पैसे में क्या-क्या सामान है सही प्रकार से बताने पर वह पर सुरक्षित उनको लौटा दिया गया है।



## ऑनलाइन स्टडी से बच्चे पढ़ कम रहे हैं, गलत आदतों में ज्यादा संलिप्त हो रहे है : अभिभावक

**समाचार निर्देश बाबैन, (शर्मा ): भारत** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबैन कुरुक्षेत्र में स्कूल खोलने के संबंध में पी.टी.एम. की बैठक आयोजित की गई । स्कूल की प्रबंधक कमेटी की प्रधान कैलाशो सैनी, चेयरमैन ओमनाथ सैनी व प्रिंसिपल सुनीता खन्ना ने सरकार के आदेशानुसार 14 फरवरी से स्कूल खोलने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। स्कूल खोलने को लेकर बच्चों के अभिभावकों की सहमति लेकर अभिभावकों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवाए गए। बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्कूल खोलने के निर्णय के लिए बच्चों के अभिभावकों ने प्रिंसिपल सुनीता खन्ना के अलावा स्कूल प्रबंधन समिति का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ङ्क्षप्रसीपल सुनीता खन्ना ने लॉकडाउन के कारण स्कूलों के बंद होने से आने वाली दिक्कतों से भी बच्चों के अभिभावकों को अवगत कराया।



## इंदिरा गांधी कालेज के वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों के मध्य हुआ क्रिकेट मैच का आयोजन

**लाडवा (मानव गर्ग): लाडवा के** इंदिरा गांधी नेशनल कालेज के खेल मैदान में वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. रवीश कुमार चौहान एवं क्रीड़ा समिति के संयोजक डा. मोहन लाल ने अन्य शिक्षक साथियों के साथ दोनों टीमों के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया और सभी को खेल भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। मैच से पूर्व शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. कुलदीप सिंह ने दोनों टीमों के कप्तानों के मध्य सिक्का उछाला। जिसमें वर्तमान छात्रों ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पूर्व छात्रों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में पांच विकेट पर 111 रन बनाए। जिसमें सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए साहिल ने 42 रन बनाएं। वही गेंदबाजी में वर्तमान छात्र गोपाल और राजीव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में वर्तमान छात्रों में से रक्षित व राजीव मलिक ने 40 व 31 रन बनाकर लक्ष्य को 17 ओवर में ही हासिल कर जीत दर्ज की । भूतपूर्व छात्रों की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रविंद्र शर्मा ने 2 विकेट लिये। मैच समाप्ति पर कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. रविश चौहान ने विजेता और उपविजेता खिलाडि ?ों को मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर क्रीड़ा समिति के संयोजक डा. मोहन लाल, डा. संदीप बंसल, डा. राजेश कुमार, प्रो-सुनीता रानी, डा. सुरेंद्र शर्मा, डा. सुदेश बंसल, डा. नीतू व डा. नवीन कुमारी आदि मौजूद रहे।



# पूंडरी को सब-डिविजन बनवाना उनकी प्राथमिकता है- गोलन

## 14.17 करोड़ रुपये की लागत से 6 गांवों के तालाबों का नवीनीकरण करवाया जाएगा-गोलन

**समाचार निर्देश पूंडरी नरेंद्र शर्मा**
**हरियाणा प**शुधन विभाग के चेयरमैन एवं पूंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि पूंडरी की जनता की वर्षों पुरानी मांग पूंडरी को सब-डिविजन बनवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री उनकी इस मांग को भी शीघ्र पुरा करेंगे। गोलन अपने कार्यालय में कार्यकताओं की जनसमस्याएं सुन रहे थे। गोलन ने कहा कि उन्हें जनता और भगवान ने जो सेवा करने का मौका दिया है, वे हलके में ऐसी विकास की योजनाओं को करना चाहते है, जिसे जनता लंबे समय तक याद रखे। इसी कड़ी में अभी



उन्होंने पूंडरी में ही जर्जर हुई पशु अस्पताल की नई बिल्डिंग के निर्माण के लिए 35 लाख रुपये की ग्रांट मंजूर करवाई है। 50 लाख रुपये खर्च कर पूंडरी शहर में लाइटें लगाकर रोशन किया जाएगा। हलके के बड़े 25 गांव में 9 करोड़ रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। 14.17 करोड़ रुपये की लागत से हलके के गांव फरल, ढांड, पबनावा, कौल, पाई व हाबड़ी के तालाबों का नवीनीकरण करवाया जाएगा। पूंडरी की हुडा कालोनी में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से कोमिनिटी हाल बनवाया जा रहा है। आर्य समाज मंदिर का करोडों रुपये की लागत से भवन बन रहा है। गांव धरेढु में महिला नर्सिंग कालेज बनकर लगभग तैयार हो चुका है और आगामी सेशन से इसमें क्लासें शुरू कर दी जाएंगी। जिससे हलके की लड़कियों को काफी लाभ मिलेगा। पूंडरी अनाज मंडी व हुड्डा के बीच की जो सड़क है उसे अब नए सिरे से बनाया जाएगा, इसके अलावा भी पूरे पूंडरी हलके के अंदर करोड़ों रुपए के विकास के कार्य चले हुए हैं। पूडरी और ढांड के बीच जो सरसा ब्रांच नहर है उस पर करोड़ों रुपए की लागत से 3 नए पुल बनाए जा रहे हैं, जो काफी पुराने हो चुके थे। कुछ लोग विकास कार्यों को लेकर के दुष्प्रचार करते रहते हैं कि विकास कार्यों के मामले में पूंडरी हलका पिछड़ रहा है, जबकि वर्षों के पिछड़ेपन को उन्होंने दूर करने का काम किया है। पूंडरीक तीर्थ जिसकी तरफ किसी भी विधायक ने ध्यान नहीं दिया, लगभग 24 करोड़ रूपए खर्च कर उसको पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

## सीए फाऊंडेशन में एसडी स्कूल के विद्यार्थी जतिन ने प्रथम प्रयास में की परीक्षा पास

**समाचार निर्देश कनीना (सुनील दीक्षित)**
**एसडी** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी जतिन पुत्र सुनील कुमार ने इंस्टीटयूट ऑफ चार्टेर्ड अकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया के सौजन्य से आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तम स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थी ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एसडी ग्रुप के चैयरमैन जगदेव यादव ने इन सफ लता पर बधाई देते हुए बताया कि जतिन पुत्र सुनिल कुमार ने प्रथम प्रयास में ही परीक्षा पास की है, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सीए फ उंडेशन परीक्षा कॉमर्स संकाय के लिए अति महत्वपूर्ण परीक्षा है।
भविष्य में ये विद्यार्थी देश की अर्थव्यवस्था का भार अपने कन्धों पर लेते है। इस उपलब्धि पर उन्होंने अभिभावक व सभी शिक्षक गण को बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, वरिष्ठ विभाग के मुखिया पूर्ण सिंह, कनिष्ठ विभाग के मुखिया नरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र कुमार चौहान, सुनील यादव, अनिता, मैना एवं शिक्षक हाजिर थे।

## डीएवी स्कूल पूंडरी में महर्षि दयानंद की जयंती यज्ञ करके मनाई गई

**समाचार निर्देश पूंडरी नरेंद्र शर्मा**
**डीएवी पब्लिक** स्कूल पूंडरी के प्रांगण में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के शुभ अवसर पर श्रेष्ठतम कर्म हवन आचार्य रवींद्र कुमार शास्त्री के ब्रह्मत्व में किया गया। मुख्य यजमान के रूप में प्राचार्या साधना बख्शी तथा मुख्यातिथि के रूप में मुख्य आदर्श योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान के जिला सह प्रभारी टेक चंद सैनी शामिल हुए। यज्ञोपरांत भजनोपदेश के माध्यम से आचार्य रवींद्र कुमार शास्त्री के द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्या साधना बख्शी ने मुख्यतिथि टेकचंद सैनी का गायत्री पटका से स्वागत किया। इस अवसर पर टेकचंद सैनी ने बच्चों तथा अध्यापकों को सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में बताया तथा बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या साधना बख्शी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती



जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात उनके जीवन के संबंध में स्वदेश भक्ति को सर्वोपरी बताया तथा मुख्यातिथि को स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश तथा हरियाली से भरपूर पौधा भेंट किया। इस शुभावसर पर योग शिक्षक दिलबाग, स्वदेश, प्रवीण शर्मा, गुरदीप सहित स्कूल का अन्य स्टॉफ तथा सभी छात्रगण उपस्थित रहे।

## जया एकादशी के प्रभाव से मनुष्य ब्रह्महत्या के पाप से भी छूट जाता है-पंडित मानसू

**समाचार निर्देश पूंडरी नरेंद्र शर्मा**
**श्री सनातन धर्म मंदिर शिव कालोनी फतेह**पुर-पूंडरी में चल रहे श्री गायत्री-महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। मुख्य यजमान के रूप में पूर्व पार्षद कुलदीप सैनी ने पत्नि सहित भाग लिया। एकादशी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं को विशेष तौर पर जया एकादशी का की कथा सुनाई गई। आचार्य पंडित मानसू भारद्वाज ने कथा प्रवचन करते हुए बताया कि इस एकादशी का व्रत करने से मनुष्य ब्रह्महत्या जैसे पाप से भी छूट जाता है और मोक्ष को प्राप्त होता है। इसके प्रभाव से भूत-पिशाच आदि योनियों से मुक्त हो जता है। पद्मपुराण में भी इस एकादशी का वृतांत आता है। एक समय इंद्रपुरी में इंद्र



देवता को प्रसन्न करने के लिए गंधर्व गान और नृत्य कर रहे थे। गंधर्व माल्यवान और पुष्पवती एक दूसरे पर मोहित हो गए। परंतु परस्पर मोहित हो जाने के कारण उनका चित भ्रमित हो गया था। इनके ठीक प्रकार से गान, ताल व नृत्य ना हो पाने से इंद्रदेव को गुस्सा आ गया और इंद्र देव ने दोनों को श्राप दिया कि वे मृत्युलोक में स्त्री-पुरूष के रूप में पिशाच रूप में रहो। जिसके बाद वे पिशाच योनी में हिमालय पर्वत पर समय व्यतीत करने लगे और अनेक यातनाएं झेल रहे थे। एक बार ढेवयोग से माघ मास में शुक्ल पक्ष कि जो आज है एकादशी आ गई। उस दिन उन दोनों ने एकादशी का व्रत रखते हुए कुछ भी नहीं खाया-पिया और रात्रि में जागरण करते हुए समय व्यतीत किया। व्रत के प्रभाव से उनकी पिशाच योनि छूट गई और दोबारा वे फिर सुंदर गंधर्व की देह में आ गए। स्वर्गलोक से विमान आया और वे वापिस इंद्रपुरी को पहुंचे, जहां पर देव गंधर्वो ने उनका स्वागत किया। इंद्रदेव के पूछने पर माल्वान ने बताया कि माघ मास की जया एकादशी के प्रभाव से ही वे पिशाच की योनि से मुक्त हुए। जया एकादशी के प्रभाव से मनुष्य अनेकों प्रकार के पापों से मुक्त हो जाते है। इस मौके पर आरती व प्रसाद भी वितरित किया गया।

## भाविप की ओर से चलाया जायेगा सद्स्यता अभियान

**समाचार निर्देश कनीना (सुनील दीक्षित)- भारत विका**स परिषद शाखा कनीना की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब कनीना में हुई। इस बैठक में सद्स्यता अभियान चलाने पर विचार-विमर्श किया गया वहीं पुराने सद्स्यों से सद्स्यता शुल्क वसूली करने करने की बात कही गई। सभी सद्स्यों की ओर से गौशाला कनीना में एक दिवसीय शिविर आयोजत कर सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में हाजिर चुनिंदा पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर मंथन किया। कंवर सैन वशिष्ठ ने कहा कि शाखा सदस्यों को समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए।
बैठक की अध्यक्षता मोहन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि शाखा के सभी सदस्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अधिक रुचि दिखायें जिससे परिषद का अभियान पूरा हो सके। बैठक में लखन लाल, प्रेम सिंगला, कृष्ण सिंह यादव,सुरेश शर्मा, महेश बोहरा उपस्थित रहे।

## पंजाब में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी- सतबीर भाणा

**समाचार निर्देश पूंडरी नरेंद्र शर्मा कांग्रेस** पार्टी से हलका प्रत्याशी रहे एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतबीर भाणा ने कहा कि भाजपा की गलत व कृषि विरोधी नीतियों का बदला जनता 5 राज्यों में होने वाले चुनाव में लेगी। पूंडरी में पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाणा ने कहा कि वे स्वयं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला के आदेशानुसार पंजाब के (हलका फतेहगढ़ साहब) में पार्टी के प्रत्याशी कुलजीत सिंह नागरा के



पक्ष में कुलजीत सिंह नागर के लडके के साथ सानीपुर गांव में डोर-टू-डोर व मालको माजरा में कार्यकत्राओं की बैठक लेकर आये है। उन्होंने वहां पर पुरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में देखा है, जहां पर खासकर किसान भाजपा का नाम लेना भी पसंद नहीं करते है। भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की जनता को तंग व परेशान करने के अलावा कुछ भी नहीं किया है। हर वर्ग इस सरकार के खिलाफ धरने व प्रदर्शन कर रहा है, क्योंकि भाजपा ने नीतियां ही ऐसी बनाई है जिससे किसी वर्ग का भला नहीं हो रहा है। पंजाब में भाजपा ने अपनी सहयोगी पार्टी अकालीदल के साथ सरकर बनाकर पंजाब के युवाओं को नशे की गर्त में धकेल दिया था। जिस पर कांग्रेस की वर्तमान सरकार ने काफी हद तक अंकुश लगाने का कात किया था।

## सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलवाना भी समाज सेवा है- मोहित

**समाचार निर्देश पूंडरी नरेंद्र शर्मा**
**भारतीय** नमो संघ के प्रदेश महामंत्री मोहित शर्मा ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाना भी सबसे बड़ी समाज सेवा है। मोहित शर्मा गांव फतेहपुर में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि उनका और उनकी संस्था का भी प्रयास रहता है कि जरूरतमंद लोगों की सेवा और निस्वार्थ कार्य किए जाए। सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा गांव धौंस में पुस्तकालय चलाया जा रहा है,



फतेहपुर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई सेंटर और व्यूटीशियन का कार्य सिखाया जा रहा है। सरकार गरीब, मजदूर और पिछड़े वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है, लेकिन पात्र लोगों को उनकी जानकारी के अभाव में लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके लिए उनकी टीम सरकार की ऐसी योजनाओं से भी लोगों को अवगत करवा रही है।

## भुगत चुके सिख कैदियों को रिहा न करना भाजपा सरकार की दोहरी नीति का प्रमाण : अजराना

**समाचार निर्देश कुरूक्षेत्र,जरनैल रंगा । देश की** विभिन्न जेलों में बंद और सजा भुगत चुके सिख केदियों को पिछले 30 - 35 वर्ष में पेरोल नही दी जा रही, जबकि गम्भीर आरोपों में सजायाफ्ता डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को मात्र 3 साल में ही दूसरी बार पेरोल दी गई है, जो भाजपा सरकार की दोगली नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पांच राज्यों में चल रही चुनाव प्रक्रिया के दौरान डेरा प्रमुख को अचानक पेरोल पर रिहा करने का उद्देश्य मात्र चुनावी लाभ लेना है। यह आरोप शिरोमणी अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने लगाते हुए बताया कि भाजपा सरकार भी पूर्ववत सरकारों की तरह ही सिखों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। आज भी सिखों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करके उनके साथ दूसरे दर्जे के शहरियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। अजराना ने याद दिलाया कि देश को आजादी दिलाने के लिए 80 फीसदी से भी ज्यादा कुर्बानियां सिखों /पंजाबियों ने दी है। देश पर जब भी कोई आपदा आती है, तो सिख कौम सदैव आगे बढ़ कर सेवा करती है। इतिहास गवाह है कि जाति



धर्म से ऊपर उठ कर और अपनी जान जोखिम में डाल कर सिखों ने लंगर की सेवा कर भूख से तड़फ रहे देशवासियों को बचाया है, मगर हरियाणा और भारत सरकार ने चुनावी लाभ लेने के लिए राम रहीम को 3 साल की सजा पूरी होने पर ही पेरोल दे दी है, जबकि सिख कौम के हीरो भाई जगतार सिंह तारा, जत्थेदार जगतार सिंह हवारा, भाई बलवंत सिंह राजोआना, प्रोफेसर देवेंद्रपाल सिंह भुल्लर सहित दर्जनों सिख और पंजाबी, जो अपनी सजाए पूरी कर चुके है, उन्हें पैरोल न देकर सरकार उनके मानव अधिकारों का हनन कर रही है।
अजराना ने बताया कि सदैव सरबत के भले के लिए अरदास करने वाली सिख कौम के साथ की जा रही अनदेखी का भाजपा सरकार को इस चुनाव में खमियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार और पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता स्वयं को सिख हितैषी होने का ढोंग रच रहे हैं, मगर अब पाँच राज्यों और विशेष कर पंजाब के मतदाता भाजपा सरकार की दोगली नीति को समझ चुके हैं और उनके बहकावे में आने वाले नही है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनसीसी कैडेटों ने ए प्रमाण पत्र के लिये दी परीक्षा

**समाचार निर्देश कनीना (सुनील दीक्षित)- शनिवार** को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना के प्रांगण में एनसीसी ए प्रमाण पत्र के लिये परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में जेएनयू करीरा व कनीना के एनसीसी कैडेटों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल से सुनील कुमार, रमेश कुमार व एएनओ रमन शास्त्री, गिरधारी लाल ने एनसीसी कैडेटों के समक्ष प्रश्न पत्र खोले। उसके बाद परीक्षा आयोजित की गई।
एनसीसी ऑफिसर रमन शास्त्री ने कैडेटों को एनसीसी के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। परीक्षा में कैडेटों के फिजीकल स्वरूप, ड्रिल रिडिंग, कंपास, मैप रिडिंग, हथियार की जानकारी ली गई।

### निराश्रित बच्चों के कल्याण के लिए सरकार कर रही वहन खर्च

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) : निराश्रित बच्चों** को मुख्यधारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनकी शिक्षा से लेकर पालन पोषण, नौकरी व शादी तक का खर्च सरकार वहन करती है। डीसी नरेश नरवाल ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार बाल गृह में आने वाले सभी निराश्रित और अनाथ बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण से लेकर नौकरी व शादी तक का खर्च वहन कर रही है। योजना के अनुसार 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ऐसे युवाओं को सरकार सीधे एक्सग्रेशिया पॉलिसी में कवर करके ग्रूप-सी और ग्रूप-डी की नौकरी दी जाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार ऐसे बच्चों को मुफ्त स्कूली शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण बिल्कुल मुफ्त में देती है। सरकार ऐसे बच्चों को 25 वर्ष की आयु तक अथवा विवाह से पहले तक 2500 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि भी देती है। योजना के तहत वन टाइम ब्याज मुक्त श्रण हरियाणा में घर बनाने के लिए लाभार्थी की शादी के समय दिया जाता है। पांच वर्ष की आयु से पहले परित्यक्त या एक वर्ष की आयु से पहले आत्म समर्पित राज्य के बाल देखभाल संस्थानों में दाखिल और जो बाल देखभाल संस्थानों में रहते हुए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, ऐसे 25 वर्ष की आयु के परित्यक्त और आत्मसमर्पित बच्चे अनुकंपा आधार पर ग्रूप सी एवं डी में रोजगार प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए मूल शैक्षणिक योग्यता पूरी होनी जरूरी है। इसी प्रकार वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का दर्जा प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। लाभार्थी केवल एक बार ही अनुकंपा आधार पर रोजगार के तहत रोजगार और ईडब्ल्यूएस के दर्जे का लाभ उठा सकता है।

### हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल 13 को आयोजित करेगा व्यापारी सम्मेलन

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) : - हरियाणा** प्रदेश व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक निजी होटल में जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर प्रधान ईश्वर बंसल, वरिष्ठ उप प्रधान राधाकिशन बिंदल, महासचिव सुरेश जिंदल व सचिव अशोक गोयल, पवन गर्ग, सुरेश गर्ग, वीपी गर्ग, संगठन मंत्री रामभज गर्ग, बलराज गर्ग, रामबिलास मित्तल इत्यादि मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 फरवरी रविवार को ऐतिहासिक व्यापारिक सम्मेलन होगा। यह सम्मेलन उत्सव होटल में होगा। इस सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग होंगें, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर करेंगे। इस सम्मेलन में व्यापारिक हित के लिए सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजराणिया का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने अपराधियों को पकड़ कर सराहनीय कार्य किया है और इस संघर्ष में सभी व्यापारियों का सहयोग है। जींद के व्यापारियों ने एकजुट होकर संघर्ष किया है। आज व्यापारियों में भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और सभी व्यापारी इस सम्मेलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगें। उन्होंने कहा कि आज पुलिस प्रशासन में अपराधी किस्म की वारदातों पर अंकुश लगाने का कार्य किया है। फिरौती व मर्डर के अपराधियों को पकड? का मजबूती से काम किया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर यह लड़ाई लड़ी जिससे व्यापारियों की ताकत बढ़ी है। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल एक मजबूत संगठन है जिसकी शाखाएं पूरे प्रदेश में फैली हुई है। पूरे प्रदेश में व्यापारी संगठन अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं।

### प्रोपर्टी डीलर समेत तीन पर धोखाधडी का मामला दर्ज

**समाचार निर्देश ब्योरो जींद (राजेश शर्मा) : धोखाधडी** कर प्लाटो को बेचने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने प्रोपर्टी डीलर समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधडी, अमानत में ख्यानत समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुरानी चुंगी निवासी विजय प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके रामा कालोनी में 875 गज का प्लाट है। काफी समय पहले उसने डीलर रोहताश को प्लाट बेचने के लिए कहा था। रोहताश ने उसके पार्टनरों के साथ मिलकर उसके 875 गज के प्लाट को बेच दिया। जिसकी फर्जी तौर पर रजिस्टरी करवाई गई। जब उसने रोहताश से प्लाट के बारे में पूछा तो उसने अपने पार्टनरों के साथ मिलकर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना सफीदों पुलिस ने विजयप्रकाश की शिकायत पर प्रोपर्टी डीलर रोहताश, गांव खेडा खेमावती निवासी अंकित तथा विनय के खिलाफ धोखाधडी, अमानत में ख्यानत समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान

**समाचार निर्देश ढांड, जयपाल पंवार - राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड में चल रहे 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत प्राथार्ना सभा से की गई, इसमें तुलसी की चौपायों का गान किया गया। बाद में बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की गई। छात्राओं ने सभी कमरों, फिजिक्स, कैमिस्ट्री लैब, कम्प्यूटर लैब व स्टाफ रूम की सफाई की। सभी छात्रों ने ग्राउंड में झाडू.लगाई। बाद में एन.एस.एस. अधिकारी राजीव ने बच्चों को स्वास्थ्य बारे बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी खाने की अनदेखी आज घर-घर में बीमारी का कारण बन रही है। हमें मोटा अनाज खाना चाहिए।

# शासकीय महाविद्याल में मनोरंजक गतिविधियों द्वारा मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**संत कबीर नगर।** शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग-निर्वाचन साक्षरता क्लब, स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ तथा सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ के तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग-निर्वाचन साक्षरता क्लब के जिला नोडल अधिकारी व शासकीय स्वशासी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर पीएन सनेसर ने सांप सीढ़ी व लूडो जैसी मनोरंजक गतिविधियों द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों में मतदान के महत्व को समझाया। डॉ० सनेसर ने उपरोक्त गतिविधियों द्वारा पोलिंग बूथ पर अलग-अलग वर्गों जैसे महिलाओं, आदिवासियों वह दिव्यांगों के लिए होने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मतदाता पहचान पत्र के महत्व को समझाया। इन मनोरंजक गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० मुकेश कुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक व भारत निर्वाचन आयोग-निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी सबाहत अंजुम कुरैशी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री फरहत हक ने किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी कुमारी मेघा कुमरे, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन नोडल अधिकारी कुमारी मधुबाला राठौर, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार माहोरे, लक्ष्मीकांत डहरवाल, डॉ कृष्णा लहरपुरे, डॉ प्रदीप पटवारी, डॉ मोतीराम लिखितकर, डॉक्टर विकास शर्मा, विनोद बुडेकर ,पुष्कर राज मालवीय, अवधेश बघेल, ईश्वरदास माहोरे, नरेंद्र डेहरिया, विजय गजभिए और महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

# सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए डीएम ने अपनी कटिबद्धता से प्रेक्षकों को कराया अवगत



**समाचार निर्देश ब्यूरो-बी.पी.मिश्र गोरखपुर।** 12 फरवरी 2022 सामान्य निर्वाचन 2022 विधानसभा को सकुशल संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नामित सभी प्रेक्षकों व राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों या उनके एजेंटों के साथ विकास भवन सभागार में बैठक कर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने सामान्य निर्वाचन 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपनी कटिबद्धता से अवगत कराते हुए निर्वाचन से संबंधित मुख्य विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई एवं ईवीएम से संबंधित विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। पुलिस प्रेक्षक द्वारा जनपद के समस्त संवेदनशील बूथों पर निगरानी हेतु पर्याप्त पुलिस बल लगाने के लिए निर्देशित किया गया ।इसके अतिरिक्त जनपद में किसी भी स्थान पर आर्दश आचार संहिता का उल्लंघन न हो। उसकें लिए एफएसटी-एसएसटी टीम को कार्यवाही के लिए तैयार रहने के भी दिशा-निर्देश दिए गए एवं उनके द्वारा कृत कार्यवाही से तत्काल जिला निर्वाचन कंट्रौल रुम एवं संबंधित रिर्टनिंग अधिकारी को सूचित करें। प्रेक्षको द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को जनपद में सोशल मीडिया चैनल पर सतत निगरानी किये जाने हेतु स्पेशल टीम गठित किये जाने के लिए अवगत कराया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद का चुनाव निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण रूप से कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी सजग एवं तत्पर है। जनपद में 22000 शस्त्र धारको में से 13000 शस्त्र थानों या दुकानों पर जमा कराए जा चुके हैं, बचे हुए शस्त्र को जमा कराया जा रहा है। जनपद में 50 संदिग्धों को जिला बदर किया गया है। जनपद में 60000 से अधिक को 107 116 या 151 में निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। अवैध तरीके से शराब तस्करी पर पूर्ण रूप से जनपद की पुलिस रोक लगाई हुई है। अगर गोरखपुर सीमा से होकर बिहार कोई शराब तस्कर जाता है, तो उसे शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करती है। गोरखपुर की पुलिस बनाए गए बैरियर प्वाइंटों पर ऐप के जरिए निगरानी बराबर करती रहती है। 3 मार्च 2022 को सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस के जवान अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए तत्पर हैं।

# हाईलेवल प्लेटफॉर्म हो जाने से अब छोटे स्टेशनों पर सुपरफास्ट ट्रेनों के रुकने से नहीं होगी दिक्कत

**सचिन कुमार**
**ब्यूरो रिपोर्ट।** गोरखपुर-बस्ती और अयोध्या मंडल के आठ स्टेशनों पर हाईलेवल प्लेटफॉर्म बनाने की योजना है। इसमें स्वामी नरायन छपिया, मगहर, सरदारनगर, गौरीबाजार में काम पूरा हो चुका है। जबकि, कुसम्ही, कटरा, गौर और बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर काम शुरू हो गया है।

हाईलेवल प्लेटफॉर्म के बनने से ट्रेनों के कोच के गेट से सीढ़ी चढ़ने-उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

प्लेटफॉर्म इतना ऊंचा होगा कि सतह से एक फीट ऊंचाई पर कोच रहेगा। इसे दिव्यांग, बुजुर्ग और महिला यात्रियों को दिक्कत नहीं होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में रेलवे निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में कम लंबाई के प्लेटफॉर्मों को मानक के अनुरूप पूर्ण लंबाई का बनाया जा रहा है। चिह्नित स्टेशनों पर प्लेटफॉर्मों के उच्चीकरण का भी कार्य कराया जा रहा है।

# राष्ट्रीय सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा ने कुंवर आरपीएन सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार का स्वागत किया

**आदित्य त्रिपाठी देवरिया।** दिनांक 12 फरवरी 2022 को राष्ट्रीय सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के तत्वाधान में पावन भूमि पडरौना के प्रतीक पैलेस में एक विशाल सम्मान समारोह श्री रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (पद्धठ सिंह) जी "पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार" को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया।

पूर्वांचल में सैंथवार मल्ल बिरादरी के सर्वमान्य, लोकप्रिय, सहज, सुलभ, बेदाग छवि के धनी माननीय श्री रतनजीत प्रताप नारायण सिंह(पद्धठ सिंह) जी को भारतीय जनता पार्टी ने अपने दल में सम्मिलित करके सैंथवार मल समाज को एक सूत्र में पिरो कर राष्ट्रीय विकास हेतु सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। सैंथवार मल्ल समाज सदैव से राष्ट्रवादी विचारधारा का रहा है। और आज अपने सैंथवार-मल्ल समाज के अगुआ को राष्ट्रीय फलक पर चमकते हुए सितारे को देखकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है और अपने मनोभाव एवं उद्गार को स्पष्ट करने के लिए अपने प्रिय श्री कुंवर साहब का हृदय से अभिनंदन, स्वागतम, वेलकम, एवं खैरकदम कर रहा है।



इस सम्मान समारोह में कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (पद्धठ सिंह) जी को पूरे सैथवार मल्ल समाज की तरफ से राष्ट्रीय सैथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी मनोज सिंह सैंथवार जी के द्वारा तलवार, साफा तथा अंग वस्त्र भेंट किया गया। मंच को संबोधित करते हुए "श्री कुंवर पद्धठ सिंह जी" ने सैंथवार मल्ल समाज के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए समाज को एकजुट व आपसी सहयोग के सद्भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के लगभग हजारों की संख्या में सैथवार मल्ल ने एकत्रित होकर हृदय से आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आज नामांकन के आखिरी दिन कुल 39 प्रत्याशियों ने किए पर्चा दाखिल

**देवरिया (सू0वि0) 11 फरवरी।** आज नामांकन के आखिरी दिन 39 प्रत्याशियों द्वारा अपने पर्चे संबंधित आरओ के समक्ष दाखिल किए गए। भरे गए नामांकन पत्रों में रुद्रपुर से 06, पथरदेवा से 08, देवरिया से 04, भाटपाररानी से 05, सलेमपुर से 05, बरहज से 06 तथा रामपुर कारखाना से 05 प्रत्याशियों द्वारा भरा गया नामांकन पत्र सम्मिलित है।

आज नामांकन करने वालो में विधानसभा रुद्रपुर रामभुआल समाजवादी पार्टी से 03 सेट में, प्रदीप निर्दल 02 सेट में, नरसिंह पाल आम जनता पार्टी(इंडिया) से, रामवृक्ष भारतीय सर्वजन पार्टी, शब्बीर अहमद निर्दल एवं हेमन्त निषाद निर्दल से 01-01 सेट में नामांकन पत्र भरे। विधानसभा पथरदेवा से संदीप कुमार मल्ल जनता दल युनाइटेड, मुख्तार पासी हिन्दू समाज पार्टी, परवेज आलम बहुजन समाज पार्टी से आज पुन:, दरक्शां अली निर्दलीय, ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी समाजवादी पार्टी से आज पुन:, संजय भारतीय सर्वजन पार्टी, विश्वनाथ निर्दलीय तथा गुड्डू ने 01-01 सेट में नामांकन पत्र भरे। देवरिया से हरिनारायण आम आदमी पार्टी, संजय भारतीय सर्वजन पार्टी, रजनीकान्त श्रीवास्तव राष्ट्रवादी विकास पार्टी से 01-01 सेट में तथा अजय प्रताप समाजवादी पार्टी से 03 सेट में नामांकन पत्र भरें।

विधानसभा भाटपाररानी से दुर्गेश कुमार भारतीय जन जागृति पार्टी से 02 सेट में, रामाश्रय राजभर जनता दल(युनाइटेड), अजिमुल्लाह जन अधिकारी पार्टी एवं नूरनेशा निर्दल से आज पुन: 01-01 सेट में तथा जनार्दन ने सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से 01 सेट में नामांकन पत्र भरे। सलेमपुर से दुलारी देवी ने आज पुन: इंडियन नेशनल कांग्रेस से, भरत ए0आई0एम0आई0एम से, रामकृपाल राष्ट्रीय जनमुख समाज पार्टी से, शुभनारायण निर्दल से 01-01 सेट में तथा मनबोध प्रसाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से 02 सेट में नामांकन पत्र भरे। बरहज से मुरली मनोहर जायसवाल समाजवादी पार्टी से 04 सेट में, गिरेन्द्र आजाद समाज पार्टी(कांशीराम) से 02 सेट में, सुधीर कुमार विश्वकर्मा राईट टू रिकाल पार्टी, अजय पासवान राष्ट्रीय वीर एकलव्य सेना, राम इकबाल सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी एवं महन्थ आम आदमी पार्टी से 01-01 सेट में नामांकन पत्र भरे। रामपुर कारखाना से सुरेन्द्र चौरसिया ने आज पुन: भारतीय जनता पार्टी से, शहला अहरारी ने आज पुन: इंडियन नेशनल कांग्रेस से, फिरोज निर्दल, सुरेन्द्र सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से तथा सुरेश निर्दल से नामांकन पत्र भरे।

### गोरखपुर में बने सोलर बिजली केंद्र, रवि किशन ने संसद में की मांग

**ब्यूरो रिपोर्ट।** गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने शुक्रवार को संसद में सोलर बिजली केंद्र बनाए जाने की मांग की। उन्होंने यहां पड़ी बंजर जमीनों पर यह प्लांट लगाने का प्रस्ताव संसद में पेश किया। सोलर प्लांट से बिजली उत्पादन में सहायता मिलेगी।

संसद में अपनी मांग रखते हुए रवि किशन ने कहा कि गोरखपुर संसदीय क्षेत्र में बहुत सारी बंजर जमीनें पड़ी है। यदि इन जमीनों पर सोलर लाइट लगा दिया जाए तो जमीन का ग्रीन एनर्जी के लिए उपयोग किया जा सकेगा ।इसका लाभ पूर्वांचल के अन्य जिलों को भी मिलेगा। इससे बड़े क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा सकेगी। सोलर प्लांट लगने से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।गोरखपुर में केन्द्रीय सहायता से सोलर बिजली का केंद्र स्थापित किया जाए ।जिससे अधिक मात्रा में बिजली उत्पादन किया जा सके।

खाली पड़ी कृषि भूमि पर रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन, जलवायु के दृष्टिकोण से तो बेहतर है ही साथ ही इसकी मदद से सोलर और बायोएनर्जी के लिए जमीन को लेकर होने वाले संघर्षों को भी सीमित किया जा सकता है। भूमि के सही प्रबंधन से न केवल कृषि और जैवविविधता को मदद मिलेगी साथ ही इससे रिन्यूएबल के उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

### पार्टी की विचारधारा से नही चोरों और दलालों से क्षुब्द होकर अपने पदों से दे रहें है इस्तीफा, आजीवन कांग्रेसी रहेंगे

**समाचार निर्देश ब्यूरो बी.पी. मिश्र गोरखपुर।** 11 फरवरी 2022 को अपरान्ह 2:30 पर प्रेसवार्ता कर 322 शहर विधानसभा से भी गैर कांग्रेसी और प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू की निजी मित्र चेतना पाण्डेय को प्रत्याशी बनाएं जाने से नाराज दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। अपने पदों से इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों में श्रीमती प्रेमलता चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस, रोहन पांडेय उपाध्यक्ष महानगर कांग्रेस कमेटी, नवीन सिन्हा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेश, राजेश तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्व महामंत्री गोरखपुर विश्वविद्यालय, अरविंद जयसवाल उपाध्यक्ष महानगर कांग्रेस कमेटी, रंजीत चौधरी सचिव महानगर कांग्रेस कमेटी, मोहम्मद खालिद महासचिव महानगर कांग्रेस कमेटी, जावेद जमा अंसारी शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेश, अमरजीत यादव पीसीसी सदस्य पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, मोहम्मद अरशद बसर वार्ड अध्यक्ष, श्रीमती पूनम वार्ड अध्यक्ष, सुमन पटेल वार्ड अध्यक्ष,आकर्श कुमारवार्ड अध्यक्ष, अश्वनी गुप्ता वार्ड अध्यक्ष, संजीव कुमार वार्ड अध्यक्ष, आकाश कुमार वार्ड अध्यक्ष, अमित सिंह वार्ड अध्यक्ष, सुनील गिरी वार्ड अध्यक्ष, फरहान अली वार्ड अध्यक्ष श्रीमती मंजू तिवारी, कैलाशी देवी, सोनी देवी महिला कांग्रेस ने पार्टी में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। पत्रकार वार्ता के दौरान नेताओं ने कहा की पार्टी कितने जिले के सबसे छोटे कार्यकर्ता को टिकट दे दी थी तो मंजूर था, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू के निजी स्वार्थ को सिद्ध करते हुए ऐसे कमजोर प्रत्याशी को टिकट दिया गया। जो कि संगठन के किसी इकाई में नहीं थी ना कि पार्टी के किसी कार्यक्रमों में सक्रिय थी और ना ही पार्टी द्वारा चलाए गए किसी अभियान में सक्रिय थी। आज पार्टी में जय चंदो का बोलबाला है। यह जयचंद पार्टी को दीमक की तरह खा रहे हैं। यदि महिला प्रत्याशी को ही टिकट देना था, तो संगठन में बहुत दिनों से कार्य कर रही महिलाएं उसकी हकदार थी। इस्तीफा देने वाले नेताओं ने कहा 9 विधानसभाओं में केवल दो टिकट संगठन के सिपाही को दिया गया है। बाकी टिकट प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, प्रियंका गांधी जी के निजी सचिव संदीप सिंह, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश राजेश तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू तथा निचले कुछ पदाधिकारियों की मिलीभगत से बेचा गया है या अपने निजी स्वार्थ को सिद्ध करते हुए दिया गया। हम सभी लोग कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। पार्टी की विचारधारा सर्वोपरि है। लेकिन जय चंदो के साथ कार्य करने में असहज है, अत: हम सभी अपने पदों से इस्तीफा देते हैं हमारी लड़ाई पार्टी के इन दीमको से जारी रहेगा।

# बांसगांव विस क्षेत्र के सपा उम्मीदवार डॉ संजय कुमार के पक्ष में मलांव गांव में आयोजित चौपाल

**समाचार निर्देश ब्यूरो-(बी.पी.मिश्र)** गोरखपुर। 12 फरवरी 2022 बांसगांव विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ संजय कुमार के पक्ष में मलांव गांव में आयोजित चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता बांसगांव विधानसभा अध्यक्ष राम अजोर मौर्या ने, संचालन मंतोष यादव व पप्पू यादव ने किया। पार्टी प्रत्याशी डॉ संजय कुमार ने अपने पक्ष में मतदान की अपील किया। जिलाध्यक्ष अवधेश यादव ने चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने किसानों नौजवानों को धोखा देने का काम किया, भाजपा सरकार झूठी है। भाजपा सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया है। जनता को इनके झूठे वादों पर कोई भरोसा नहीं रहा। बीजेपी सरकार गरीबों की नहीं उद्योगपतियों की सरकार है।कोरोना आया बहुत सारे लोग बीमार हो गए। सरकार दवाई का इंतजाम नहीं कर पाई। अस्पताल में बेड नहीं मिला। ऑक्सीजन नहीं मिला।कोरोना काल में हमारे गरीब और गरीब हो गए। बड़ी संख्या में लोगों की नौकरी चली गई, लोग बेरोजगार हो गए। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। आज हर स्तर पर भ्रष्टाचार बढ़ गया है। सपा सरकार आने पर थाने और तहसीलों को भ्रष्टाचार से मुक्त होंगे। प्रदेश की जनता को महंगाई, बेरोजगारी से राहत मिलेगी। भाजपा सरकार ने आम जनता और किसानों को महंगी बिजली दिया। समाजवादी सरकार आने पर 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त मिलेगी और साथ में किसानों को सिंचाई के लिए बिजली पूरी तरह से फ्री होगी। किसानों को 2 बोरी डीएपी और 5 बोरी यूरिया भी मिलेगी। मुख्यमंत्री जी नौजवानों की गर्मी निकालने की बात करते हैं। सपा सरकार आएगी तो हम नौजवानों को नौकरी के लिए भर्ती निकालेंगी। भाजपा सरकार में किसी भी फसल की कीमत नहीं मिली। समाजवादी सरकार बनने पर हर फसल के लिए एमएसपी मिलेगी।समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए योजना है। किसी के साथ अन्याय और अत्याचार नहीं होगा। सभी को उनका हक और सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव पार्टी प्रत्याशी डॉ संजय कुमार राम अजोर मौर्य मंतोष यादव पप्पू यादव पूर्व प्रमुख विजय यादव राज बहादुर यादव सुधीर यादव ईश्वर चंद्र मद्धेशिया शशिकांत दुबे श्रीराम यादव रामबालक छोटू आदि मौजूद रहे।



# अयोध्या में लता मंगेशकर के नाम पर होगा चौराहा, सी.एम. योगी का एलान- पी.एम.मोदी ने की तारीफ

**समाचार निर्देश ब्यूरो-(बी.पी.मिश्र) गोरखपुर।** 12 फरवरी 2022 उत्तर प्रदेश चुनाव के प्रचार के लिए अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि स्वर्गीय भारत रत्न लता मंगेशकर के नाम पर एक चौराहे का नाम रखा जाएगा। उनके मुताबिक इस तरह भारत की महान सिंगर को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी। सी.एम. योगी ने बताया कि ये उनकी सरकार का वो संकल्प है जिसे वे जरूर पूरा करेंगे। वे अयोध्या की धरती से लता मंगेशकर को पूरा सम्मान देंगे। वैसे सीएम योगी के इस ऐलान के बाद पीएम मोदी ने भी इस फैसले की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जब भी लोग अब भविष्य में राम मंदिर देखने आएंगे, तब सभी इस बहाने लता मंगेशकर जी के भजन को भी याद कर लिया करेंगे। ये सभी के लिए गर्व की अनुभूति रहेगी।

# चाइल्ड लाइन गोरखपुर की नोडल संस्था दिशा बस्ती और पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**समाचार निर्देश ब्यूरो-** (बी.पी.मिश्र)। चाइल्ड लाइन गोरखपुर की नोडल संस्था दिशा बस्ती और पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेंट जोसेफ स्कूल सिविल लाइन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चाईल्ड लाइन कार्यकताओं को कार्य करने के दौरान आ रही चुनौतियों, डॉक्यूमेंटेशन, किशोर न्याय अधिनियम 2015 और पोक्सो अधिनियम 2012 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को पीजीएसएस एवं चाईल्ड लाइन के निदेशक फादर जैसन जी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



कार्यक्रम में रेलवे चाइल्ड लाइन, सिविल चाइल्ड लाइन, बस स्टेशन चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता एवं वालंटियर, रेलवे चाइल्ड लाइन समन्वयक मैथ्यू केए जी, बस स्टेशन चाइल्ड लाइन समन्वयक नवीन जी और सिविल चाईल्ड लाइन समन्वयक वीरेंद्र सिंह जी, नगर समन्वयक सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे। संचालन टीम सदस्य आशीष राय ने किया।

# कैंट पुलिस ने ओएलएक्स के माध्यम से गाड़ी खरीदने वाले एक चोर को किया गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो-(बी.पी.मिश्र) गोरखपुर। 12** फरवरी 2022 ओएलएक्स के माध्यम से गाड़ी देखकर खरीदने के बहाने चोरी करने वाले एक अभियुक्त बबलू कुमार सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम छोटा कल्याणपुर माधवपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार को एक अदद पल्सर के साथ कैंट थाना क्षेत्र के रानीडीह से कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि इनामुल्लाह पुत्र जहूरुल्लाह निवासी चिलमापुर मकान नंबर 70 थाना रामगढ़ताल गोरखपुर द्वारा अपनी बजाज पल्सर आरएस 200 यूपी 53 बीडब्ल्यू 3425 पीले रंग को बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाला था अभियुक्त बबलू कुमार सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम छोटा कल्याणपुर माधोपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर इनामुल्लाह उपरोक्त से उनकी गाड़ी खरीदने के लिए मोबाइल से संपर्क किया गाड़ी देखने चलाने की बात की गई 2 फरवरी को बबलू कुमार सिंह अपने साथियों के साथ एयरपोर्ट गोरखपुर पर चार पहिया वाहन से आया और वहां पर एक चार पहिया वाहन बुक किया तथा उस चार पहिया वाहन के ड्राइवर से मुकदमा वादी इनामुल्लाह से वार्ता कराया और झारखंडी महादेव गेट पर बुलाया तथा चार पहिया वाहन के ड्राइवर से वहां से लौटने पर पैसा देने की बात कही तथा चार पहिया वाहन से झारखंडी महादेव पर पहुंचकर वादी मुकदमा इनामुल्लाह को अपनी गाड़ी बजाज पल्सर आरएस यूपी बीडब्ल्यू 3425 को लेकर आया हुआ चार पहिया से उतर कर कर बताया कि जो चार पहिया वाहन चला है मेरे बड़े भाई हैं उनसे अपनी गाड़ी की प्रशंसा कर दीजिए मैं गाड़ी चेक करके लेकर जाऊंगा फिर अभियुक्त बब्लू कुमार सिंह गाड़ी चलाने और चेक करने के बहाने से वहां से गाड़ी लेकर भाग गया उक्त के संबंध में थाना स्थानीय पर 9 फरवरी 2022 को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया तथा उसके चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद करते हुए बबलू कुमार सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के दौरान दो अन्य अभियुक्त गण मोहम्मद शरेयार पुत्र मंजर हुसैन निवासी विशेश्वरपुर थाना बरौली जिला गोपालगंज बिहार तथा कैश आजम पुत्र अब्दुल कलाम निवासी ग्राम भगवतीपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार की गिरफ्तारी हेतु गोरखपुर की पुलिस दबिश दे रही है उन्हें भी बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा गिरफ्तार करने वालो में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक कैन्ट शशि भूषण राय उपनिरीक्षक अमित चौधरी चौकी प्रभारी इंजरिंग कॉलेज कांस्टेबल नितेश यादव थाना कैंट कांस्टेबल कविंदर थाना कैंट गोरखपुर मौजूद रहे।



# सरकार ने देश को 2025 तक रखा टीबी मुक्त करने का लक्ष्य : उपायुक्त अजय कुमार

## हल्के में न लें टीबी, तुरंत करवाएं स्वास्थ्य जांच, टीबी मरीज को ईलाज के लिए मिलते हैं प्रतिमाह पांच सौ रुपए

समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ नूंह मेवात ( शौकीन कोटला ) 12 फरवरी को उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से टोल फ्री नंबर 1800-11-6666 पर कोई भी व्यक्ति टीबी से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है।




उपायुक्त ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि टीबी को हल्के में न लें। यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या खांसी में बलगम या बलगम में खून आना, भूख व लगातार वजन कम होना, शाम के समय बुखार, रात को पसीना आना इत्यादि में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करवाएं। यदि जांच में टीबी पाई जाती है तो तुरंत टीबी का ईलाज शुरू करना चाहिए। टीबी का ईलाज सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को टीबी हो जाती है तो उसे डॉक्टर की सलाहनुसार पूर्ण ईलाज लेना चाहिए व दूसरे लोगों को टीबी से बचाने के लिए सावधानी बरतते हुए इधर-उधर खुले में नहीं थूकना चाहिए और खांसते या छींकते समय मुंह पर कपड़ा लगाना चाहिए।

**टीबी मरीज को ईलाज के लिए मिलते हैं प्रतिमाह पांच सौ रुपए:**

उपायुक्त ने बताया कि टीबी मरीज को ईलाज की अवधि के दौरान प्रतिमाह 500 रुपये पोषण भत्ता दिया जाता है। इसके अलावा सरकार टीबी के नए मरीजों की जानकारी देकर उन्हें सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नोटीफाई करवाने वाले व्यक्तियों को भी 500 रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिलता है। उपायुक्त ने बताया कि प्राइवेट प्रोवाइडर द्वारा टीबी के नए मरीज को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नोटीफाई करवाने तथा उसके ईलाज का परिणाम सरकार को देने पर नियमानुसार एक हजार रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाता है।

**ये हैं टीबी रोग के लक्षण :**

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या खांसी में बलगम या बलगम में खून आना, लगातार वजन कम होना, भूख ना लगना, दोपहर बाद बुखार आना, रात को पसीना आना इत्यादि लक्षण टीबी के हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिस किसी भी व्यक्ति को टीबी हो गई है तो उसे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। टीबी का ईलाज संभव है। मरीज को चाहिए कि वह डॉक्टर की सलाहनुसार उपचार लें। टीबी खांसने और छींकने से फैलती है, इसलिए टीबी मरीज को इधर-उधर खुले में नहीं थूकना चाहिए। खांसते या छींकते समय मुंह पर कपड़ा लगाना चाहिए। भीड़ वाली जगह पर जाने से बचना चाहिए।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नूंह मे महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की 198वीं जयंती मनाई

**समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ नूंह मेवात** ( शौकीन कोटला ) डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में शनिवार दिनांक 12/2/22 को आर्य समाज के संस्थापक और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 198वीं जयंती मनाई गई।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगण में इस शुभ अवसर पर वैदिक हवन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री ज्ञान चंद्र आर्य, श्री झम्मन सिंह सैनी, श्री राजेश छौंकर(चेयरमैन उहउ) एवं श्रीमती नीरज रानी (नेहा सिंह) सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री ज्ञान चंद्र आर्य जी ने बच्चों को महर्षि दयानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों का



ज्ञान कराया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत विश्नोई ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों एवं पाखंड के विरुद्ध वैदिक संस्कृति के आधार पर भारत की पुनरुद्धार का जो अभियान शुरू किया था, हमें सदा उस पथ पर अग्रसर रहना है। उन्होंने बताया, स्वामी दयानंद सरस्वती जी एक महान संत, विचारक, समाज सुधारक एवं शिक्षा प्रेमी थे। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना कर समाज में फैली कुरीतियों एवं अशिक्षा को दूर किया। स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह एवं जाति के विभेद को दूर करने के लिए उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश की रचना की। स्वाधीनता आंदोलन में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमती नीरज रानी (ें२३ी१ ३१ंल्ली१ ड्ड ८ड्डें) के साथ बच्चों ने सूर्य नमस्कार करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद के बेटे ने थामा भाजपा का दामन

**भाटपाररानी राहुल तिवारी।** पूर्व सांसद हरिवंश सहाय कुशवाहा के छोटे पुत्र डॉ अरविंद सहाय ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी के समक्ष सदस्यता ग्रहण की।

डॉ अरविंद सहाय चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरईपार पांडेय भाटपाररानी के प्राचार्य हैं। पूर्व सांसद हरिवंश सहाय इस समय अस्वस्थ हैं और उनका इलाज दिल्ली में एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वह शुरू से ही सोशलिस्ट रहे हैं।

हरिवंश सहाय को मुलायम सिंह यादव ने प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया था। वे मुलायम सिंह मंत्री मंडल में एक बार दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री भी रहे हैं। हरिवंश सहाय भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और एक बार सलेमपुर के सांसद रह चुके हैं।

बीच में वे कुछ दिनों के लिए बसपा में भी चले गए थे और बाद में पुनः समाजवादी पार्टी में चले आए थे। डॉ अरविंद सहाय बसपा के लोकसभा प्रभारी भी रहे हैं।

# निपुण हरियाणा के तहत 3 महीने तक चलेगा विद्या प्रवेश कार्यक्रम: डीईईओ मुकेश कुमार





**समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ नूंह मेवात ( शौकीन कोटला )** शिक्षा विभाग द्वारा तावडू के आरोही मॉडल स्कूल में निपुण हरियाणा मिशन के तहत 127 शिक्षकों के साथ चल रहे 3 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के पहले चरण का समापन हो गया है। पूरे जिले में प्रशिक्षण हेतु कुल 61 समूह बनाये गए हैं और इसकी शुरूआत तावडू खण्ड से की गई। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत जिले में 2575 शिक्षकों की ट्रेनिंग की योजना बनाई गई है। पहले चरण में तीन दिवसीय इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में निपुण भारत एवं निपुण हरियाणा के दस्तावेज, एफएलइन, विद्या प्रवेश, हिंदी भाषा तथा गणित, अँग्रेजी पर विस्तार से क्षमता संवर्धन पर ट्रेनिंग की गई। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने विद्या प्रवेश पर अपनी बात रखी।

उन्होंने बताया कि बच्चों के आधार को अगर शिक्षक सही समय पर बनाने में सक्षम हो जाते हैं तो यह उन बच्चों और साथ ही पूरे जिले की स्थिति को बदल सकता है। शिक्षक देश का निमार्ता है और देश का भविष्य उसके हाथों में है जिसकी नीवकपहली कक्षा से रखी जाती है इसलिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम के अंतर्गत पहली कक्षा का अध्यापक विद्यालय का मुखिया आंगनवाड़ी वर्कर बच्चे के माता-पिता समुदाय के लोगों परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर प्रथम 3 माह तक खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चे के संख्यात्मक विकास स्वास्थ्य शारीरिक विकास और उसके संपूर्ण विकास के लिए इस कार्य योजना को अमली जामा पहनाएगो

जिला स्तर पर कार्यक्रम का संयोजन कुसुम मलिक कर रही हैं उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर मुख्यमंत्री के निपुण हरियाणा के सपने को पूरा करेंगे और बतौर मुख्य रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश, लाभ सिंह, प्रीति राघव, मनीष भारद्वाज, अशोक एवं कृष्ण मौजूद थे। संपर्क फाउंडेशन से हर्षित वर्मा तथा पीरामल फाउंडेशन से , कृष्णा मोहन पोद्दार, चंदन वर्मा एवं विशाल जोशी इस प्रशिक्षण के संचालन में रहे।

नीति आयोग के आकांक्षी जिला सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के सर्वांगीण विकास हेतु इस मिशन व प्रशिक्षण का महत्व काफी बढ़ जाता है। निपुण भारत मिशन आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने के लिये एक सक्षम वातावरण बनाने की बात करता है ताकि ग्रेड 3 का प्रत्येक बच्चा वर्ष 2026-27 तक पढ़ने, लिखने और अंकगणित में वांछित सीखने की क्षमता प्राप्त कर सके।

वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री ने निपुण हरियाणा मिशन के तहत इस लक्ष्य को 2025-26 के लिए सुनिश्चित किया है। जिला खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मलिक ने कहां की जिस प्रकार से हमने इस प्रशिक्षण शिविर को बहुत ही सफलता पूर्वक पूरा किया है इसी प्रकार से हम निपुण हरियाणा के सपने को भी जमीनी स्तर पर सफल बनाएंगे ताकि प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान हो।

# नगीना को उपमंडल बनाने के गोत्र-पाल के चौधरियों ने की महापंचायत

## मुख्यमंत्री के दौरे का करेंगे विरोध, पिनगवां खंड व पुलिस थाना से नाखुश 10 पंचायतें

### बेटियों को पढ़ने के लिए चाहिए दर्जनों अपग्रेड स्कूल, महापंचायत में नूंह जिला का नाम नगीना रखने पर लगी मुहर

**समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ नूंह मेवात ( शौकीन कोटला )** नगीना खंड की 10 ग्राम पंचायतों के 12 गांवों को पिनगवां खंड में शामिल किए जाने का विरोध जोर पकड़ता जा रहा है। चेतावनी दी गई है कि यदि अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मांगे नहीं मानी तो उनके दौरे का विरोध होगा।

शनिवार को 20 गांवों के गणमान्य लोगों व गोत्र-पाल के चौधरियों ने खानपुरघाटी स्कूल में सामाजिक बुराइयों और विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महापंचायत बुलाई। अध्यक्षता संयुक्त रुप से डाग पाल के चौधरी इलियास खान व चौधरी हनीफ खान ने की। मुख्य वक्ता शिक्षाविद राजूद्दीन ने कहा कि देश-प्रदेश में मेवात की राजधानी नगीना को माना जाता है। इस क्षेत्र के साथ विभिन्न सरकारों और नेताओं ने विकास में खुल्लम-खुल्ला भेदभाव किया है जोकि थमने का नाम नहीं ले रहा है। नूंह जिले के अन्य ब्लॉकों से नगीना विकास में पूरी तरह पिछड़ चुका है।



महापंचायत में कई अहम फैसले लिए गए हैं जो क्षेत्र की तरक्की में मील का पत्थर साबित होंगे।

चौधरी इलियास खान ने कहा कि हमारे एक दर्जन गांवों के सरपंचों से बगैर पूछे हरियाणा सरकार ने हमें नगीना खंड से अलग करके पिनगवां खंड में शामिल कर दिया। हमारा पुलिस थाना भी पिनगवां लगता है यहां हमारे साथ भेदभाव होता है। चौधरी हनीफ खानपुरघाटी ने कहा कि महापंचायत बुलाने का मकसद 10 ग्राम पंचायतों को दोबारा से नगीना खंड में शामिल कराने का है। हम पिनगवां खंड में नहीं रहना चाहते। चौधरी अब्दुल सुभान खान ने बताया कि वर्ष 2020 से निरंतर मरोडा कट देने व नगीना को सब डिवीजन बनाने के लिए क्षेत्रवासी आंदोलन करते आ रहे हैं। इन मांगों पर सरकार को अमल करना चाहिए। कार्यक्रम में मेवात आरटीआई मंच एवं गालिब मौजी खान फाऊंडेशन, जागो चलो महिला मंच के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने रखने के लिए एक कमेटी का गठन कराया। वहीं, बेटियों को तालीम दिलाने एवं स्कूलों को अपग्रेड कराने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सबीला घागस व समाजसेवी राजूद्दीन के संघर्ष को सराहा गया। मौके पर मौलाना साबिर मजहिरी, स्वयंसेवी मुबारिक अटेरना, चौधरी इलियास खान खानपुरघाटी, चौधरी हनीफ खानपुर, चौधरी रुस्तम ढाडोला, चौधरी ताहिर हुसैन, अब्दुल्ला लंबरदार खानपुर, मोहम्मद यूसुफ पूर्व सरपंच बाजीदपुर, सलीम सरपंच बसई खांजादा, चौधरी अब्दुल सुभान रनियाला, चौधरी इकबाल खान उप चेयरमैन, सगीर अहमद सरपंच रनियाला पटाकपुर, चौधरी दीन मोहम्मद, चौधरी कमरुद्दीन, दलमीर पूर्व सरपंच, तेजपाल पूर्व सरपंच खानपुरघाटी, चौधरी धर्मवीर समेत दर्जनों गांवों के पंच-सरपंच, पूर्व सरपंच और गणमान्य लोग महापंचायत में शामिल हुए।

**महापंचायत में प्रस्तावित मुख्य मांगे:**

खानपुरघाटी समेत 10 ग्राम पंचायतों को पिनगवां से निकालकर नगीना थाना और ब्लॉक में शामिल करना। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए खानपुरघाटी, रीठट, गोहाना, मांडीखेड़ा, उलेटा व फिरोजपुर झिरका के मिडिल स्कूलों को 12वीं कक्षा तक अपग्रेड किया जाए। नूंह जिला का नाम बदलकर नगीना रखना। क्षेत्र के 68 गांवों की नगीना उप तहसील को उपमंडल का दर्जा तथा दिल्ली मबई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे में नगीना-होडल रोड पर मरोडा कट देना शामिल हैं।

# वैक्सीनेशन ही कोरोना की तीसरी लहर से बचने का एकमात्र उपाय : उपायुक्त अजय कुमार

## जिला में अब तक लगाई जा चुकी हैं वैक्सीन की 11 लाख तक 66 हजार 623 डोज : उपायुक्त अजय कुमार

**समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ नूंह मेवात (** शौकीन कोटला ) 12 फरवरी : जिला उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि वैक्सीनेशन ही कोरोना की तीसरी लहर से बचने का एकमात्र उपाय है । नूह जिला ने कोविड रोधी वैक्सीन 11 लाख 66 हजार 623 का आंकड़ा हासिल कर लिया है। जिला में 15 से 17 वर्ष तक के 38 हजार 330 किशोरों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में अब तक 1059 लोगों को कोरोनावायरस रोधी वैक्सीन की प्रिकॉशन रोज लगाई जा चुकी है। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि




कोरोनावायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन से बचाव के लिए हमें सजग रहना होगा। इस वैरिएंट का संक्रमण डेल्टा वैरिएंट की अपेक्षा तीन से चार गुणा तेजी से फैलता है, इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला में कोविड रोधी टीका की प्रथम डोज के बाद दूसरी डोज के लिए भी नागरिक आगे आये ताकि दूसरी डोज लगने के बाद बूस्टर डोज पर विचार-विमर्श किया जा सके।

उन्होंने कहा कि दवा से अच्छा परहेज है और कोविड-19 से बचाव के लिए सही तरीके से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन व साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने जिलावासियों का आह्वाहन किया है कि वे कोविड रोधी टीकाकरण के लिए भी स्वेच्छा से आगे आये ताकि सभी सुरक्षित रह सके। कोविड-19 के नए वैरिएंट ऑमीक्रॉन तेज गति से फैलता है। इसलिए सभी सतर्क रहे व कोविड उचित व्यवहार का पालन करें।

उपायुक्त ने कहा कि कोविड-19 के ओमीक्रोन वैरिएंट का संक्रमण तेजी से फैल सकता है। इसलिए जिलावासियों को ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। हर पात्र व्यक्ति वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगवाये।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना,नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर पर प्रकाशित करवाने के लिए
समाचार निर्देश परिवार से जुड़िए
शौकीन कोटला
ब्यूरो चीफ नूह मेवात
9671931752
समाचार निर्देश क्लासीफाइड
कार्यालय सिंचाई विभाग के सामने नूह मेवात

# प्राचीन पालट देवी मंदिर परिसर में ताला तोड़कर दान पात्र से हजारों की नगदी व श्रृंगार के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हुए

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**भरथना/इटावा**

प्राचीन पालट देवी मंदिर परिसर में ताला तोड़कर दान पात्र से हजारों की नगदी व पीतल के घंटा सहित श्रृंगार के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हुए,मंदिर पुजारी ने घटना की पुलिस को सूचना देकर नामदर्ज एक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पाली कलां गांव में स्थित प्राचीन पालट देवी मंदिर में शुक्रवार की रात मुख्य मंदिर के कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखे दो दान पात्रों के ताला/लॉक तोड़कर उसमें रखी नगदी व लोहे की जंजीर से लटके कई घंटा काटकर चोरी



कर लिए गए,साथ ही मंदिर परिसर में स्थित साईं मंदिर के कक्ष के द्वार का ताला तोड़कर उसमें रखे एक दान पात्र को उठा ले गए जोकि सुबह पास ही स्थित एक खेत मे ताला टूटा हुआ मिला। शनिवार की सुबह करीब 6 बजे पुजारी प्रमोद कुमार निवासी पाली खुर्द भरथना को मंदिर पर पहुचने पर घटना की जानकारी होने पर पुलिस सहित ग्रामीणों को सूचना दी। जिस पर सीओ साधूराम सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मियों ने मौके पर पहुचकर पड़ताल की गई। पुजारी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह मंदिर में पूजा व देखरेख का कार्य करता है, शुक्रवार की शाम हर रोज की तरह मंदिर परिसर में बने अलग अलग कक्षो के ताला लगाकर घर गया था,शनिवार की सुबह आने पर पालट देवी मंदिर कक्ष के द्वार का ताला टूटा मिला व उसके अंदर रखे दो दानपात्र के लॉक टूटे सहित देवी प्रतिमा के श्रृंगार के सामान जिसमे सोने का मुकुट,बिन्दी, नथनी चांदी की पायले सहित डेढ़ कुन्तल पीतल के कई घण्टे गायब मिले, परिसर में ही स्थित साईं मंदिर के कक्ष के द्वार का ताला तोड़कर उसमें भी रखे दानपात्र में भरी नगदी चोरी हो गई। उसने आगे बताया कि पालट देवी के कक्ष में रखी दो दानपात्र आठ महीनों से नही खुले थे,
इसी प्रकार साईं मंदिर के कक्ष में रखा दानपात्र पिछले तीन साल से नही खुला था।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अटेवा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार आगमन हुआ

***समाचार निदेर्श:पवन सिंह***



शिक्षक-कर्मचारियों के मध्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अटेवा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु का करहल स्थित जैन इण्टर कॉलेज में आगमन हुआ।उन्होंने विभिन्न विभागों के शिक्षक एंव कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।लोकतंत्र में जनता संप्रभु होती है अतः हम सभी को अपने मत का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए।

अटेवा प्रदेश अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि शिक्षक एंव कर्मचारियों की भूमिका किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण होती है।परंतु पिछले कुछ वर्षों से उनके हितों की अनदेखी की जा रही है जिससे वे तनावग्रस्त हो रहे हैं। एनपीएस एंव निजीकरण को लेकर पिछले वर्षों में कई आंदोलन हुए है,परंतु इस ओर किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया।इस बार जरूरत है कि हम एक ऐसी सरकार चुने जो कर्मचारियों के हित की बात करे और निजीकरण को समाप्त कर पुरानी पेंशन पेंशन व्यवस्था बहाल करे। इसके लिए उन्होंने *वोट फॉर ओपीएस* का नारा दिया।

प्रदेश महामंत्री डॉ नीरज पति त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक एंव कर्मचारी इस बार अपने मुद्दे पर मतदान करें साथ ही साथ इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी कर्मचारी वोट देने के अधिकार से वंचित न होने पाए। सैफई आयुर्वेद संस्थान से कई कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र जी के नेतृत्व में अपनी उपस्थिति दर्ज की जिला इटावा से जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन, जिलाध्यक्ष अजय यादव, विजय पटेल, के के यादव, विनोद राजपूत, मनोज यादव, कमल पाल, मधुर श्रीवास्तव,राजेश यादव, यतेंद्र पाल, बृजेन्द्र, रईस अहमद,आलोक चौहान, विवेक गुप्ता, सलीम अंसारी,अरविंद कुमार, कपिल कुमार, इदरीश,आलेरजा अंसारी, सुदीप, रणविजय यादव,रामआशीष यादव,दीपक यादव,बडेलाल यादल,हिमांशु यादव,लालजी शर्मा,राजशेखर यादव,संतोष तिवारी,राजीव यादव,जयप्रकाश यादव,दिनेश यादव,अरविन्द यादव आदि उपस्थित रहे

## बीएलओ को निर्वाचन संबंधी पत्रावलियां वितरित की गई



**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**भरथना/ इटावा**

**संदीप पाल** शनिवार को तहसील सभागार में सात टेबल लगाकर बूथ संख्या 1 से लेकर 352 तक के बीएलओ को निर्वाचन से संबंधित मतदाता सूची, अल्फाबेट मतदाता सूची, पहचान पत्र, मतदाता निर्देशिका एवं मतदाता वोटर पर्ची व पोस्टर आदि वितरित किए गए। सात टेबलों पर बूथवार बीएलओ को सामग्री वितरित कर निर्देशित किया गया कि वह सभी सामग्री समय से प्रत्येक मतदाता को उपलब्ध कराएं ' इस दौरान तहसीलकर्मी अर्चना शुक्ला, विनोद कुमार, रामाकांती शुक्ला, राजीव कुमार वर्मा व पालिका कर्मी आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया, बीएलओ अरविंद कुमार रावत,शिवम गुप्ता, रामवीर शिव कुमार पंकज दुबे अमित कुमार पोरवाल आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की सतर्कता से अंत्येष्टि स्थल का लोहे का गेट चोरी कर ले जा रहा बदमाश गेट छोड़कर भागा।

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**भरथना**

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोढी गांव में सेंगर नदी किनारे स्थित अंत्येष्टि स्थल पर लगा लोहे का गेट रात के दौरान अज्ञात बदमाश द्वारा चोरी कर ले जाने का प्रयास किया गया।उसी दौरान आसपास खेत में मौजूद किसानो व ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने वह लोहे का गेट छोड़कर भाग गया। ग्राम प्रधान विमल कुमार ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल का गेट पिछले दिनों वाहन की टक्कर से टूट क्षतिग्रस्त हो गया था,जिसें अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने का प्रयास किया गया।

# उच्च गुणवत्ता की ईंटों का जिले में ही होगा निर्माण

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**प्रदीप सिंह चौहान**

जसवंतनगर/इटावा। आधुनिक मशीनों द्वारा ईंटों का निर्माण होगा और अच्छी गुणवत्ता वाली ईंटों के लिए अन्य जिलों से खरीद नहीं करनी पड़ेगी। यह बात गुराऊ टोल स्थित डी के ब्रिक्स फील्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण गुप्ता और अभिषेक गुप्ता ने सयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इन मशीनों द्वारा ईंटों का उत्पादन ज्यादातर पंजाब और हरियाणा में प्रचलित है और यह मशीन पंजाब से ही मंगाई गई है। इसके द्वारा निर्मित ईंटों का वजन लगभग तीन किलो से साढ़े तीन किलो तक रहता है और सीमेंट से मजबूत पकड़ होती है जिससे निर्मित बिल्डिंग की मियाद



सालो साल बड़ जाती है। गुप्ता बंधु ने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्र के तमाम लोगों की बहुत दिनों से इस तरह की ईंटों के लिए मांग थी जिसे आज पूरा होते देख मन बहुत प्रफ्फुलित है और आज अपने पिता का सपना पूरा होते देख आंखे भी नम हैं। अगर वो आज साथ होते तो बहुत खुशी होती लेकिन उनका आशीर्वाद सदैव परिवार के लोगो के साथ है और इसी वजह से आज हम इस तरह की मशीन को यहां लगा पाए। उद्घाटन के दिन बुकिंग के लिए बंपर भीड़ रही और लोगों ने मशीन से निर्मित ईंटों के बारे में भरपूर जानकारी ली और बुकिंग कराई ज्यादा बुकिंग देखते हुए यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में और भी मशीन बड़ाई जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

*मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अटेवा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार आगमन हुआ*।



***समाचार निदेर्श:पवन सिंह***
शिक्षक-कर्मचारियों के मध्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अटेवा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु का करहल स्थित जैन इण्टर कॉलेज में आगमन हुआ।उन्होंने विभिन्न विभागों के शिक्षक एंव कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।लोकतंत्र में जनता संप्रभु होती है अतः हम सभी को अपने मत का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए।
अटेवा प्रदेश अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि शिक्षक एंव कर्मचारियों की भूमिका किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण होती है।परंतु पिछले कुछ वर्षों से उनके हितों की अनदेखी की जा रही है जिससे वे तनावग्रस्त हो रहे हैं। एनपीएस एंव निजीकरण को लेकर पिछले वर्षों में कई आंदोलन हुए है,परंतु इस ओर किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया।इस बार जरूरत है कि हम एक ऐसी सरकार चुने जो कर्मचारियों के हित की बात करे और निजीकरण को समाप्त कर पुरानी पेंशन पेंशन व्यवस्था बहाल करे। इसके लिए उन्होंने *वोट फॉर ओपीएस* का नारा दिया।
प्रदेश महामंत्री डॉ नीरज पति त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक एंव कर्मचारी इस बार अपने मुद्दे पर मतदान करें साथ ही साथ इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी कर्मचारी वोट देने के अधिकार से वंचित न होने पाए। सैफई आयुर्वेद संस्थान से कई कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र जी के नेतृत्व में अपनी उपस्थिति दर्ज की जिला इटावा से जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन, जिलाध्यक्ष अजय यादव, विजय पटेल, के के यादव, विनोद राजपूत, मनोज यादव, कमल पाल, मधुर श्रीवास्तव,राजेश यादव, यतेंद्र पाल, बृजेन्द्र, रईस अहमद,आलोक चौहान, विवेक गुप्ता, सलीम अंसारी,अरविंद कुमार, कपिल कुमार,इदरीश,आलेरजा अंसारी, सुदीप, रणविजय यादव,रामआशीष यादव,दीपक यादव,बडेलाल यादल,हिमांशु यादव,लालजी शर्मा,राजशेखर यादव,संतोष तिवारी,राजीव यादव,जयप्रकाश यादव,दिनेश यादव,अरविन्द यादव आदि उपस्थित रहे

## इटावा में महिंद्रा नेशनल मेगा कैंप का हुआ उद्घाटन

**समाचार निदेर्श:पवन सिंह**

**इटावा।** शहर के राजेंद्र ऑटोव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित मेगा कैंप उद्घाटन इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह व डॉ अवधेश शर्मा के द्वारा किया गया। इस मेगा कैंप का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महिंद्रा के कस्टमर सुघर सिंह पत्रकार व डॉ अवधेश शर्मा ने फीता काटकर किया इसके बाद राजेन्द्र ऑटोव्हील्स के एमडी दीपक तिवारी ,जीएम व सर्विस मैनजर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कैंप में वाहनों की सर्विस, स्पेयर पाट्र्स में छूट दी जा रही है कैंप में महिंद्रा की पर्सनल रेंज की गाड़ियों के पाट्र्स पर 5%, लेबर पर 10%, एसेसरीज पर 5%, और मैक्सीकेयर पर 25% की छूट दी जा रही है। गाड़ी की 75 पॉइंटस जनरल चेकअप, और टॉपवाश मुक्त होगा। उद्घाटन अवसर पर मौजूद कस्टमर को महिंद्रा की तरफ से गिफ़्ट देकर सम्मानित भी किया गया।

# बेसिक शिक्षा विभाग ने कराई स्कूली छात्रों के बीच प्रतियोगिता

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**प्रदीप सिंह चौहान**

जसवंतनगर/इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूली छात्र छात्राओं के बीच पोस्टर स्लोगन रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार के निर्देशन में ब्लाक संसाधन केंद्र द्वारा आयोजित न्याय पंचायत स्तर पर होनहार बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक रंगोली पोस्टर व स्लोगन तैयार किये गये थे जिनमें से चयनित विजेताओं द्वारा ब्लॉक



संसाधन केंद्र पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान कक्षा 5 ने प्रथम सपना कक्षा 8 यूपीएस जसवंतनगर कम्पोजिट द्वितीय भावना प्राथमिक विद्यालय भारद्वाजपुर तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में शिखा यूपीएस नगला छत्ते प्रथम काजल यूपीएस जसवंतनगर द्वितीय अमन यूपीएस कुरसेना तृतीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में अंजली यूपीएस धरवार प्रथम रजनी कुमारी यूपीएस नगला छत्ते द्वितीय नेहा कन्या यूपीएस जसवंतनगर तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में 45 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शिक्षक राजेश जादौन, हरी कुमार, शुभा चौहान, आलोक चौहान, प्रेमकिशोर पाठक, अरशद हुसैन, राबिया बेगम, उषा कुमारी, संगीता जाटव, ज्योति यादव, ऊषा पाल, ललिता, अनुपम, विमल कुमार सहायक लेखाकार, शिवानी, रोहित, आशीष यादव, विवेक गुप्ता, अरबिंद कुमार, चंद्रभूषण आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी से भयभीत महिला ने लगाई गुहार

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**भरथना**

मारपीट व जान से मारने की धमकी से भयभीत महिला ने परिवार के ही नामजद व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला यादव नगर की आमना ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि उसकी शादी 6 साल पहले नामजद व्यक्ति से हुई थी,शनिवार को नामजद व्यक्ति ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने 2022 के भारत दौरे के लिए वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम को प्रायोजित किया

**करनाल** । सीग्रैम्स रॉयल स्टैग ने वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के साथ आधिकारिक स्पॉन्सर के तौर पर साझेदारी करने की घोषणा की है। वेस्?टइं?डीज के मौजूदा भारत दौरे के लिये यह साझेदारी की गई है। वेस्ट इंडीज टीम को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिये जाना जाता है और उनका स्वाभाविक रूप से कैरेबियन जोश उन्हें और भी बेहतर बनाता है। उनका यह अंदाज रॉयल स्टैग ब्रांड की ह्लइट्स योर लाइफ। लिव इट लार्ज।ह्व की फिलॉसफी में पूरी तरह फिट होता है। अपनी प्रतिष्ठित छवि और जेंटलमैन्स गेम के प्रति प्यार को साबित करते हुए, रॉयल स्टैग क्रिकेट के उन धुरंधरों की जड़ों को और मजबूत बना रहा है जिन्हें पूरे भारतभर में इतना पसंद किया जाता है।

क्रिकेट हमेशा से ही रॉयल स्टैग ब्रांड के प्रचार के केंद्र में रहा है। वर्षों से, दुनिया के शीर्ष क्रिकेटरों और टीमों के साथ ब्रांड की लगातार साझीदारी ने देश भर के क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूती दी है। इस साल, रॉयल स्टैग ने गेम की शुरूआत उस टीम के साथ साझीदारी करते हुए की है जोकि दिल और जुनून के साथ खेलती है और अपने अंदाज, भव्यता और जोश के साथ सफलता का जश्न मनाती है। ये सारी बातें ब्रांड की मूल सोच से मेल खाती है।

# एस डी कॉन्वेंट स्कूल ने जिले में कायम रखा दबदबा

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**प्रदीप सिंह चौहान**

जसवंतनगर/इटावा। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की अंतिम सूची में एस डी कान्वेंट पब्लिक स्कूल के एक और विद्यार्थी का चयन हुआ। एक ही सत्र में इस स्कूल के 23 विद्यार्थियों का चयन होना जिले की रिकॉर्ड उपलब्धि है। विदित हो कि बलरई रोड स्थित एस डी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत पांचवी कक्षा के छात्रों को नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हेतु तैयारी कराई जाती है। इसी कारण प्रतिवर्ष अच्छी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण



करते हैं। इस सत्र के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा की सितंबर माह में जारी पहली सूची में 20 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे जबकि दिसंबर महीने की दूसरी सूची में 2 विद्यार्थियों का नाम आया। इसी प्रकार आज आई सूची में एक विद्यार्थी का नाम फिर आया इस प्रकार कुल मिलाकर एक ही सत्र में 23 विद्यार्थियों का उत्तीर्ण होना जिले की रिकॉर्ड उपलब्धि है। नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र मयंक के पिता आलम चंद्र जो मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं उन्होंने अपने बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। जबकि छात्र को स्कूल के प्रबंधक प्रधानाचार्य रामानंद सिंह चौहान सहित शिक्षक शिक्षिकाओं अर्चना सिंह चौहान, यदुवीर सिंह छोटे यादव, विवेक परिहार, नरसिंह चौहान, काजल चौहान, आदित्य चौहान इत्यादि ने उस विद्यार्थी को फूल माला पहनाकर शील्ड प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया है।

# बसपा सुप्रीमो मायावती का आगमन होते ही लोगों मे उत्साह की लहर दौड़ गई

**समाचार निर्देश ब्यूरो_संतोष कुमार पांडे औरैया**

बेला_ औरैया जिले के बेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बेला से 1
किलोमीटर दूर भदौरा ग्राम के समीप आज दिनांक 12 /2/ 2022 को बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती जी की जनसभा हुई जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद रहे जनसभा में भारी संख्या में जनसैलाब एकत्र हो गया लगभग 2:30 बजे उनका आगमन हुआ



उनके आगमन होते ही जन सभा में हर्ष और जोश की लहर दौड़ गई मायावती काशीराम जिंदाबाद के नारे लगे सुश्री मायावती ने भाषण में विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला दलित पिछड़े शोषित वर्ग को दबाने का प्रयास किया जा रहा है उन पर झूठे मुकदमे लगवाए जा रहे हैं अगर बसपा की सरकार बनती है तो मुकदमे वापस लिए जाएंगे पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी इस के साथ बसपा विधायक प्रत्याशी बिधूना विधानसभा 202 से गौरव रघुवंशी जी को कीमती वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की।

# प्रवीन कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवंतनगर के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान

**समाचार निदेर्श:पवन सिंह***

आप को बताते चलें कि कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड जसवंतनगर में प्रवीन कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी जसवंतनगर के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर पर विजेता बच्चों की पोस्टर स्लोगन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र पर हुआ जिसमें समस्त न्याय पंचायतों के होनहार बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक रंगोली पोस्टर व स्लोगन तैयार किये गये। ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन ने



प्रतियोगिता का सफल संचालन करवाया।
रंगोली में मुस्कान कक्षा 5 ने प्रथम सपना कक्षा 8 यूपीएस जसवंतनगर कम्पोजिट द्वितीय भावना प्राथमिक विद्यालय भारद्वाजपुर तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में शिखा यूपीएस नगला छत्ते प्रथम काजल यूपीएस जसवंतनगर द्वितीय अमन यूपीएस कुरसेना तृतीय रही।स्लोगन प्रतियोगिता में अंजली यूपीएस धरवार प्रथम रजनी कुमारी यूपीएस नगला छत्ते द्वितीय नेहा कन्या यूपीएस जसवंतनगर तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में 45 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में हरी कुमार शुभा चौहान आलोक चौहान प्रेमकिशोर पाठक अरशद हुसैन राबिया बेगम उषा कुमार संगीता जाटव ज्योति यादव उषा पाल ललिता अनुपम विमल कुमार सहायक लेखाकार शिवानी रोहित आशीष यादव विवेक गुप्ता अरबिंद कुमार सत्यनारायण प्रसाद सन्तोष शर्मा चंद्रभूषण आदि उपस्थित रहे।

# कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने 3 दिन में वीर योद्धा पूंजा राणा की मूर्ति को लगाने का दिया भरोसा

**समाचार निर्देश ब्यूरो कुंभलगढ़,( राजसमंद) सरदार** कर्मपालसिंह सवाली/अशोक कड़ेला, कुंभलगढ़ चौराहे महाराणा प्रताप के साथी वीर पूजा राणा के मूर्ति को अज्ञात आरोपियों ने खंडित किए जाने के कारण आज हजारों की तादाद भील समाज एवं समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी प्रदर्शन करके प्रशासन से ज्ञापन देकर मांग करके अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर हजारों लोगों की भारी संख्या में मारवाड़ और मेवाड़ से पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करके और वीर पूजा राणा की मूर्ति स्थापना की मांग की इस वीर पूंजा राणा की अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मूर्ति तोड़फोड़ करके अपमान किए जाने के कारण आदिवासी समाज में भारी रोष पाया प्रकट करते हुए तुरंत आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बहुत ही मेहनत से इस आंदोलन को पूरी समझाए पूरी मेहनत से पंच-पटेलों



को भी शांति बनाए रखने के लिए जिसमें पुलिस अधिकारी उच्च अधिकारी ने भी पूरी मुस्तैदी से अमन शांति बनाए रखने में कामयाब हुए कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कुछ दिन के अंदर ही महाराणा प्रताप के लोकप्रिय साथी वीर योद्धा पूजा राणा की मूर्ति जल्दी ही स्थापना करवाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा अज्ञात आरोपी कोई भी होंगे तो खुलासा होगा प्रशासन व पुलिस की समझाइश के बाद माने सभी लोग जल्दी आरोपी को पकड़ेंगे ओर जल्दी लगेंगी नई मुर्ति इस दोरान उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह राठोड़ कुंभलगढ़ डिवाईएसपी नरेश शर्मा कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ कुंभलगढ़ पूर्व विधायक गणेश सिंह परमार यूथ सोशलिस्ट केयर संस्थान राष्ट्रीय सचिव नीरज सिंह राणावत, कुंभलगढ़ तहसीलदार सज्जन राम थाना अधिकारी प्रवीण टांक मारवाड़ जंक्शन पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर राम मीणा, पत्रकार अशोक कड़ेला,कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह परमार ,भाजपा नेता प्रेमसुख शर्मा ,प्रताप सिंह ओडा ,अल्पेश असावा ,मयंक जोशी ,रणजीत सोनी, सौरभ बायती ,सहीत प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू राणा भील प्रधान गोगुंदा, प्रदेश युवा अध्यक्ष राजू भील, जिला युवा अध्यक्ष फूलचंद खराड़ी, उपाध्यक्ष मदन लाल भील, उप प्रधान शांतिलाल भील, राजसमन्द जिला अध्यक्ष सुरेश चंद सोलंकी युवा अध्यक्ष बाबूलाल उदयपुर कुंभलगढ़ तहसील अध्यक्ष हजारी लाल भील रामलाल दाना मांगीलाल रामलाल परमार हीरालाल चोखला अध्यक्ष पीपला ,हिमाराम, मोहनलाल धार ,फतेह लाल पारगी ,कालूराम केलवाड़ा, खेमाराम गवार ,ललित तावेद, मोहनलाल उदावड बड़ी संख्या में बहुजन समाज किशन मेघवाल रघुवीर मेघवाल छत्तीस कौम के सर्व समाज ने भी इस घटना को बड़ी संख्या में शामिल होकर न्याय के लिए सर्व समाज एकजुट नजर आए।

## विजय पूनिया बने सोजत के प्रभारी

**समाचार निर्देश ब्यूरो सोजत/पाली सरदार कर्मपालसिंह सवाली, पाली ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गैर राजनीतिक संगठन के पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील के निर्देशानुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला महासचिव, कार्यालय प्रभारी सोजत रोड़ के विजय पूनिया को मारवाड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया । जागरवाल ने बताया कि विजय पूनिया सोजत विधानसभा क्षैत्र में संगठन की गतिविधियां, बैठके आयोजित करवाने प्रदेश निदेर्शानुसार प्रदर्शन, आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ संगठन को और अधिक सक्रीय बनाने हेतु ब्लॉक कार्यकारिणी, जिला पदाधिकारी के साथ ग्राम पंचायत व बूथ इकाई पर संगठन मजबूत करने में अपनी भूमिका निभायेंगे । विजय पूनिया को मारवाड़ विधानसभा क्षैत्र के प्रभारी बनाए जाने पर संरक्षक विजेन्द्रसिंह चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नोरतन प्रकश चौधरी मारवाड़, पेमाराम चौधरी मारवाड़, घीसाराम बाडसा, दीपक शर्मा, हाजी मोहम्मद खान पठान, पोपट भाई पटेल, मांगीलाल सोयल चौधरी दूदोड़, प्रहलाद कण्डारा, जयप्रकाश आचार्य खिंवाड़ा, नेमाराम चौधरी, दुगार्राम चौधरी राजकीयावास, सुकनसिंह राजपुरोहित कानावास, नारायणसिंह राजपूत जाडन, कपूरचंद आउवा, चुन्नीलाल राजपुरेहित आउवा सहित मारवाड़ के कई किसान नेता ने खुशी जाहिर कर प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील व जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल का आभार प्रकट किया ।

## पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने आगजनी से हुए नुकसान से आहत रामफल को तुरंत दी भोजन व कपड़ों की मदद

**सोनीपत (दैनिक समाचार निर्देश डॉ मल्होत्रा की रिपोर्ट):-** देवडू गांव में आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन तुरंत सहायता के लिए दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने पीड़ित परिवार को हिम्मत बंधाई और फौरन उनको कपड़ों व भोजन की मदद प्रदान की। इस पर भावुक हुए पीड़ित परिवार ने उनका छलकती आंखों से खुशी-खुशी धन्यवाद किया। बीती देर सांयकाल देवडू निवासी रामपाल के मकान में आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व मीडिया सलाहकार मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार से भेंट कर उनको हौंसला दिया। पीड़ित परिवार के



मुखिया रामफल ने बताया कि आग में उनके कपड़े और भोजन सामग्री नष्टद्द हो गई है। इससे उनके समक्ष रोजी-रोटी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। उनकी व्यथा सुनकर श्री जैन ने उन्हें सांत्वना दी। पूर्व मीडिया सलाहकार ने कहा कि इस संकट की घड़ी में वे उनके साथ हैं। हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने सक्षम लोगों का आह्वान किया कि इस प्रकार की आपात स्थिति में पीड़ित जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। समाज में एक-दूसरे के सहयोग को उपलब्ध रहना चाहिए। उन्होंने स्वयं को इसका उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत करते हुए सहायता प्रदान की। इस मौके पर आजाद सिंह सौदा, राजेश कुमार, निकू, विजयपाल, कुकू, सुरेन्द्र, महाबीर, नवीन, अमित, सुनील, अशोक, कर्मबीर, रवि, चेतराम, दयाल सिंह आदि मौजूद थे।

# पाली में वीवो कम्पनी का अधिकृत सर्विस सेंटर का हुवा भव्य शुभारंभ

**समाचार निर्देश ब्यूरो पाली ब्यूरो चीफ अमरपुरी गोस्वामी**
**शहर के बा**पू नगर इलाके में वीवो ने अधिकृत सर्विस सेंटर का पाली सर्विस सेंटर का उद्घाटन कंपनी प्रतिनिधियो द्वारा किया गया।
उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कंपनी के पदाधिकारी मनीष नेगी, हेमेंद्र सिंह शेखावत, अनिल मेमोरिया, मनोज भट्ट व वीवो डिस्ट्रीब्यूटर बृजेश बंसल थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी एस पी गौतम जैन ने शिरकत की,।
शहर के प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में कंपनी अधिकारियो ने फीता काटकर जिले के सबसे बड़े सर्विस सेंटर का शुभारंभ किया, ।
इससे पहले अतिथियों का। डिस्ट्रीब्यूटर



बृजेश बंसल व कंपनी अधिकारी यशवंत सिंह, परमवीर सिंह, हरबंत सिंह ने पुष्पहार, साफा एवं उपहार देकर किया गया। , इस मौके पर शहर के सभी मोबाइल रिटेलर व आस पास बड़ी संख्या में शहरवासी भी उपस्थित थे, जिसमे मनीष नेगी ने बताया की इस सेवा केंद्र द्वारा, हम व्यापक पेशेवर बिक्री के बाद गारंटी सेवाएं लाए हैं। यह केवल मरम्मत सेवाएं नहीं है, बल्कि एक संपूर्ण ग्राहक अनुभव है जो हम प्रदान करना चाहते हैं। केवल अधिकृत वीवो सेवा केंद्रों पर उपलब्ध विशेष सेवाओं में हैंडसेट के मुफ्त सॉफ्टवेयर अपडेट, हैंडसेट और एक्सेसरीज की मुफ्त सफाई जैसे कई ऑफर शामिल हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए, हम मरम्मत के लिए मुफ्त पिक एंड ड्रॉप सेवा प्रदान करते हैं। इन ऑफर्स के साथ, हम हर महीने दो दिन मनाए जाने वाले सर्विसेज दिन के दौरान एसेसरीज खरीद पर फ्लैट 10% की छूट और अधिक प्रदान करते हैं।

## गोस्वामी क्रिकेट प्रतियोगिता एवं सद्भावना रैली का पोस्टर विमोचन

**समाचार निर्देश ब्यूरो फालना ब्यूरो चीफ अमरपुरी गोस्वामी, आज** खुडाला-फालना स्थित भगवान दत्तात्रेय मन्दिर, गोस्वामी समाज हॉस्टल के प्रांगण में आगामी दशनाम गोस्वामी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 एवं गोस्वामी सद्भावना बाइक रैली के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी ललित पुरी श्री सेला ने बताया कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता 23 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें राजस्थान की कुल 12 टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच 27 फरवरी को खेले जायेंगे। रैली के खुडाला-फालना प्रभारी नरसिंह पुरी खुडाला ने रैली में संख्या बल जुटाने की योजना के बारे में बताया। बाली के प्रभारी ओमकार भारती ने बाली में रैली से सम्बंधित व्यवस्थाओं का विवरण प्रस्तुत किया। नगरपालिका खुडाला के मनोनीत पार्षद दलपत गिरी ने समाज बन्धुओं से रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का निवेदन किया। इस मौके पर क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक कमेटी के सदस्य प्रवीण पुरी श्री सेला, प्रेम पुरी सरथुर।

# महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर किया भाव पूर्ण नमने

**महर्षि दयानंद** सरस्वती की जयंती पर किया भाव पूर्ण नमने
सोनीपत में विकास नगर में स्थित हरियाणा वैदिक हाई स्कूल में सर्व जागरूक संगठन व बेटी एक लक्ष्य फाउंडेशन की प्रदेश उपाध्यक्षा डा०नीलम सांगवान व सदस्यों ने महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कोटि-2 भाव पूर्ण नमन कियोप्राचाया? डा०नीलम ने स्वामी दयानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनका जन्म 12 फरवरी1824 को टंकारा में मोरवी के पास काठियावाड़ क्षेत्र, गुजरात



में हुआ थोउनके पिता करशन लाल एक कर -क्लेकटर होने के साथ ब्राह्मण परिवार के एक अमीर, समृद्ध और प्रभाव शाली व्यक्ति थे तथा मां का नाम यशोदा बाई थोवे प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक, महान समाज सुधारक, ओजस्वी संत और आर्य समाज के संस्थापक थे उन्होंने अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्र हित के उत्थान, अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने में समर्पित किया एवं संस्कृति के विकास के लिए अथक प्रयास कियोसभी ने अपने 2 विचार प्रस्तुत किए और बच्चों को ऐसे महान लोगो के जीवन से प्रेरित होकर भविष्य में आगे बढ़ना चाहिएेइस दौरान सभी ने ऊं का उच्चारण 3 बार योग मुद्रा में कियोआदर्श, बलजीत सिंह, सुदेश कुमारी, गीतांजली, प्रीति शर्मा, रेहान सिंह , अनीता आदि उपस्थित रहे

## श्रीआईजी युवा समिति बाली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**समाचार निर्देश ब्यूरो बाली ब्यूरो चीफ अमरपुरी गोस्वामी, बाली सिरवी स**माज के श्री आईजी युवा समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक गहलोत को सीरवी बिल्डर्स ग्रुप एंड डेवलपमेंट कमोठो एसोसिएशन की ओर से उनका स्वागत व सम्मान किया गया इस मौके पर अध्यक्ष अशोक गहलोत ने समाज के विकास हेतु समाज के भामाशाह को सहयोग करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने समाज के शिक्षा के क्षेत्र में व समाज सुधार के क्षेत्र में हर संभव



सहयोग करने की अपील की इस अवसर पर नगराज गहलोत,रामलाल सैणसा उन्दरथल, हुकमाराम देवडा,प्रभु सेठ गोवारी ,सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राणा पूंजा की मूर्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन के लिए केलवाड़ा में उमड़ा जनसैलाब

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपाल सिंह सवाली/अशोक कड़ेला, देसूरी:राजसमंद जिले के** कुंभलगढ़ उपखंड क्षेत्र के केलवाड़ा ग्राम पंचायत के शीतला माता पार्क में लगी महाराणा प्रताप की मूर्ति के समीप राणा पूंजा की मूर्ति को अज्ञात लोगों ने शुक्रवार को तोड़ दिया । जिसके विरोध में मेवाड़ क्षेत्र की जनता में आक्रोश व्याप्त देखने को नजर आया। जनता की मुख्य मांग राणा पुंजा की मूर्ति पुनः लगाई जाए एवं आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। इस दौरान फिर सामाजिक संगठनों के नेतृत्व कताओं ने प्रशासन से बातचीत के दौरान समाज की जाजम पर बैठकर अपनी मांगे पुरजोर के साथ रखी । प्रशासन ने जवाबी कार्रवाई में अपनी ओर से 7 दिन आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही तथा विधायक ने सुरेन्द्र सिंह ने 3 दिन में मूर्ति पुनः महाराणा प्रताप के समकक्ष लगाने एवं महाराणा प्रताप की खंडित मूर्ति पुनः स्थापित करने की बात कही। इस मौके पर डॉ राम मीणा (ररव राष्ट्रीय संयोजक), कांतिलाल डूंगरपुर, हीरालाल भील, फूलचंद खराड़ी, हजारी लाल भील, गोविंद भील, किशनलाल मेघवाल, रतनलाल मेघवाल, मोहनलाल भील, एडवोकेट गोरधन मेघवाल, खेमाराम भील,पेमाराम मेघवाल ग्वार, एडवोकेट प्रेम मेघवाल, मुकेश कुमार गुड़ा अजबा,सोहनलाल मेवी, रामलाल नयागांव,अशोक कड़ेला,तथा



अन्य जिलों से आदिवासी एवं बहुजन समाज के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएलएसए ने शक्ति वाहिनी के साथ मिलकर किया बाल यौन शोषण की पीडिता के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना कार्यक्रम का उद्घाटन

**सोनीपत (दैनिक समाचार निर्देश डॉ मल्होत्रा की रिपोर्ट):- जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण( डीएलएसए) ने जिला बाल संरक्षण इकाई, शक्ति वाहिनी, कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन, न्यू ऐज वेलफेयर सोसाइटी के साथ मिलकर बाल यौन शोषण की पीडिता के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना (एल्ल२४१ल्लॅ अ्री२२ ३ङ्क ख४२३्री ङ्क१ ५्र३ ङ्का ३ँर्ह्ण २ी७४र्ह्न ए७स्रह्णङ्क३१३ङ्कल्ल) कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कीद्ध उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बाल न्याय अधिकार को सरंक्षण देने वाली सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं उपस्थित अधिकारिओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अधिकतर रिहाई हो रही हैं। जबकि पुलिस, जिला बाल सरंक्षण इकाई व अन्य सभी बहुत ही ईमानदारी के साथ केस पर काम करते हैं। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने कहा कि इन केसों में रिहाई का क्या कारण है। क्या बच्चे के ऊपर कोई दवाब रहता है क्यूँ दोषी को सजा नहीं मिल पाती इन सभी तथ्यों को खोजने के लिए शक्ति वाहिनी दिल्ली और न्यू ऐज वेलफेयर सोसाइटी, सोनीपत के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम को चलाया जायेगा। जिसमें बाल कल्याण समिति, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, जिला बाल सरंक्षण इकाई व अन्य सभी मिलकर सहयोग करेंगे। जिससे पीड़ित बच्चों को मिलने वाले न्याय को लेकर राह आसान हो सके। कार्यक्रम के दौरान न्यू ऐज वेलफेयर सोसाइटी के प्रेजिडेंट वचाइल्ड वेलफेयर समिति के पूर्व चेयरमैन डॉ० राज सिंह सांगवान ने बताया कि भारतवर्ष में पोक्सो केस का कन्विक्शन रेट मात्र 21 प्रतिशत रहता है जिसकी वजह से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व शक्ति वाहिनी के तत्वाधान में न्यू ऐज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिले में इस कार्येम को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बाल सरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण समिति व पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को न्याय दिलाने के लिए इस कार्यक्रम का आगाज हुआ है । उन्होंने बताया कि किसी भी बच्चे को किसी भी तरह कि किसी भी तरह कि समस्या है तो वो अपने साझे दोस्त चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर फोन कर अपने मन कि बात बता सकता है जो कि गोपनीय रखी जाती है और उस पर त्वरित कार्यवाही कि जाती है। शक्ति वाहिनी दिल्ली के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निशिकांत ने विशिष्टद्द अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने बाल योद्धाओं को आश्वस्त किया की किसी भी इन्वेस्टीगेशन अफसर, सोशल वर्कर, केस वर्कर या अन्य किसी स्टेकहोल्डर को कोई मदद जैसे बच्चे की काउंसलिंग एक्सपर्ट कौन्सेल्लोर से करवानी, बच्चे को प्राइवेट वकील की सुविधा देनी, बच्चे की चिकित्सीय सहायता व अन्य किसी भी प्रकार की जरुरत है तो उसको तुरंत प्रभाव से पूरा करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सुरभि सुप्रवाह व बचपन बचाओ आंदोलन के राज्य संयोजक गजेंद्र नौटियाल ने कार्यक्रम में शिरकत कर अपने अनुभव साझा किए। सुरभि सुप्रवाह ने पोक्सो एक्ट के नए संशोधनों सम्बंधित जानकारी उपस्थितजनों को उपलब्ध कराई। जिला समन्वयक अधिकारी चाइल्ड लाइन सोनीपत सुनीता देवी द्वारा चाइल्ड लाइन के क्रियान्वन में आ रही समस्याओं को साझा किया, जिसका जिला बाल सरंक्षण अधिकारी डॉ रितु गिल व चेयरमैन सीडब्ल्यूसी अनीता शर्मा द्वारा समस्याओं का निराकरण किया गया। इस मौके पर लॉ अफसर रितु सरोहा व उनकी टीम सहित चाइल्ड लाइन टीम, डीसीपीयू टीम, सीडब्ल्यूसी टीम तथा डीएलएसए की टीम उपस्थित रहीं।

### राजस्थान में रेबारी समाज 40 लाख से ज्यादा मतदाता

**समाचार निर्देश ब्यूरो पाली,सरदार कर्मपालसिंह सवाली, राजस्थान** मे लगभग 23 विधानसभा सीटों पर देवासी रैबारी बाहुल्य मतदाता है जो निर्णायक की भूमिका निभाते हैं हाल ही में हुई राजनीतिक नियुक्तियों में समाज को नजरअंदाज किया गया है जो कि गलत है *बाली विधानसभा क्षेत्र से एक मात्र कांग्रेस पार्टी के युवा नेता देवासी समाज के विनोद राईका लुणावा जो कि पायलट समर्थक हैं पंचायत राज चुनाव में भी उनका जिला परिषद का टिकट पायलट समर्थक होने के कारण काट दिया था* और अब राजनीतिक नियुक्तियों मे रतन देवासी,विनोद लुणावा ,प्रेमाराम नेतरा ,सतपाल देवासी सुखदेव देवासी में से किसी को भी तव्वजो नही देने से देवासी समाज नाराज हैं और रोष है। धन्यवाद - देवासी रैबारी समाज को ना तो संगठन में जगह दी है और नाही सरकार में जिससे भारी रोष है
मतदाता संख्या सम्पूर्ण राजस्थान में लगभग 40 लाख के करीब राजस्थान में रबारी( राईका) समाज बाहुल्य वाली विधानसभा की सीटें बेठक।

### गांव शोलाका में पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण बूंद बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

**समाचार निर्देश ब्यूरो होडल, (मधुसूदन): आजकल प**ड रही कडाके की ठंड के मौसम में गांव शोलाका के ग्रामीण पिछले पांच महीनों से एक एक बूंद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव में यह समस्या रेलवे स्टेशन से गांव जाने वाली पेयजल पाईप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण बनी हुई है। पाईप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जगह जगह गड्ढे बन चुके हैं, जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या को कई बार सम्बंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन इस समस्या पर किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने अब लीकेज पाईप लाईन और गढढों की वीडियोग्राफी कराकर उसे वायरल करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे स्टेशन से गांव तक जाने वाली पेयजल लाइन पिछले कई महीनों से टूटी पड़ी हुई है, जिसमें कई जगह पूरा दिन पानी रिसता रहता है। पानी लीकेज होने के कारण जहां गांव तक पेयजल की समस्या बनी हुई हैं वहीं पानी लीकेज के कारण जगह जगह गढढे बन चुके हैं, जिसके कारण आए दिन दुघर्टनाएं होती रहती हैं। पानी के कारण रास्तों में कई जगह गढढे और दलदल बन चुकी है। पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण उनसे निकला हुआ पानी वापस पाईपों के रास्ते घरों तक पहुंचता है। जिसके कारण उक्त पानी गंदा और बदबूदार होता है।

# नए यूपी के निर्माण का दस्तखत होगा लखनऊ की पूर्वी विधानसभा: मनोज तिवारी

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**लखनऊ,**

**लखनऊ पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी और लविवि** के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनोज तिवारी को आज प्रचार के पांचवे दिन व्यापक जनसम्पर्क और डोर टू डोर प्रचार में मिला रहा है अपार प्यार और व्यापक जनसमर्थन। क्षेत्र की जनता स्वतः स्फूर्त तरीके से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज तिवारी के पक्ष वोट मांगने की अपील कर रहे है। आज सुबह से मनोज तिवारी अपने समर्थों से साथ सबसे पहले इंदिरानगर स्थित स्मृति विहार पार्क पहुंचे और लोगो से आशीर्वाद और अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। पार्क में सुबह बुजुर्गो सहित युवा और युवतियों से उन्होंने संवाद किया और प्रियंका गाँधी की शक्ति विधान महिला घोषणापत्र आदि पर विस्तृत चर्चा की। मनोज तिवारी ने लोगो से पूर्वी विधान सभा के विकास के ब्लू प्रिंट पर भी चर्चा की जो उनकी टीम ने ड्राफ्ट किया है। इसके बाद उनका काफिला विकास नगर गाजीपुर बस्तौली गॉव लेखराज पन्ना होते हुए सेक्टर आठ सात दो तीन चार पाँच शिवपुरी में प्रचार करता रहा और अपने लिए आशीर्वाद और वोट देने की अपील की। यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक चला। शाम साढ़े चार बजे से अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के लीगल सेल और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शम्सरविश और मेहररविश-केंद्रीय पर्यवेक्षक लखनऊ पूर्वी विधानसभा की मौजूदगी में पूर्वी विधानसभा के वार्ड अध्यक्षों सहित लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने छात्र नेताओं अधिवक्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ व्यापक बैठक की गयी, आगे की आक्रामक रणनीति का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया। केंद्रीय कार्यालय में चली इस बैठक में केंद्रीय पर्वेक्षक के अलावा लविवि के पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव सरोज तिवारी जे पी सिंह सौरभ मिश्रा शिआ काले के असीम रिजवी रिंकू संजय सिंह सहित दर्जनों छात्रनेताओं के साथ बूथ वार प्रचार और वोटिंग के दिन की रणनीति पर गहन चर्चा कर १० १० लोगो की टीम का गठन किया गया। इस मौके पर लखनऊ के पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने कहा कि नए यूपी के निर्माण का दस्तखत होगा लखनऊ की पूर्वी विधानसभा। विकास का जो ब्लू प्रिंट हमने तैयार किया है वो क्षेत्रीय जनता को बेहद प्रभावित कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान क्षेत्रीय विधायक की 5 साल गैर मौजूदगी, नाकामी खुद मेर हक में काम कर रही है। जनता से मिल रहा व्यापक समर्थन भाजपा के प्रत्याशी की हार में अंतिम कील का काम करेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### कार श्रृंगार की दुकान में लगी आग,लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**समाचार निर्देश ब्यूरो होडल, (मधुसूदन): राष्ट्रीय राज**मार्ग स्थित रेलवे चौक के निकट बनी मार्केट की एक दुकान में बीती रात अचानक आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया और दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आग लगने का कारण बिजली शार्ट सर्किट बताया गया है। आग इतनी जबरदस्त थी कि दमकल एवं कॉलोनी के लोगों द्वारा घंटों तक मशक्कत करने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। पीडित दुकानदार प्रदीप ने मामले की शिकायत थाना पुलिस को दी है। प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रेलवे रोड स्थित चौक के निकट दुकान में कार श्रृंगार एवं रिपेयरिंग का कार्य करता है। बीती देर सांय वह अपनी दुकान को ठीक प्रकार से ताला लगा कर गया था, लेकिन रात्री में लगभग दस बजे उन्हें सूचना मिली कि उसकी दुकान से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह तुरंत दुकान पर पहुंचे तो दुकान में आग लगती मिली। दुकान से आग की लपटें निकलती देख उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। रात के समय शोर को सुनकर कॉलोनी के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास किया, लेकिन आग बढती ही चली गई। बाद में लोगों ने मामले की सूचना दमकल विभाग एवं पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। दुकान में आग लगने के कारण दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दुकान में रखा लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने प्रदीप की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जया एकादशी पर शेषसाई मंदिर में उमडी श्रद्धालुओं की भीड

**होडल, समाचार निर्देश ब्यूरो (मधुसूदन): जया एकादशी के उपलक्ष्य में गांव शेषसाई स्**थित भगवान लक्ष्मीनारायण के प्राचीन मंदिर में विष्णु भगवान के दर्शनों के लिए शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। एकादशी के उपलक्ष्य में लगाए गए मेले को लेकर मंदिर प्रांगण को फूल मालाओं से भव्य तरीके से सजाया गया। मन्दिर में आसपास के दर्जनों गावों के अलावा अन्य राज्यों के हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शनों के लिए पहुंचे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर स्थल के आसपास बाजार भी सजाए गए। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बसंत पंचमी के बाद और होली के त्यौहार से पहले पडने वाली इस एकादशी के अवसर पर श्रद्धालु भगवान लक्ष्मीनारायण के दर्शनों के लिए मंदिर में पहुंचते हैं। मन्दिर प्रांगण में प्रातः के समय होने वाली मंगला आरती में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालुओं का प्रातः चार बजे से ही तांता लगना शुरू हो जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए यहां बाजार भी सजाया जाता है, जिसमें सैंकडों दुकानदार विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौने,प्रसाद व अन्य सामान की बिक्री करते हैं। मंदिर प्रांगण के सामने बने क्षीर सागर में श्रद्धालु हाथ, मुंह आदि धोकर व स्नान कर-के भगवान के दर्शन कर पूर्जा अर्चना करते हैं और मंदिर की परिक्रमा करते हैं। कुछ श्रद्धालु दो दिन पहले ही पहुंचकर गांव की परिक्रमा करते हैं तो कुछ श्रद्धालु यहां मंदिर परिसर में डंडोती परिक्रमा करते हैं। क्या है मंदिर की विशेषताः- प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मंदिर लगभग साढ़े आठ सौ साल पुराना है। वर्षो पहले गांव खिरबी के राघौ व रामदास नामक दो भाई भगवान जगननाथ के भक्त थे। दोनों भाईयों ने भगवान जगननाथ के दर्शनों के लिए डंडौती परिक्रमा उठाई। कई दिनों तक उन्होंने भगवान की डंडौती दी तो भगवान उनकी भक्ताई से काफी प्रसन्न हुए। बताया जाता है जिस पर भगवान ने कहा कि तुम्हारे गांव के आसपास क्षीरसागर के निकट तुम्हें कदम का एकपेड़ मिलेगा और जिस पेड़ के नीचे गऊ अपने थनों से दूध डालती दिखाई दे, उसी के नीचे मेरे स्वरूप की प्रतिमा निकलेगी। भगवान जगननाथ की आज्ञा के अनुसार दोनों भाई लौट आए और कदम के पेड़ की तलाश शुरू की। जैसे भगवान जगननाथ ने दोनों भाईयों से सपने में कहा वैसे ही एक कदम के पेड़ के नीचे गाय ने अपने थनों से दूध डाला और दोनों भाईयों ने उसी जगह को खुदाई शुरू कर दी। जिसमें भगवान लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा निकली। दोनों भाई रोजाना सामने स्थित क्षीर सागर के जल से भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा का जलभिषेक कर पूजा अर्चना करते। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष जया एकादशी के दिन भगवान यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं, जिसके चलते यहां मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में दिल्ली,हरियाणा,पंजाब, उत्तराखंड,हिमाचल, राजस्थान,यूपी,मध्यप्रदेश सहित अन्य कई राज्यों के श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। अबकि बार आयोजित मेले में सैंकडों की संख्या में खेल खिलौनों की दुकानें लगाई गईं और दर्जनों प्रकार के झूले लगाए गए, जिन पर पूरा दिन बच्चों और महिला पुरुषों की भीड एकत्रित रही।


आगरा व इटावा की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना,नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर पर प्रकाशित करवाने के लिए

समाचार निर्देश परिवार से जुड़िए

दिलीप कुमार यादव

उप सम्पादक उत्तर प्रदेश

8449073224

समाचार निर्देश क्लासीफाइड

कार्यालयः भरथना /इटावा उत्तर प्रदेश


## खाना न बनाने को लेकर गुस्साए पति ने ईंट से कूचकर की पत्नी की हत्या

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**मनीष यादव**

**रायबरेली। खीरों,रायब**रेली खीरों थाना क्षेत्र के गुलाब राय का खेड़ा मजरे शंकतपुर गांव में एक पति ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में पति ने ईंट से कई वार कर पत्नी की हत्या कर दी। वही अरुण यादव ने बताया कि पत्नी कई दिनों से समय से खाना नहीं बना रही थी। जब भी वह मजदूरी करके वापस घर आता पत्नी खुद बनाकर खा लेती थी। गुरुवार की देर रात पत्नी के खाना न बनाने पर उसने स्वयं खाना बनाना शुरू किया तो पत्नी झगड़ने लगी और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात ही बात में गुस्साए पति ने पास में ही पड़े एक ईंट से पत्नी तेज कुमारी के सिर पर कई वार कर दिए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गुस्सा शांत होने पर आरोपी ने एंबुलेंस बुलाकर घायल पत्नी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद तेज कुमारी को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## अशोक दल बहादुर कोरी के धुआंधार जनसम्पर्क से विरोधियों में मचा हड़कम्प

**समाचार निर्देश ब्यूरो/ मनीष**

रायबरेली। सलोन, रायबरेली। सलोन ( सु ) सीट से भाजपा प्रत्याशी अशोक दल बहादुर कोरी ने दर्जनों गांवों में जनसंपर्क करते हुये लोगो से आशीर्वाद स्वरूप वोट देकर जिताने की अपील किया। भाजपा प्रत्याशी अशोक दल बहादुर कोरी को मिल रहे जनता के अपार समर्थन को देखकर सलोन विधानसभा में विरोधियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। आपकों बताते चले कि पूरे वीरगंज बाजार, नारायनपुर, पूरे कुर्मिन, पूरे बादल, विरनावा, दयालपुर, पूरे ब्रह्मचारी,उदयपुर, रायपुर, बहुतई उत्तरी गोसाई का पुरवा, पूरे चंदेल होते हुए दर्जनों गांव में भाजपा प्रत्याशी अशोक दल बहादुर कोरी ने जनसम्पर्क करते हुये अपने लिये समर्थन मांगा और कहा कि विधानसभा क्षेत्र से हमकों जीतकर एक बार फिर से योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाइये जिससे हमारी और आपकी बहन बेटियां समाज मे सुरक्षित रह सके। वही दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी अशोक कोरी के भाई रामेद्र कुमार ऊर्फ (बंटी) ने सलोन के मंडल छतोह क्षेत्र महानन्दपुर, कवही निनाये, कलंदर का पुरवा, मंकदी का पुरवा में जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय देव तुल्य जनता से पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए अपील की।



## भाजपा के छुटभैया नेता गोपाल गौड़ को आपा खोना पड़ा मंहगा

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**राजा पारचा**

**नोएडा ।प्रदेश** में चुनाव के पहले चरण में गौतमबुद्ध नगर की तीन सीटों पर मतदान हुआ ।सुबह सात से शाम छह बजे तक हुए मतदान में सुबह गति धीमी रही लेकिन दोपहर के दो घंटे इसने रफ्तार पकड़ी। मतदान को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगाह थी और मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने कुछ इंतजाम पहले से कर रखे थे ।शाम छः बजे तक मतदान प्रतिशत की बात करें तो नोएडा का 50.10, दादरी में 59.78 और जेवर में कुल 66.60 फीसद तक प्रतिशत मतदान हुआ है ।शहर के कई मतदान केंद्रों में भारी अव्यवस्था दिखी। पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों के अंदर तक प्रवेश करते दिखाई दिए ।दिव्यांग के लिए कोई खास व्यवस्था ना होने के कारण दिव्यांग वोटर को काफी परेशानी हुई ।वही कई जगहों पर भी व्हील चेयर भी दिखाई नहीं दी ।वही मतदान में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल बनते देख कुछ भाजपा नेताओं ने अपना आपा तक खो कर शांतिपूर्ण चले रहे विधानसभा चुनाव में विध्न उत्पन्न करने की कौशिश की ।अब इसको सत्ता का नशा कहे या कुछ और ।लेकिन चुनाव आयोग की टीम की तत्परता के कारण ऐसे मामलों पर लगाम लगायी जा सकी। पहला मामला नोएडा के सैक्टर-15 स्थित नयाबांस गांव का है जहा सत्ता के नशे में चूर भाजपा नेत्री ने मतदान कैंद्र में घुसने का प्रयास किया गया ।लेकिन वहा मौजूद पुलिसकमीयों ने उन्हें जाने नही दिया ।मामला इतना गरमा गया था कि वहा मौजूद एक महिला पुलिसकर्मी ने भाजपा नेत्री को विवादित इंसान तक कह डाला ।जैसे तैसे भाजपा कार्यकताओं ने मामले को शांत कराया ।वही दूसरी मामला नोएडा के सैक्टर-22 स्थित चौड़ा गांव का है जहा एक व्यक्ति द्वारा विकास कार्यों को लेकर हो रही चर्चा में समाजवादी पार्टी की तारीफ और भाजपा को आड़े हाथ लिया ।जिससे तिलमिलाये भाजपा के छुटभैया नेता गोपाल गौड़ ने अपना गुस्सा मीड़िया पर निकाल कर उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग किया। लेकिन छुटभैया नेता यह ज्ञात नही था कि वहा मौजूद पत्रकारों को यह बात नागवार लगेगी ।मौके पर मौजूद पत्रकारों ने छुटभैया नेता को खुब खरी खोटी सुनाई ।मामला को बढ़ता देखकर पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया ।ये मामले उस अनुशासित पार्टी के कार्यकताओं के हैं, जो कि शालीनता और अनुशासन के मायने में अपने से ऊपर किसी को नहीं मानती है।



## प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कुल 38 कार्मिक 13 फरवरी को ले प्रशिक्षण अन्यथा होगी वैधानिक कार्यवाही: डीडीओ

**समाचार निर्देश ब्यूरो**

**रायबरेली। विधानसभा** सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र निष्पक्ष, निर्भीक सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन कार्य में लगाये गये पीठासीन/मतदान अधिकारियों का व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण विगत 11 फरवरी का फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली में दो पालियों में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान 10 पीठासीन अधिकारी व 4 प्रथम, 12 द्वितीय तथा 12 तृतीय मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिसके लिए जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) एस0एन0 चौरसिया ने संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देश है कि आपके विभागों के मतदान कार्मिक बिना किसी सूचना के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे, जिसके कारण निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। उपरोक्त कार्मिक, जो निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतते हुए निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे हैं।

## मैसर्स अनमोल इंडस्ट्रीज व मानी ताऊ इक्यूमेंट कम्पनी में श्रम अशांति कायम - गंगेश्वर दत्त शर्मा

**समाचार निर्देश ब्यूरो**
**राजा पारचा**

**ग्रेटर नोएडा, 2022, मैसर्स - अनमोल** इण्डस्ट्रीज लि० प्लांट न0- 38 ए एंड एफ उधोग विहार गेटर नोएडा के प्रबन्धन द्वारा चल रही संराधन वार्ता के दरम्यान ही दिनांक 08.02.2022 को मनमानी पूर्ण तरीके से 06 श्रमिकों की सेवाएं समाप्त कर दी, जिसके कारण शान्ति पूर्ण चल रहे संस्थान मे श्रम अशांति उत्पन्न हुई है। जो आज तक जारी है और मजदूर संस्थान परिसर में ही शान्ति पूर्ण तरीके से आंदोलनरत है ।मै० मानिताऊ इक्यूपमेंट इण्डिया प्रा०लि०, प्लांट न0- 22 उधोग विहार, ग्रेटर नोएडा के प्रबन्धको ने गैर कानूनी व मनमानी पूर्ण तरीके से यूनियन के अध्यक्ष फिरोज खान को निलंबित कर दिया। और श्रमिक पति दिन कार्य पर जा रहे हैं लेकिन प्रबंधक उन्हें कार्य पर नहीं ले रहे हैं। जिस पर आज भी कर्मचारियों ने गेट पर रोष प्रदर्शन किया ।उपरोक्त दोनों उद्योगों में चल रहे गतिरोध पर सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर, कोषाध्यक्ष राम स्वारथ ने बताया की प्रबंधकों द्वारा लगातार श्रमिकों की समस्याओं/ मांगों की उपेक्षा की जा रही थी लेकिन स्थानीय श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं का समाधान कराने मे गंभीरता नहीं दिखाई जिसके चलते ही उक्त उद्योगों के प्रबंधको का मनोबल बढ़ा है और उक्त के चलते ही उद्योगों में श्रम अशांति उत्पन्न हुई है।




"आवश्यकता है"

महिला एवं पुरुष दोनों के लिए टीचिंग स्टाफ एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के पदों पर हिंदुस्तान डिफेंस अकैडमी भरथना इटावा उत्तर प्रदेश में सैलरी योग्यता अनुसार अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें 84490 73224

पदों का विवरण निम्न प्रकार है

#टीचिंग स्टाफ के लिए
जीएस टीचर
इंग्लिश टीचर
साइंस टीचर
रिसेप्शनिस्ट
मास कम्युनिकेशन ट्रेनर
फिजीकल ट्रेनर
डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि।

#नॉन टीचिंग स्टाफ
कुकिंग स्टाफ
सफाई कर्मचारी
कार ड्राइवर
सिक्योरिटी गार्ड इत्यादि।


## सपा नोएडा से प्रत्याशी सुनील चौधरी ने स्ट्रांग रूम में पहुंच जानी सुरक्षा व्यवस्था......

**समाचार निर्देश ब्यूरो/ राजा पारचा**

**नोएडा। सपा नो**एडा से विधानसभा के प्रत्याशी सुनील चौधरी ने शनिवार को फेज 2 फूल मंडी के स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम का निरीक्षण किया। उनके साथ सपा के वरिष्ठ नेता सुमित अंबावत, सुरेंद्र प्रधान, योगेश भाटी, मुनीष प्रधान, मुमताज आलम मौजूद रहे। सुनील चौधरी ने कहा कि पहले चरण में उत्तर प्रदेश के 11 जिलों की 58 सीटों पर सपा का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नोएडा सहित 50 से अधिक सीट जीतने जा रही है। सपा सरकार बनने पर नोएडा में जनता से किए गए सभी वादों को समय रहते पूरा किया जाएगा ।इस बार के चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ रही शहरी क्षेत्र से सपा का अपार समर्थन मिला है। जिसका पार्टी धन्यवाद करती है। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा के लिए अभी कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई है। जब 10 मार्च को मतों की गणना होगी तो सपा की सुनिश्चित होगी उन्होंने कहा कि सभी नालों एवं बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करवाया जाएगा। प्रत्येक गांव व कॉलोनियों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा को ठोस कदम उठाए जाएंगे ।नोएडा में नए रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। नोएडा को फ्री होल्ड कराया जाएगा। समय बद्ध स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाएंगे। 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। हर घर शुद्ध पेयजल, बिल्डर बार्यस विवाव का समाधान कराएंगे। किसानों को 64 प्रतिशत मुआवजा और 10 प्रतिशत प्लॉट, कच्ची कॉलोनियों का विकास कार्य कराएंगे। विधायक हेल्पलाइन नंबर जारी करेंगे। समयबद्ध रजिस्ट्री कराएंगे। सपा सरकार आने पर जन सुविधा केंद्र के कार्य जैसे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि बनवाने की सुविधा आपके घर पर ही दी जाएगी। विधायक शिकायत केंद्र बनाया जाएगा। जिस पर हर शिकायत का समाधान सात दिन में कराया जाएगा। अकेले रहने वाले बुजुर्गों का डाटा क्लब की तर्ज पर विकसित एकत्र करके दूरभाष से साप्ताहिक कुशल क्षेम की जानकारी ली जाएगी। सेक्टरों व गांव के बारात घरों को क्लब की तर्ज पर विकसित कराया जाएगा। सेक्टरों व गांव में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाए जांएगे।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक एंव सम्पादक मुकेश कुमार भोगल ने जगदम्बा ऑफसेट प्रैस 374,नगंली संकावंती इन्डिस्ट्रीयल एरिया नजफगढ़ नई दिल्ली से मुदित करा अपने कार्यालय ए–21 बापरौला एक्स.नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित किया |सभी वाद विवाद के दिल्ली न्यायलय मान्य होगा| RNI NO.:-DELBIL/2011/43227